जयपुर
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
# महानगर टाइम्स
मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 89
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter
www.mahanagartimes.com
जयपुर, मंगलवार, 18 फरवरी, 2025
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित


12

**राजभाषा सम्मेलनः** हिंदी के प्रयोग पर 110 अधिकारी-कर्मचारी पुरस्कृत, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी रहे मौजूद

# डिजिटल प्लेटफार्म पर हिंदी भाषा को बनाना होगा सरलः भजनलाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति का मूल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हिंदी भाषा भारत की आत्मा में बसती है। हिंदी के विकास और उत्थान के लिए सभी की बराबर जिम्मेदारी है। ऐसे में राजभाषा के रूप में विभागों में हिंदी का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।



मुख्यमंत्री भजनलाल मंगलवार को मध्य, पश्चिम एवं उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा समय के अनुसार हिंदी भाषा को भी तकनीकी शब्दावलियों को समाहित करके राजभाषा में सरल बनाना होगा। हिंदी हमारी सांस्कृतिक एकता को बांधे हुए है, ऐसे में यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में हिंदी का महत्व और बढ़ गया है। अतः डिजिटल प्लेटफार्म पर हिंदी को अपने आप को अपडेट वर्जन में आना होगा। हिंदी के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सिर्फ राजभाषा विभाग या सरकारी ऑफिस की नहीं है, क्योंकि आमजन इससे सीधा जुड़ा है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि हमारा लोकतंत्र तभी सफल है जब हम कतार में हर व्यक्ति और अंत वाले व्यक्ति तक उसकी भाषा में सरल तरीके से संवाद कर सकें। राय ने कहा कि हिंदी के प्रसार के लिए सरकार प्रयास कर रही है। इसके लिए हर साल राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, भारतीय भाषा अनुभाग का गठन किया गया है। इसके साथ ही डिजिटल शब्दकोष हिंदी शब्द सिंधु भी बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तभी संभव है, जब सरल हिंदी भाषा में उन्हें समझाया जाए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था। दोनों अतिथियों ने इसका फीता काटकर उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक आयोजन भी रखा गया। कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्या ने भी हिंदी भाषा के उन्नयन की आवश्यकता जताई।

### हिंदी विद्वानों ने रखे विचार

**कार्यक्रम** में तीन सत्र रखे गए। इनमें दूसरे सत्र में हिंदी के उत्थान, प्रचार-प्रसार में लगे साहित्यकारों और विद्वानों ने अपने विचार रखे। सत्र में साहित्यकार डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम अंग्रेजों की अन्य गुलामी से तो मुक्ति दिलाई है, लेकिन हिंदी में भी यह गुलामी आज कायम है। शेखर ने कहा कि अ ब स द का ही विकल्प ए बी सी डी से आया है, जबकि यह क ख ग घ या अ आ इ ई भी हो सकता था। इसी प्रकार आंध्र प्रदेश में हिंदी के लिए कार्य कर रही विदूषी प्रो. सेषारत्नम ने बताया कि हिंदी का दक्षिण में खूब प्रसार हो रहा है। उन्होंने बताया कि हिंदी को आंध्र के ही हनवंत राय ने राजभाषा बनाया था, ना कि उत्तर भारतीय ने। इसी प्रकार तमिल क्षेत्र से आने वाली प्रो. लक्ष्मी अय्यर ने हिंदी के आधुनिक प्रयोगों को आत्मसात करने के लिए इसके तकनीकी और प्रायोगिक प्रयोगों को सरल तरीके से बताया और कहा कि विज्ञापन और सोशल मीडिया हिंदी के प्रसार के लिए सबसे उपयुक्त हैं।

### राजभाषा हिंदी के प्रयोग के लिए पुरस्कार किए प्रदान

**कार्यक्रम** में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार, उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों तथा सरकारी उपक्रमों और बैंकों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि भजनलाल शर्मा और विशिष्ट अतिथि नित्यानंद राय ने 110 अधिकारियों-कर्मचारियों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के साथ बैंकों के कर्मचारी भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानेश कुमार बने नए मुख्य चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली (मसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई बैठक



में अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर ज्ञानेश कुमार के नाम पर मुहर लगी है। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा। मौजूदा सीईसी राजीव कुमार के मंगलवार को रिटायरमेंट के बाद वे पदभार ग्रहण करेंगे। वहीं विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे। पीएम मोदी की अध्यक्षता हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। इसी पैनल की सिफारिश पर नए सीईसी की नियुक्ति हुई।

### पूर्व विधायक गंगाजल मील का निधन

**श्रीगंगानगर (मसं)।** पूर्व विधायक गंगाजल मील (84) का



सोमवार सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनका परिवार राजनीति और समाजसेवा में सक्रिय है। 2008 में वे कांग्रेस के टिकट पर सूरतगढ़ से विधायक बने और अप्रेल 2024 में भाजपा में शामिल हो गए। वे राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील के बड़े भाई थे। उनके निधन पर सचिन पायलट सहित कई नेताओं ने दुख जताया है।

सर्वदलीय बैठक में सदन चलाने पर बनी सहमति

# फोन टैपिंग पर जवाब देने के आश्वासन पर मानेगा विपक्ष

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के फोन टैपिंग को लेकर विधानसभा में चल रहा गतिरोध अब खत्म होने की संभावना बन गई है। माना जा रहा है कि 20 फरवरी को फोन टैपिंग पर सरकार का जवाब आ सकता है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई सर्वदलीय बैठक में गतिरोध समाप्त करने पर सहमति बन गई है। अब 19 फरवरी को सरकार की ओर से पेश किए जा रहे बजट में विपक्ष किसी तरह का हंगामा नहीं करेगा, बल्कि शांति से बजट सुनेगा। हालांकि विपक्ष का कहना है कि हम सरकार को जवाबदेही से भागने नहीं देंगे। सरकार को फोन टैपिंग पर जवाब देना ही होगा तब ही सदन चलेगा।



दरअसल विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बजट से पहले गतिरोध समाप्त करने के लिए सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई थी। बैठक में देवनानी ने सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष सहित सभी दलों के प्रमुख नेताओं की बातों को सुना। गत दिनों सदन में जो परिस्थितियां और वातावरण बना उस पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने दुख और पीड़ा जताई। देवनानी ने कहा कि भविष्य में इस पवित्र सदन में ऐसी कोई स्थिति पैदा ना हो। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष शांतिपूर्वक और गरिमामय तरीके से सदन में मुद्दे उठाए और राज्य सरकार द्वारा उनका समुचित तरीके से जवाब देने की व्यवस्था करें। देवनानी ने कहा कि 19 फरवरी को सदन में प्रदेश का बजट प्रस्तुत होगा। इस बजट को दोनों पक्ष शांतिपूर्वक सुनें। बजट प्रदेश और प्रदेश की आठ करोड़ जनता के लिए महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्वक चलाने में सहयोग करने और बजट सत्र में आसन द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत ही सार्थक बहस में अपनी बात समय सीमा में रखने के लिए कहा। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग और विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा मौजूद थे।

### विपक्ष ने मांग उठाई तो देंगे जवाब

**सर्वदलीय** बैठक खत्म होने के बाद विधानसभा के बाहर मीडिया से मुखातिब होते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सभी पक्षों को सुना और उसके बाद यह कहा है कि अगर फोन टैपिंग के जिस मुद्दे को लेकर विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है, वह सरकार से जवाब की डिमांड करेगा तो बजट के दूसरे दिन यानी 20 फरवरी को प्रश्नकाल के बाद इस पर चर्चा होगी। जोगाराम पटेल ने कहा कि सरकार किसी भी तरह से किसी मुद्दे पर भाग नहीं रही है। विपक्ष जबरन हंगामा कर रहा था, अब किसी तरह का कोई गतिरोध नहीं है। सब गतिरोध खत्म हो गया है, सहमति बन गई है, बजट सरकार पेश करेगी तो विपक्ष शांतिपूर्ण तरीके से सुनेगा। विपक्ष के पास अपनी बात रखने का अधिकार है। उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष उस पर अपनी व्यवस्था दे देंगे, अध्यक्ष जो व्यवस्था देंगे, उसके अनुरूप सत्तापक्ष अपना जवाब देगा।

### सरकार जवाब देगी तो ही बजट सुनेंगे : जूली

**नेता** प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि बैठक में विपक्ष की ओर से हमने स्पष्ट कर दिया है कि जिस फोन टैपिंग के मुद्दे पर हम सरकार से जवाब चाहते हैं, अगर सरकार उस पर जवाब देने को तैयार है तो ही हम बजट शांतिपूर्ण तरीके से सुनेंगे। 19 फरवरी को जब सरकार अपना बजट पेश करेगी, तो पहले हम अपना विरोध दर्ज करेंगे। उसके बाद अगर विधानसभा अध्यक्ष इस पर व्यवस्था देते हैं तो हम शांतिपूर्ण तरीके से बजट सुनेंगे। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि सदन में किसी तरह का गतिरोध हो, लेकिन सरकार जवाब देने से भाग रही है। फोन टैपिंग पर कांग्रेस नहीं अपितु सरकार के कैबिनेट मंत्री ने ही आरोप लगाए हैं। उसका जवाब सरकार के राज्य स्तर के मंत्री दे रहे हैं। वहीं कांग्रेस के मुख्य सचेतक रफीक खान ने कहा कि कैबिनेट मंत्री ने आरोप लगाया वो भी सदन के बाहर। सरकार की ओर से राज्य मंत्री जवाब दे रहे हैं वह भी सदन से बाहर। सरकार को जवाब सदन में ही देना पड़ेगा। कैबिनेट मंत्री के बयान पर राज्य मंत्री की सफाई गौण है।

इसी सप्ताह भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव के भी आसार

# 88 फीसदी जिलाध्यक्षों की घोषणा, जयपुर में आज होगा चुनाव

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा के संगठन चुनावों में तेजी आई है। राज्य के 44 संगठनात्मक जिलों में से अब तक 39 जिलों में भाजपा ने जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। सोमवार को 12 जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई। इनमें झालावाड़, बारां और सवाई माधोपुर में भी नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। वहीं दौसा में अध्यक्ष के नाम पर अभी सहमति नहीं बन पाई है। जयपुर सहित पांच जिलों में चुनाव प्रक्रिया शेष है। जयपुर में मंगलवार को संगठन का चुनाव होगा, जहां 14 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

सूत्रों के मुताबिक इसी सप्ताह शेष पांच जिलों में चुनाव प्रक्रिया पूरी करने और इसके तुरंत बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव कराने की तैयारी है। हालांकि प्रदेशाध्यक्ष के तौर पर मदन राठौड़ का निर्वाचन तय है। माना जा रहा है कि अब प्रदेश इकाई प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया में जुट गई है। पूर्व सीएम विजय रूपाणी जल्द जयपुर आएंगे। चुनाव की अधिसूचना भी जल्द संभव है। जयपुर में जिलाध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को चुनाव होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी और पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल की मौजूदगी में आपसी सहमति बनाने की कोशिश की जाएगी। जयपुर जिलाध्यक्ष के लिए कुल 14 नामांकन दाखिल हुए हैं। माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व की कोशिश रहेगी कि मतदान से पहले ही आम सहमति से अध्यक्ष का चुनाव किया जाए। पुनीत कर्णावट, कृष्ण मोहन शर्मा, अजय पारीक, कुलवंत सिंह, विमल अग्रवाल, रघुनाथ नरेड़ी, संजय जैन, राजेश तांबी, अरविंद स्वामी, सोमकांत शर्मा, मनमोहन कौशिश, भवानी सिंह राजावत, अमित गोयल, दिनेश कांवट ने जिलाध्यक्ष के लिए पर्चा भरा है।

### दौसा में सत्ता और संगठन में सहमति नहीं

**दौसा** में जिलाध्यक्ष की घोषणा अब सत्ता और संगठन में सहमति नहीं बनने से अटक गई है। सोमवार को पर्यवेक्षक गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म दौसा पहुंचे थे, उन्होंने



पदाधिकारियों-विधायकों की बैठक भी ली, लेकिन एक नाम पर सहमति नहीं बनी। बैठक में विधायक राजेंद्र मीणा भी मौजूद थे। मंत्री बेढ़म ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए हैं। प्रदेश चुनाव अधिकारी को अवगत कराने के बाद जल्द ही जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार दौसा में शीर्ष नेतृत्व दोनों गुटों के बीच सुलह कराने की कोशिश कर रहा है। माना जा रहा है कि दौसा में चुनाव की प्रक्रिया थोड़ी लंबी खिंच सकती है।

### कहीं उत्साह, कहीं इंतजार

**भाजपा** के संगठन चुनावों पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की पैनी नजर है। पार्टी के अनुसार सभी जिलों में आम सहमति से अध्यक्ष बनाने की कोशिश की जा रही है, ताकि गुटबाजी से बचा जा सके। यही कारण है कि पार्टी ने प्रदेश स्तर पर जिलाध्यक्षों की घोषणा नहीं कर जिलों में घोषणा की। संगठन चुनावों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सभी की नजरें जयपुर और दौसा जैसे महत्वपूर्ण जिलों पर टिकी हैं।

#### इन जिलाध्यक्षों की घोषणा

**जयपुर देहात उत्तरः** सुरेश बादलीवाल
**बूंदीः** रामेश्वर मीणा
**करौलीः** गोवर्धन सिंह जादौन
**टोंकः** चंद्रवीर सिंह चौहान
**प्रतापगढ़ः** महावीर सिंह कृष्णावत
**भीलवाड़ाः** प्रशांत मेवाड़ा
**सवाई माधोपुरः** मानसिंह गुर्जर
**झालावाड़ः** हर्षवर्धन शर्मा
**बारांः** नरेश सिंह सिकरवार
**चित्तौड़गढ़ः** रतन गाडरी
**डूंगरपुरः** अशोक पटेल
**बीकानेर शहरः** सुमन छाजेड़

#### इन जिलों में अटका पेंच

जयपुर शहर, जोधपुर उत्तर, झुंझुनूं, दौसा, धौलपुर।

अब लैंड रिकॉर्ड डिजिटल रूप में होगा उपलब्ध, यूडीएच मंत्री प्रोजेक्ट का आज करेंगे शुभारंभ

# शहरी क्षेत्रों में संपत्तियों का संभव होगा सटीक सीमांकन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को देशव्यापी लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन का कार्य शुरू होगा। स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। इस प्रोजेक्ट के आने से शहरी क्षेत्रों में संपत्तियों का सटीक सीमांकन संभव हो सकेगा। प्रदेश में इस प्रोजेक्ट के लिए 10 शहर चयनित किए गए हैं। इनमें भिवाड़ी, किशनगढ़, ब्यावर, सवाईमाधोपुर, जैसलमेर, पुष्कर, बगरू, बहरोड़,



नवलगढ़ और नाथद्वारा शामिल हैं। प्रोजेक्ट के तहत इन क्षेत्रों की नगरपालिका की संपूर्ण भूमि क्षेत्र का ड्रोन सर्वेक्षण द्वारा डिजिटल मैपिंग कर भूमि अधिकार अभिलेख का डिजिटलीकरण होगा, जिससे भूमि संबंधी सूचनाओं को साझा करना और पारदर्शी बनाना आसान होगा। डीएलबी निदेशक इंद्रजीत सिंह के अनुसार नक्शा परियोजना से शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे शहरी क्षेत्रों में संपत्तियों का सटीक सीमांकन संभव होगा। संपत्ति के स्वामित्व की जानकारी भी रजिस्टर होगी तथा लैंड रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगे। इससे आमजन अपनी संपत्ति की जानकारी ऑनलाइन एक क्लिक में देख सकेंगे। यह पहल भूमि विवादों को कम करने, संपत्ति के अधिकारों को सुनिश्चित करने और सुव्यवस्थित नगरीय विकास को गति देने में मददगार होगी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मसानी करेंगे। साथ ही राज्यस्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा किया जाएगा।

एसीबी की जैसलमेर जिले के भणियाणा और फतेहगढ़ तहसीलदारों पर बड़ी कार्रवाई

# दो तहसीलदार 15 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एसीबी स्पेशल यूनिट द्वितीय जयपुर ने सोमवार को जैसलमेर जिले की तहसील भणियाणा में पदस्थापित तहसीलदार सुमित्रा चौधरी और फतेहगढ़ तहसीलदार शिवप्रकाश शर्मा को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।




एसीबी महानिदेशक पुलिस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी ने शिकायत की थी कि द्वारा तहसील क्षेत्र फतेहगढ़ जिला जैसलमेर में उसके द्वारा खरीदी गई जमीन की रजिस्ट्री करवाने, नामांतरण दर्ज करवाने, पैमाइश करवाने, तहसील भणियाणा में खरीदी जाने वाली जमीन की रजिस्ट्री करवाने, नामांतरण दर्ज करवाने, पैमाइश करवाने की एवज में 60 लाख रुपए की मांग कर भणियाणा तहसीलदार सुमित्रा चौधरी एवं फतेहगढ़ तहसीलदार शिवप्रसाद शर्मा और अन्य द्वारा परेशान किया जा रहा है। इस पर उपमहानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल यूनिट द्वितीय जयपुर पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कार्रवाई कर तहसीलदार सुमित्रा चौधरी एवं शिवप्रसाद को 15 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसीबी द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्त के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। जांच के आधार पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

**नवाचार** पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से हर दिन के साथ नए प्रतिमान स्थापित कर रहा स्वच्छ महाकुंभ का लक्ष्य

# महाकुंभ की स्वच्छता व्यवस्था ने ग्लोबल सैनिटेशन बेंचमार्क को छोड़ा पीछे

महानगर संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ आस्था, भक्ति, शांति, मुक्ति, पुण्य प्राप्ति के साथ स्वच्छता और समायोजन के अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करने वाला महा आयोजन सिद्ध हो रहा है। यूं तो कूड़ा-कचरा व प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ महाकुंभ की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए यह आयोजन नजीर बनकर पूरी दुनिया के समक्ष ऊंचे प्रतिमान प्रस्तुत कर रहा है, मगर अपशिष्ट जल प्रबंधन और नदी में जीरो डिस्चार्ज के लिहाज से महाकुंभ में की गई स्वच्छता व्यवस्थाएं वैश्विक बेंचमार्क को भी पीछे छोड़ रही हैं।

स्थानीय प्रशासन ने प्रतिदिन 1.5 लाख से ज्यादा टॉयलेट्स के अपशिष्ट जल को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर नदी में जीरो डिस्चार्ज सुनिश्चित किया, जिसकी पूरी दुनिया साक्षी बन रही है। महाकुंभ की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ की



प्रेरणा से स्वच्छ महाकुंभ का जो लक्ष्य रखा गया था, वह हर दिन के साथ नए प्रतिमानों को स्थापित कर रहा है। महाकुंभ में 52 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों की भारी आमद के बावजूद कूड़ा-कचरा मुक्त, प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ कुंभ के विजन को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। महाकुंभ-2025 भविष्य में बड़े पैमाने पर धार्मिक आयोजनों के लिए स्वच्छता के मॉडल में परिवर्तित हो गया है। मेला क्षेत्र में 1.5 लाख से अधिक शौचालय स्थापित किए गए, जिनमें सोक-पिट, एफआरपी और मोबाइल यूनिट शामिल हैं। क्यूआर कोड-आधारित निगरानी प्रणाली ने वास्तविक समय में रखरखाव सुनिश्चित किया, जबकि जेट स्प्रे सफाई तकनीक और पर्यावरण के अनुकूल रासायनिक समाधानों से सुविधाओं को स्वच्छ और गंध मुक्त रखने में मदद मिली।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा का जिम्मा सीआरपीएफ के पास

**महाकुंभ** में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेवा के लिए तत्परता से तैनात है। उनकी सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम का अद्वितीय उदाहरण महाकुंभ में देखने को मिल रहा है। सीआरपीएफ के जवान 24 घंटे घाटों, मेला परिसर और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच सीआरपीएफ के जवान मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर रहे हैं। किसी भी आपात स्थिति से निबटने के लिए सीआरपीएफ की आपदा प्रबंधन टीम पूरी मुस्तैदी से तैनात है। कुंभ मेले में गुमशुदा बच्चों और बुजुर्गों को उनके परिजनों से मिलाने में भी सीआरपीएफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 350 सक्शन मशीनों ने जीरो डिस्चार्ज किया सुनिश्चित

- प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले कचरे को संभालने के लिए बसवार प्लांट में प्रतिदिन 650 मीट्रिक टन (एमटी) कचरा संसाधित किया जा रहा है।
- कचरा संग्रह के लिए 120 हूपर टिपर ट्रक और 40 कॉम्पैक्टर लगाए गए हैं। तरल कचरे के प्रबंधन के लिए 94 सक्शन मशीनें लगाई गई हैं, जबकि मेला मैदान में 25,000 डस्टबिन रखे गए हैं।
- कचरे के कुशल निपटान के लिए 37 लाख कचरा लाइनर बैग का उपयोग किया गया
- नदी में जीरो डिस्चार्ज सुनिश्चित करने के लिए 350 सक्शन मशीनें और 1.5 लीटर के शौचालय और मूत्रालय स्थापित किए।
- इस आयोजन में नदी प्रदूषण को रोकने के लिए तीन अस्थाई और तीन स्थाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी किया गया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


**जंगल की सैर : लॉयन, टाइगर और लेपर्ड सफारी सहित हाथी गांव बन रहा पर्यटकों की पसंद**



# जयपुर की नई पहचान... वाइल्ड लाइफ पर्यटन

## पिछले 13 महीनों में आए करीब 8 लाख टूरिस्ट

मनीष कुमार शर्मा

**जयपुर।** जंगल और उसमें रहने वाले वन्यजीव हमेशा लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे हैं और रहेंगे, इसलिए वन्यजीवों की रक्षा करना भी बेहद जरूरी है। इसकी बानगी है कि वन्यजीवों को देखने के लिए हर साल लाखों लोग जयपुर आ रहे हैं। यहां की जंगल सफारी में पिछले 13 महीनों में करीब 8 लाख देसी-विदेशी पावणे वन्यजीवों को देखने के लिए पहुंचे।

राजधानी जयपुर अपनी ऐतिहासिक धरोहर, किले और संस्कृति के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है, लेकिन अब जयपुर की नई पहचान वाइल्ड लाइफ टूरिज्म के क्षेत्र में भी बन चुकी है। पिछले 13 महीनों में यहां आने वाले पर्यटकों ने रिकॉर्ड बनाया है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जयपुर में वाइल्ड लाइफ को करीब से देखने और जानने के लिए देश-विदेश से 7 लाख 98 हजार 581 पर्यटक घूमने के लिए पहुंचे। इनमें सर्वाधिक 3 लाख 51 हजार 761 पर्यटकों ने नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क का विजिट किया। जयपुर का झालाना लेपर्ड बॉलीवुड सेलिब्रिटीज और खेल जगत की हस्तियों के लिए भी प्रमुख आकर्षक स्थल बन चुका है। वहीं, मार्च में होने वाले आईफा-25 के आयोजन को लेकर भी प्रदेश में सेलिब्रिटीज के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इन स्थानों की लोकप्रियता में और भी ज्यादा इजाफा होने वाला है। कुल मिलाकर जयपुर का वाइल्ड लाइफ टूरिज्म तेजी से विकसित हो रहा है।



### इसलिए भी जयपुर बन रहा खास

जयपुर देश का एकमात्र शहर है, जहां दो लेपर्ड सफारी, जबकि एक-एक लॉयन, टाइगर और हाथी सफारी, बायोलॉजिकल पार्क, रेस्क्यू सेंटर और चिड़ियाघर मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार जयपुर में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म के प्रति पर्यटकों के बढ़ते रुझान को देखते हुए नाहरगढ़ में तीसरी लेपर्ड सफारी शुरू करने के लिए वन विभाग योजना बना रहा है।

### नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क

आमेर के पास दिल्ली रोड पर यह नाहरगढ़ जैविक उद्यान (नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क) बनाया गया है। इसमें वन्यजीवों को खुले में विचरण करने की दृष्टि से जंगल जैसा माहौल देने के पूरे प्रयास किए जाते हैं। करीब 720 हैक्टेयर में फैला यह उद्यान अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ है। यहां एशियाई शेर, बंगाल टाइगर, पैंथर, लकड़बग्घा, भेड़िए, हिरण, मगरमच्छ, भालू जैसे कई वन्यजीव रहते हैं। पार्क को देखने के लिए वर्ष 2024 में 317397 पर्यटक पहुंचे, इनमें सबसे ज्यादा पर्यटकों की संख्या दिसम्बर में 38825 रही। पिछले साल के 11 महीनों में यहां 20 हजार से ज्यादा पर्यटकों ने विजिट की।



### प्रदेश में पहली लॉयन सफारी

वर्ष 2018 में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में लॉयन सफारी भी शुरू की गई। इसके बाद से ही यहां पर्यटकों की खूब आवाजाही रहती है। करीब 36 हैक्टेयर में फैली लॉयन सफारी के रूप में राजस्थान में यह पहला डेस्टिनेशन कहा जा सकता है। एक ही जगह अन्य वन्यजीवों को देखना और एनिमल सफारी पर्यटकों के लिए रोमांचित करने वाला है। यहां पिछले वर्ष 2024 में 18125 पर्यटकों ने लॉयन सफारी का आनंद लिया।




### आमागढ़ और झालाना में लेपर्ड सफारी

शहर के नजदीक बनाई गई झालाना लेपर्ड सफारी पर्यटकों के लिए खास बनी हुई है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जयपुर आने वाले सेलिब्रिटिज भी यहां लेपर्ड देखने के लिए जरूर जाते हैं। अभी हाल ही फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार और एकता कपूर ने यहां विजिट की। वर्ष 2024 में यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या 41077 रही, जिसमें सर्वाधिक मार्च में 4090 और नवंबर में 4017 शामिल है। आमागढ़ सफारी में पिछले साल 12174 पर्यटक आए। उधर, यहां तैनात वन विभाग के रेंजर जितेंद्र सिंह शेखावत और शुभम शर्मा पर्यटकों को वन्यजीवों से संबंधित जानकारी देने के साथ-साथ प्रेबेस मैनेजमेंट में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं।



### उत्तर भारत का पहला हाथी गांव

जयपुर में आमेर किले के पास ही कुंडा में उत्तर भारत का पहला ऐसा गांव बसाया गया है, जहां केवल हाथी और उनकी देखरेख करने वाले परिवारों के सदस्य रहते हैं। प्रदेश की विरासत और धार्मिक परंपराओं में हाथी का विशेष महत्व रहा है, इसलिए यहां करीब 100 एकड़ में यह गांव बसाया गया है। भारत में हाथी अधिकांशतः दक्षिण में ही देखने को मिलते हैं। यही कारण है कि यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या पिछले साल 83 हजार 873 रही।



> **जयपुर** में वन्यजीवों को देखने के लिए आने वाले परिदर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। पांच एनिमल सफारी यहां होने से पर्यटक भी वन्यजीवों को देखने के लिए काफी उत्साहित रहते हैं। इस साल जनवरी में 72 हजार से ज्यादा लोग वन्यजीवों को देखने के लिए पहुंचे। वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं।
>
> *- प्राची चौधरी, एसीएफ*



### टाइगर सफारी के प्रति बढ़ने लगा रुझान

कई बार जयपुर आने वाले सैलानी रणथम्भौर और सरिस्का नहीं जा पाते थे, इसी को ध्यान में रखते हुए जयपुर में भी टाइगर सफारी शुरू की गई। पिछले वर्ष अक्टूबर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान में सफारी का उद्घाटन किया। इसकी लोकप्रियता का आलम ये है कि यहां पिछले साल नंवबर में पर्यटकों की संख्या 222, दिसम्बर में 1068 और अब नए साल जनवरी में 2202 तक पहुंच चुकी है। इस तरह तीन महीनों में यहां पर्यटकों की संख्या 3492 रही।



### एक नजर : जनवरी 2025 में कहां-कितने आए पर्यटक

| | |
|---|---|
| जयपुर चिड़ियाघर | 18932 |
| नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क | 34364 |
| झालाना लेपर्ड सफारी | 4214 |
| आमागढ़ लेपर्ड सफारी | 1885 |
| नाहरगढ़ लॉयन सफारी | 2867 |
| नाहरगढ़ टाईगर सफारी | 2202 |
| हाथी गांव | 8222 |
| **कुल** | **72686** |

> वन विभाग पर्यटकों के लिए अधिक से अधिक प्रबंधन करने की दिशा में कार्यरत है। देश के अन्य राज्यों से एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत नाहरगढ़ जैविक उद्यान में जल्द ही जम्मू-कश्मीर, लखनऊ और मैसूर चिड़ियाघर से वन्यजीव लाने के लिए प्रस्ताव भिजवाया जाएगा। झालाना में इंटरप्रिटेशन को लेकर योजना बनाई जा रही है।
>
> *- विजयपाल सिंह, डीसीएफ*

### जयपुर चिड़ियाघर की अपनी अलग है शान



**पुराने** जयपुर की विरासत के साथ-साथ ही जयपुर चिड़ियाघर अपनी उसी शान के साथ आज भी पर्यटकों को खूब पसंद आ रहा है। पिछले साले चिड़ियाघर देखने भी 2 लाख 51 हजार 959 पर्यटक पहुंचे, जिनमें सर्वाधिक संख्या जून महीने में 26 हजार 989 रही। यहां इसे दो भागों में प्रदर्शित किया गया है। एक भाग में स्तनधारी वन्यजीव और दूसरे भाग में पक्षियों व सरीसृपों को रखा गया है।

# सीएम भजनलाल शर्मा व सिक्किम के राज्यपाल माथुर ने दी श्रद्धांजलि





### उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के पिता लक्ष्मण सिंह राठौड़ की श्रद्धांजलि सभा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के पिता लक्ष्मणसिंह राठौड़ की सोमवार को उनके निवास पर श्रद्धांजलि सभा रखी गई। श्रद्धांजलि सभा में सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत कई कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ नेता पहुंचे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा कि लक्ष्मण सिंह राठौड़ एक आदर्श व्यक्तित्व थे। उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने कहा कि लक्ष्मण सिंह राठौड़ का जीवन अनुकरणीय रहा है। इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, कैबिनेट मंत्री जोगारा पटेल, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी रवि नय्यर, पूर्व प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव, लक्ष्मीकांत भारद्वाज समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

# 9 कृषि पर्यवेक्षकों और 17 पटवारियों को दी जाएगी चार्जशीट

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाः लापरवाही बरतने पर हो रही कार्यवाही

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** फसल कटाई प्रयोगों में लापरवाही बरतने वाले 9 पर्यवेक्षकों का चार्जशीट दी जाएगी।

पंत कृषि भवन में शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल द्वारा बुलाई गई बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में फसल कटाई प्रयोगों पर संबंधित बीमा कम्पनियों की ओर से लगाई गई आपत्तियों के निस्तारण के लिए बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति के सदस्यों ने अपनी बात रखी। हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों के खरीफ 2023 और रबी 2023-24 की फसल कटाई प्रयोगों की आपत्तियों के निस्तारण के लिए इन जिलों के अधिकारियों एवं बीमा कम्पनी प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर योजना प्रावधान के अनुरूप कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फसल कटाई प्रयोगों को पूर्ण ईमानदारी के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाइड लाइन के अनुसार समय पर कार्य पूर्ण करें। खरीफ 2023 के फसल कटाई प्रयोगों में लापरवाही बरतने वाले जालोर, सीकर, श्रीगंगानगर व जैसलमेर जिलों के 9 कृषि पर्यवेक्षकों को चार्जशीट देने के भी निर्देश दिए। जालोर, सीकर व जैसलमेर जिलों के 17 पटवारियों को चार्जशीट देने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर को आदेश दे दिए गए हैं।

गौरतलब है कि खरीफ 2023 का 1 हजार 557 करोड़ रुपए एवं रबी 2023-24 के 898 करोड़ रुपए के क्लेम पात्र फसल बीमा पॉलिस धारक कृषकों को वितरित किए जा चुके हैं। शेष फसल बीमा क्लेम की राशि जल्द किसानों को वितरित कर दी जाएगी। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कृषकों को अब तक लगभग 3 हजार 122 करोड़ रुपए की राशि वितरित की जा चुकी है।

# विद्यालयों के माध्यम से सजग नागरिक तैयार करने की मुहिम

### एक भी मतदाता ना छूटे अभियान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नई पीढ़ी के मतदाताओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक करने और भविष्य के सजग मतदाता के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से राजस्थान के राजकीय एवं निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) का गठन किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि स्कूल शिक्षा निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर की ओर से सभी शिक्षण संस्थानों में ईएलसी के संचालन तथा पीईईओ सहित, ब्लॉक व जिला एवं राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण के लिए एक मानक प्रक्रिया (एसओपी) भी निर्धारित की गई है। महाजन ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि एक भी मतदाता ना छूटे।

उन्होंने बताया कि ईएलसी के माध्यम से प्रत्येक वर्ष की 1 तारीख को इस बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी। उन्हें 17 वर्ष आयु होने पर ही मतदाता के रूप में अग्रिम रूप से पंजीकृत किया जा रहा है। विद्यालय में ईएलसी गतिविधियों के माध्यम से सहभागियों को नाटक, उद्बोधन, भाषण, गीत, कविता और निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मतदान शपथ इत्यादि के माध्यम से नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाता है तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनाव प्रक्रिया, आदर्श चुनाव आचार संहिता आदि विषयों पर जानकारी साझा की जाती है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षा विभाग ईएलसी की गतिविधियों को अपने शिविरा कैलेंडर में शामिल करेगा। शाला दर्पण पोर्टल एवं प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर संधारित ईएलसी से सम्बंधित सूचनाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से भी नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस से श्रेष्ठतम प्रदर्शन वाली स्कूल ईएलसी के हेड एवं संस्था प्रधान को ब्लॉक एवं जिला स्तर पर तथा समग्री श्रेष्ठतम प्रदर्शन वाले ईआरओ एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

# आरटीओ प्रथम की सख्ती : अवैध ई-रिक्शा पर कसेगी लगाम

- एक व्यक्ति एक से अधिक ई-रिक्शा का नहीं कर सकेगा संचालन
- पंजीयनकर्ता और जिला परिवहन अधिकारी के विरुद्ध भी होगी कार्यवाही

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शहर में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या से आमजन को निजात दिलाने के लिए परिवहन विभाग ने सुगम ई-रिक्शा संचालन को लेकर सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। अब एक व्यक्ति एक से अधिक ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सकेगा।

दरअसल, प्रादेशिक परिवहन एवं सड़क सुरक्षा कार्यालय जयपुर प्रथम को पिछले कई महीनों से एक ही व्यक्ति के नाम से एक से अधिक ई-रिक्शा पंजीयन की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इसके बाद आरटीओ प्रथम की ओर इस संबंध में आदेश निकाले गए हैं। आदेश में कहा गया है कि भविष्य में एक व्यक्ति के नाम एक से अधिक ई-रिक्शा पंजीकृत नहीं किए जाए। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि यदि वाहन सॉफ्टवेयर में कोई अपडेशन करवाना हो तो एन.आई.सी. के अधिकारियों से समन्वय करके कार्यवाही पूरी कर ली जाए। यदि इसके बावजूद भविष्य में निरीक्षण के दौरान कोई शिकायत मिलती है, तो संबंधित पंजीयनकर्ता और जिला परिवहन अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### नियम विरुद्ध ली गई सब्सिडी की होगी वसूली

आरटीओ प्रथम कार्यालय ने जिला परिवहन अधिकारी जगतपुरा कार्यालय को पत्र लिखकर 31 अगस्त 2022 तक एक ही व्यक्ति के नाम से एक से अधिक ई-रिक्शा के पंजीयन की जानकारी मांगी है। इसमें कहा गया है कि ऐसे वाहन स्वामियों, जिन्होंने सब्सिडी प्राप्त की है, उनकी सूची भी भिजवाएं, ताकि नियम विरुद्ध प्राप्त की गई सब्सिडी की वसूली की जा सके।

### यह होगा इस प्रक्रिया का फायदा

परिवहन अधिकारियों के अनुसार इसका सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि शहर में चल रहे अवैध ई-रिक्शा पर लगाम लग सकेगी, क्योंकि अभी शहर में कई जगह एक ही व्यक्ति के नाम से कई ई-रिक्शा चल रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले कई सालों में ई-रिक्शा की संख्या बढ़कर करीब 40 हजार से ज्यादा हो गई है, जिसके कारण खासकर परकोटा इलाके में ट्रैफिक जाम के हालात बनते हैं। शहर में अवैध रिक्शा की संख्या अनुमानित 10 से 12 हजार है।

> एक व्यक्ति के नाम एक ही ई-रिक्शा के पंजीयन को लेकर कार्ययोजना बनाई गई है। क्यूआर कोड सिस्टम को सभी ई-रिक्शा पर लागू करने की तैयारी है। एक ही व्यक्ति के नाम कई ई-रिक्शा चला रहे वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> *- राजेन्द्र सिंह शेखावत, आरटीओ-प्रथम*

# मेट्रो के लिए आरक्षित अनुपयोगी भूमि कार्मिक और बिजली विभाग को आवंटित

**जयपुर (मसं.)।** जयपुर मेट्रो के लिए लालकोठी कृषि उपज मंडी पर आवंटित भूमि अब कार्मिक और बिजली विभाग को आवंटित की जाएगी। यह भूमि मेट्रो को आवंटित की गई थी, लेकिन इसके उपयोग में नहीं आ रही है। यही कारण है कि पिछले दिनों कैबिनेट ने तय किया था कि यह भूमि अन्य सरकारी विभागों को आवंटित कर दी जाए।

लालकोठी कृषि उपज मंडी की 19505 वर्ग मीटर भूमि जयपुर मेट्रो को दी गई थी, लेकिन मेट्रो ने इसका उपयोग नहीं किया। ऐसे में यह भूमि बेकार पडी थी। अब कैबिनेट के निर्णय के अनुसार इसमें से तीन सौ वर्ग मीटर भूमि बिजली विभाग को सब स्टेशन के लिए दी जाएगी, वहीं शेष 19205 वर्ग मीटर भूमि कार्मिक विभाग को दी जाएगी। कार्मिक विभाग का मूल काम वैसे तो सचिवालय में है। ऐसे में यह विभाग इस भूमि का क्या उपयोग करेगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर-अजमेर हाइवे एलपीजी टैंकर ब्लास्ट हादसा

# झुलसी महिला ने तोड़ा दम, अब तक 21 की मौत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पिछले साल दिसंबर में जयपुर-अजमेर हाईवे पर हुए एलपीजी टैंकर ब्लास्ट हादसे में एक ओर झुलसी महिला ने दम तोड़ दिया है। ब्लास्ट केस में यह 21वीं मौत है।

अस्पताल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार महापुरा की रहने वाली नीरा शर्मा का बीते दो महीने से सवाई मान सिंह हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में इलाज चल रहा था। विगत शनिवार रात को महिला की मौत हो गई। इधर नीरा शर्मा के पति रमेश शर्मा का अभी घर पर ही इलाज चल रहा है। हादसे वाले दिन 20 दिसंबर को दोनों (नीरा और रमेश) घर से मोटरसाइकिल लेकर निकले थे। तभी भांकरोटा के पास हुए एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में दोनों 70 फीसदी तक झुलस गए थे। इसके बावजूद दोनों घटनास्थल से 2 किमी. तक पैदल चले थे।



### स्किन न मिल पाने के कारण नहीं हो पाई सर्जरी

अजमेर रोड निवासी नीरा शर्मा और उनके पति काम पर जाते समय एलपीजी गैस विस्फोट की चपेट में आ गए थे। एसएमएस हॉस्पिटल में उनका बीते 58 दिनों से इंटेंसिव केयर यूनिट में इलाज चल रहा था। स्किन नहीं मिल पाने के कारण उनकी सर्जरी नहीं हो पा रही थी। इसकी वजह से इन्फेक्शन लगातार फैलता जा रहा था। बीते चार दिनों से बात करना, खाना-पीना भी बंद कर दिया था। शनिवार शाम 4.30 बजे उन्हें वेंटिलेटर पर भी रखा गया। रात करीब 9.40 पर उन्होंने दम तोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि नीरा (मृतक) भांकरोटा अग्निकांड में मरने वाली 21वीं पीड़ित हैं।

## जवाहरलाल दर्डा स्मृति लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**जयपुर (मसं)।** लोकमत मीडिया समूह की ओर से राजस्थान के पत्रकारों को पुरस्कृत करने के लिए जवाहरलाल दर्डा स्मृति लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरलाल दर्डा स्मृति लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार राजस्थान मूल के पत्रकारों या राजस्थान में काम कर रहे पत्रकारों के लिए है। इच्छुक पत्रकार 28 फरवरी 2025 तक अपनी प्रविष्टि ई-मेल आईडी jld.awards@lok-mat.com पर भेज सकते हैं। प्रविष्टि के साथ तीन खबरें या तीन आलेख की प्रतियां या इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप संलग्न करना होगा। खबरें और आलेख यदि नाम से छपे हैं, तो अति उत्तम अन्यथा संबंधित खबर या आलेख को संपादक से प्रमाणित कराना होगा। खबर के प्रकाशन की अवधि वर्ष 2017 से 2024 रखी गई है। प्रविष्टि के साथ आवेदक का नाम, पता और मोबाइल नंबर भेजना आवश्यक है। तीन सदस्यीय ज्यूरी गुणवत्ता के आधार पर अंतिम निर्णय करेगी।

## गहलोत सरकार की योजनाएं केवल कॉपी पेस्ट : डॉ. पूनियां

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां सोमवार को नाथद्वारा पहुंचे। उन्होंने प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन किए व कार्यकर्ताओं से चर्चा की। पूनियां ने कहा कि भारत की जनता ने राष्ट्रवाद के विचार को अपनाया है और इस विचारधारा को आगे भाजपा बढ़ाती है। इसलिए पूरे देश और दुनिया के पटल पर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र की जीत ये साबित करती है कि भाजपा देश की जनता की पहली पसंद बनी है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार की कोई



अपनी योजनाएं नहीं थीं। वे केवल हमारी ही योजनाओं को कॉपी-पेस्ट करते थे और उसमें भी सियासत के कारण योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल पाया। गहलोत ने हमें ऐसी सरकार विरासत में दी, जो दिवालिया थी। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले प्रदेश के बजट में जनता को राहत मिलेगी और केंद्र की योजनाओं का लाभ भी प्रदेश की जनता को मिल पाएगा।

## जेडीए की गोविंद विहार आवासीय योजना की 20 को निकलेगी लॉटरी

**जयपुर (मसं)।** जेडीए की गोविंद विहार आवासीय योजना में सफल आवेदकों की लॉटरी 20 फरवरी को निकाली जाएगी। गोविंद विहार आवासीय योजना में बंपर आवेदन आए हैं। हालात ये हैं कि एक भूखण्ड के लिए 660 आवेदकों ने फॉर्म भरा है। योजना में आठ फरवरी तक आवेदन फॉर्म भरे गए थे। योजना में कुल 202 भूखण्डों के लिए 1,33,313 आवेदन जमा हुए हैं।

**आरक्षित दर 18 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर :** जेडीए की ये आवासीय योजना गोविंदपुरा रोपाड़ा में खातीपुरा रेलवे स्टेशन के निकट है। इसमें भूखण्ड की आरक्षित दर 18 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर रखी गई है। इस योजना में चार श्रेणी की भूखण्डों की लॉटरी निकाली जाएगी।

# निगम हेरिटेज में वार्ड प्रभारियों ने किया औचक निरीक्षण

### सफाई व्यवस्था का आमजन से लिया फीडबैक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज में सफाई कार्यों की जांच के लिए सोमवार को वार्ड प्रभारियों ने विभिन्न वार्डों का दौरा किया और मौजूदा व्यवस्थाओं को देखा। हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा के निर्देश पर वार्ड प्रभारियों ने करीब 10 से ज्यादा वार्डों में सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। प्रभारियों ने डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाड़ी का निरीक्षण भी किया और आमजन से सफाई व्यवस्था को लेकर समस्याओं को जाना। इस दौरान अधिकतर वार्डों में स्थानीय लोगों ने हेरिटेज निगम की सफाई व्यवस्था को पहले से बेहतर बताया। साथ डोर टू डोर हूपर के समय पर आने की पुष्टि की। हालांकि कुछ जगहों पर हूपर



के साथ हेल्पर नहीं होने की समस्या भी लोगों ने बताई। इस पर हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने हूपर से संबंधित अधिकारी को हेल्पर लगाकर समाधान करने के निर्देश भी दिए।

### आमजन से निरंतर हो संवाद

आयुक्त हसीजा ने बताया कि सभी वार्ड प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आमजन से संवाद करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों की समस्या हल हो सके।

### सिविल लाइंस विधायक ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# समाज की निगरानी में होगा सड़कों का विकास : गोपाल शर्मा

### सड़क निर्माण संबंधी लंबित कार्यों को बरसात से पहले पूरा करने के दिए निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विकास कार्य को गति देने के लिए विधायक गोपाल शर्मा ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विकास कार्यों के सुचारु क्रियान्वयन और निगरानी में क्षेत्र के प्रमुख लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय किया गया। विधायक शर्मा ने सिविल लाइंस क्षेत्र में 5 करोड़ रुपए की स्वीकृत सड़कों के कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों ने उन्हें क्षेत्र की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति के बारे में अवगत करवाया। शर्मा ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, डीएलबी पीरियड में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत भी जल्द से जल्द कराने को कहा।



बैठक में यह तय किया गया कि जिन स्वीकृत सड़कों का अभी तक निर्माण नहीं हुआ है, उनका काम बरसात आने से पहले पूरा कर लिया जाए। गुर्जर की थड़ी से शास्त्री नगर तक सड़कें विकसित करने के लिए चिह्नित की जाएंगी। साथ ही, कांग्रेस के शासनकाल में निर्मित खराब गुणवत्ता की सड़कों की जांच करके दोषी ठेकेदारों से जुर्माना वसूलकर मरम्मत करवाई जाएगी। विधायक शर्मा ने कहा कि सिविल लाइंस वासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।

### एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में हाईकोर्ट की मौखिक टिप्पणी

# 'सरकार निर्णय नहीं ले रही तो क्या कोर्ट दे मामले की सीबीआई जांच'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राज्य सरकार पर कड़ी मौखिक टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार यदि मामले में निर्णय नहीं ले रही है तो क्या कोर्ट इसकी जांच सीबीआई को सौंप दे। अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकार की जांच सही दिशा में चल रही है तो अभी तक किसी अंतिम निर्णय तक क्यों नहीं पहुंचा गया। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार को मंगलवार को बहस जारी रखने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि राज्य सरकार को बार-बार बोलने के बाद भी अभी तक भर्ती से जुड़े पूरे दस्तावेज पेश नहीं किए गए हैं। इससे लगता है कि राज्य सरकार अदालत से कुछ छिपा रही है। अदालत ने अतिरिक्त



महाधिवक्ता को कहा कि वे चाहे तो दो माह का समय ले लें, लेकिन भर्ती को लेकर ठोस निर्णय लेकर अदालत को अवगत कराए। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से एएजी विज्ञान शाह ने अपनी बहस जारी रखते हुए अदालत को याचिकाकर्ता के आचरण को लेकर अदालत को जानकारी दी। एएजी ने कहा कि याचिकाकर्ता तीन साल तक इंतजार क्यों करते रहे। याचिकाकर्ता चाहते हैं कि येन-केन भर्ती को तुरंत रद्द कर दिया जाए। जबकि राज्य सरकार मामले की तह तक जाना चाहती है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट भी किसी भी भर्ती को रद्द करने के मापदंड तय कर चुका है। राज्य सरकार सभी पहलुओं पर विचार कर ही है और फिलहाल भर्ती रद्द करने का निर्णय लेना प्री मैच्योर है। अदालती समय पूरा होने पर अदालत ने मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखने को कहा है।

### 'अधिकरण में तीन दिन में सूचीबद्ध हों नई अपीलें, 50 साल पुराने कानून में भी बदलाव की जरूरत'

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में सरकारी कर्मचारियों के प्रकरणों से जुड़ी अपीलों की सुनवाई में लचर व्यवस्था के मामले में अधिकरण के चेयरमैन को कहा है कि नई अपीलों को सुनवाई के लिए तीन दिन में सूचीबद्ध किया जाए। वहीं अधिकरण का मौजूदा कानून 50 साल पुराना हो गया है। इसलिए एजी, सीएस व विधि सचिव की कमेटी इस कानून में बदलाव को देखे। वहीं अधिकरण के अधीन रोडवेज और बिजली कंपनी सहित स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों से जुड़े मामलों को भी लाया जाए। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश सोमवार को मोहम्मद काशिफ की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। अदालत ने मौखिक रूप से यह भी कहा कि अधिकरण में न्यायिक अधिकारी को चेयरमैन होना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में अधिकरण चेयरमैन व न्यायिक सदस्य वीसी के जरिए और रजिस्ट्रार व्यक्तिगत तौर पर पेश हुए। अदालत ने उनसे पूछा कि क्या आप केसों की सुनवाई सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही करते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि सुबह 11 बजे से 3 बजे तक केसों की सुनवाई करते हैं। इस पर अदालत ने उनसे कहा कि राज्य सरकार का जो तय समय है, उसके अनुसार काम क्यों नहीं करते। इसका जवाब देते हुए चेयरमैन ने कहा कि तीन बजे बाद सुनवाई किए गए केसों में फैसले लिखवाते हैं। जिस पर अदालत ने उनसे पूछा कि अधिकरण में केसों की कितनी पेंडेंसी है, नए केसों का सुनवाई के लिए करीब एक महीने में नंबर आता है। इस पर राज्य सरकार के महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हाईकोर्ट में भी केसों की पेंडेंसी ज्यादा है। ये अधिकरण में पेंडिंग केसों में सुनवाई करते हैं। फिलहाल ट्रांसफर खुलने के चलते ही रेट में केस बढे हैं। इस मामले में कानून को चुनौती नहीं दी गई है और यह मामला ट्रांसफर से जुडा हुआ है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अधिकरण की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि दैनिक तौर पर 50-60 केसों में ही सुनवाई हो पाती है। ट्रांसफर केस तो अधिकरण में अब आए है, बाकी समय तो रेट का स्टाफ फ्री ही रहता है। पूरी साल उन पर केसों का कोई दबाव नहीं होता।

## नवाचार : आरटीओ में पहली बार लॉटरी से निकाला गया परमिट

### रूट नंबर-35 का मामला: गोनेर फाटक से विश्वकर्मा रोड नंबर-17 तक सफर करने वाले यात्रियों को मिलेगी परिवहन सुविधा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में परिवहन विभाग की ओर से पहल की गई है। आरटीओ प्रथम कार्यालय की ओर से पहली बार राजधानी के रूट नंबर 35 के लिए जारी होने वाले परमिट लॉटरी से निकाले गए।

दरअसल, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर प्रथम की ओर से जयपुर में रूट नंबर-35 के परमिट देने के लिए आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए 111 आवेदकों में से 38 पाए गए पात्र गए। आरटीओ प्रथम कार्यालय में निकाली गई लॉटरी में पात्र आवेदकों में से 19 लोगों के नाम लॉटरी निकाली गई। इनमें 15 अनारक्षित, 2 एससी और 2 एसटी के लोगों के नाम लाटरी निकली। आरटीओ प्रथम राजेन्द्र सिंह ने बताया कि एससी का एक आवेदन प्राप्त नहीं होने पर आरक्षण को एक वर्ष के लिए सुरक्षित रखा गया है। लॉटरी की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग




करवाई गई है।

### 40 किलोमीटर रूट के लोगों को सहूलियत

रूट नंबर-35 पर नए वाहनों को परमिट जारी होने से जयपुर के गोनेर फाटक से विश्वकर्मा रोड नंबर-17 तक यात्रा करने वाले लोगों को फायदा मिलेगा। अब उन्हें यात्री वाहन का ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस रूट पर गोनेर फाटक से विश्वकर्मा रोड नंबर-17 रिको आवासीय योजना वाया सुखपुरिया, गौशाला, एयरपोर्ट सर्किल, दुर्गापुरा, ग्लास फैक्ट्री, रामबाग सर्किल, एसएमएस अस्पताल, अजमेरी गेट, अहिंसा सर्किल, गवर्नमेंट हॉस्टल, पोलोविक्ट्री, खासाकोठी, रेलवे स्टेशन, राममंदिर, पानीपेच तिराहा, चौमूं पुलिया, ढेहर के बालाजी, अल्का टॉकिज, विश्वकर्मा रोड नंबर 8 व 9, कुमावत रेस्टोरेन्ट और पाली केमीकल इण्डस्ट्री तक मार्ग शामिल है।

## प्लास्टिक कचरे के रिसाव को कम करने के लिए रिसाइक्लर्स मीटिंग का आयोजन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** फिनीलूप 'प्लास्टिक पुनर्चक्रण उद्योगों और सरकारी निकायों को जोड़ने' के लिए सोमवार को एक होटल में रिसाइक्लर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में पुनर्चक्रण उद्योग, पीएमएआर, आरएसपीसीबी, एनएनजीजे ग्रेटर, रीको, डीआईसी, ट्रस्ट ऑफ पीपल, एस्पायर लैब, वेस्ट नीदरलैंड्स एमसीडी एडवाइजर और स्टार्टअप्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस अवसर पर ट्रस्ट ऑफ पीपल के सीओओ सौरभ अग्निहोत्री ने फिनीलूप प्रोजेक्ट की जानकारी दी। इसके बाद ईपीआर डाक्यूमेंटेशन पर चर्चा की गई, जिसे शशि चौधरी (एसईई, प्लास्टिक कचरा, ई-कचरा, बैटरी कचरा) और त्रिलोक चंद गोयल (जेईई, आरएसपीसीबी) ने संबोधित किया। रामस्वरूप चौधरी (जेईई, आरओ, जयपुर) ने आरएसपीसीबी सीटीई और सीटीओ डाक्यूमेंटेशन पर पुनर्चक्रण उद्योगों को मार्गदर्शन दिया। फिनीलूप प्रोजेक्ट के जयपुर सिटी लीड, योगेश शर्मा ने बताया कि असंगठित कचरा श्रमिकों को कैसे कुशल श्रमिकों के रूप में पुनर्चक्रण उद्योग में शामिल किया जा सकता है। शिल्पी पुरोहित ने भी विचार रखे। वेस्ट, नीदरलैंड्स के पवीर रायजा ने पुनर्चक्रण उद्योगों के लिए फिनीलूप के समर्थन के बारे में चर्चा की। जयपुर ग्रेटर निगम आयुक्त रुकमणी रियार के स्थान पर निगम अधिकारी बैठक में शामिल हुए। जयपुर में, फिनीलूप नगर निगम जयपुर ग्रेटर के साथ एक समझौता ज्ञापन के तहत कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का लक्ष्य 1,500 असंगठित कचरा श्रमिकों की आजीविका को सुधारना, 72 नवाचारी प्लास्टिक कचरा उद्यमों की स्थापना करना, और 4,500 टन प्लास्टिक कचरे को पर्यावरण में प्रदूषण फैलाने से रोकना है।

## विपेंद्र सिंह बने जयपुर शहर जिला अध्यक्ष

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य नर्सिंग एसोसिएशन ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सवाई मानसिंह अस्पताल के नर्सिंग अधिकारी विपेंद्र सिंह को जयपुर शहर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष रामवीरसिंह सोलंकी ने की। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और नर्सिंग समुदाय ने विपेंद्र सिंह को बधाई दी और संगठन को सशक्त बनाने की उम्मीद जताई। अपनी नियुक्ति के बाद विपेंद्र सिंह ने कहा कि वे नर्सिंग समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि 15 दिनों में वे कार्यकारिणी का गठन करेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। उनकी प्राथमिकता नर्सिंग स्टाफ के हितों की रक्षा, सुविधाओं में सुधार और सेवा संबंधी मांगों को शासन तक पहुंचाना रहेगा।



# प्रदेश के 20 शहरों में पारा 30 के पार

### विक्षोभ के कारण पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानों में हल्की बरसात की संभावना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में एक बार फिर पारा बढ़ने लगा है। सोमवार को प्रमुख बीस शहरों का तापमान तीस डिग्री के पार रहा। बाड़मेर में पारा 35.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं हिल स्टेशन माउंट आबू का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। साथ ही न्यूनतम पारा संगरिया में 8.6 दर्ज किया गया। प्रदेश में सोमवार को माउंट आबू को छोड़कर, बाकी शहरों का तापमान 27 डिग्री से कम नहीं रहा। रविवार देर शाम बीकानेर, जयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग के कई जिलों में बादल छाए थे, जो सोमवार को भी छाए रहे। इससे प्रदेश में उमस का वातावरण बना और पारे एवं आद्रता में बढ़ोत्तरी हुई।

जयपुर में बादल छाने के साथ ही हल्की ठंडी हवा चलने लगी। मौसम विभाग के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ से आगे बढ़ रहे एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने प्रदेश में मौसम सामान्य रहने की संभावना जताई है। 18 से 20 फरवरी तक प्रदेश में बादल छाए रहने और बारिश की संभावना है, लेकिन पहाड़ों में बर्फबारी होने की संभावना भी जताई जा रही है। पहाड़ों में बर्फबारी होने के कारण माहौल में सर्दी आ जाती है। इसके साथ ही ठंडी हवाएं मैदान की ओर रुख करती हैं, जिससे मैदानी इलाकों में सर्द हवाएं चलती हैं और वातावरण में ठंडक छा जाती है।

प्रदेश के श्रीगंगानगर से लेकर सीकर, चूरू, झुंझुनूं में हाड़कंपाने वाली सर्दी पड़ने का यही कारण होता है। अभी मौसम में बदलाव होने और पारा चढ़ने के कारण लोगों के गर्म कपड़े अब ना के बराबर ही दिखाई दे रहे हैं। अब प्रदेश में कहीं पर भी धुंध, कोहरा देखने को नहीं मिल रहा है।

## परकोटा क्षेत्र से हटाए अतिक्रमण, 8 कैन्टर सामान जब्त



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की सतर्कता शाखा ने सोमवार को परकोटा एरिया में अतिक्रमण पर कार्रवाई की। शाखा की टीम ने कार्रवाई के दौरान करीब 8 कैन्टर सामान जब्त कर निगम गोदाम भिजवाया। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ 15 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। सतर्कता शाखा उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि टीम ने सोमवार को बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, सुभाष चौक, रामगंज, चांदपोल, सोडाला, हसनपुरा इलाके में अतिक्रमण पर कार्रवाई की। इस दौरान सतर्कता शाखा की टीम ने स्थानीय व्यापारियों व निवासियों से गंदगी ना फैलाए जाने को लेकर समझाइश भी की।

**स्टेशन महोत्सव** | **अपने गौरवशाली 120 साल पूरे करने वाला है दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन**

# सेवानिवृत्त वरिष्ठ रेलकर्मियों को किया सम्मानित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे की ओर से स्टेशन महोत्सव योजना के अंतर्गत पूरे भारत वर्ष में स्टेशनों का स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर यह महोत्सव आयोजित किया गया।

जयपुर के मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने बताया कि महोत्सव में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान रेलकर्मियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही, दुर्गापुरा स्टेशन के इतिहास से संबंधित



जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई।

जयपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्णकुमार मीणा ने बताया कि दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग 17 अक्टूबर 1905 को स्थापित की गई थी और यह स्टेशन अपने गौरवशाली 120 वर्ष पूरे करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्गापुरा स्टेशन पर कुल 66 ट्रेनें रुकती हैं। यह स्टेशन जयपुर को कई प्रमुख भारतीय शहरों जैसे मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, कोलकाता, पटना, पुरी आदि से ट्रेनों के माध्यम से जोड़ता है।

### एक नजर : स्टेशन की खासियत पर...

- यहां स्टेशन पर टिकट काउंटर, वेटिंग रूम, फूड स्टॉल, एस्केलेटर, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र और टॉयलेट सहित कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- स्टेशन से गुजरने वाली अलग-अलग ट्रेनों के लिए 2 प्लेटफॉर्म हैं। साथ ही, लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए एक अलग प्लेटफॉर्म भी है।
- पर्यटन की दृष्टि से दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से दो महत्वपूर्ण गाड़ियां महाराजा एक्सप्रेस स्पेशल और पैलेस ऑफ व्हील्स का संचालन होता है।
- वर्तमान में स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 6 हजार यात्रियों का आवागमन रहता है।
- स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत 2019 सर्वेक्षण में दुर्गापुरा स्टेशन को तीसरा स्थान दिया गया।

## नई दिल्ली-अजमेर शताब्दी एक्सप्रेस अब दौराई स्टेशन तक

**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस रेलसेवा का दौराई स्टेशन तक (6 महीने के लिए) अस्थाई विस्तार किया जा रहा है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 12015 नई दिल्ली-दौराई शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन 18 फरवरी से नई दिल्ली से रोजाना सुबह 6.10 बजे रवाना होकर अजमेर स्टेशन पर दोपहर 1 बजे आगमन व 1.10 बजे प्रस्थान कर 1.35 बजे दौराई पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12016 दौराई-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस 18 फरवरी से दौराई से प्रतिदिन दोपहर 3.15 बजे रवाना होकर अजमेर स्टेशन पर 3.40 बजे आगमन व 3.50 बजे प्रस्थान कर रात 10.30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

**कई ट्रेनें रहेंगी आंशिक रद्द :** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा कोटा मण्डल के गंगापुर सिटी-मथुरा रेलखण्ड पर गंगापुर सिटी-छोटी ओडई स्टेशनों के मध्य रोड ओवर ब्रिज गर्डर लॉन्चिंग कार्य के कारण ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके कारण गाड़ी संख्या 79601 अजमेर-गंगापुर सिटी 21 व 22 फरवरी को अजमेर से प्रस्थान कर बामनवास तक संचालित होगी। यह ट्रेन बामनवास-गंगापुर सिटी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 79602 गंगापुर सिटी-अजमेर 21 व 22 फरवरी को गंगापुर सिटी के स्थान पर बामनवास से चलेगी। यह ट्रेन गंगापुर सिटी- बामनवास के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


मुख्य मार्गों से निकाली रैली, सीएम के नाम कलेक्टर टीना डाबी को सौंपा ज्ञापन

# खेजड़ी–पेड़ों को बचाने के लिए बाड़मेर रहा बंद



महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** पर्यावरण बचाने के लिए विश्नोई समाज और वन्य जीव प्रेमियों के आह्वान पर सोमवार को बाड़मेर मार्केट बंद रखा गया। इस दौरान शांतिपूर्वक रैली निकाली गई। बड़ी संख्या में वन प्रेमी चौहटन सर्किल पर इकट्ठे हुए। वहां से हाथों में बैनर, सिर पर खेजड़ी वृक्ष और स्लोगन लिखे स्टीकर लगाकर साथ चले। मुख्य मार्गों से रैली निकालकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां कलेक्टर टीना डाबी को ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्री के बाहर प्रदर्शन भी किया।

### विधानसभा घेराव की दी चेतावनी

बाड़मेर बंद के आह्वान पर स्टेशन रोड, ढाणी बाजार, गांधी चौक, इल्लु मार्केट, ढाणी बाजार सहित समूचा मार्केट दोपहर 12 बजे तक बंद रहा। 12 बजे अंबेडकर सर्किल से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां पर सीएम के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर टीना डाबी को सौंपा गया। भजनलाल विश्नोई ने बताया कि पर्यावरण जागरूकता के संदेश के लिए विश्नोई समाज और पर्यावरण प्रेमियों के संगठनों के सहयोग से सोमवार को बाड़मेर बंद रखा गया। व्यापारियों का पूरा सहयोग रहा। आगे भी अगर सरकार ने समय रहते पेड़ों की कटाई नहीं रोकी, तो जयपुर विधानसनभा, मुख्यमंत्री का आवास, राजभवन तक जाएंगे और घेराव, प्रदर्शन करेंगे।

दरअसल, प्रदेश में पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई को रोकने और ट्री प्रोटेशन एक्ट राजस्थान बनाने की मांग को लेकर बीकानेर जिले की कोलायत तहसील की रोड़ी गांव में 18 जुलाई 2024 को पर्यावरण प्रेमियों का अनिश्चितकालीन धरना आज तक जारी है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि सोलर प्लांट के नाम पर विकास और प्रगति के नाम पर प्रकृति को समूल नष्ट किया जा रहा है। पर्यावरण प्रेमियों का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला था, उन्होंने 15 दिन का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद आज तक पेड़ कटाई पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लगा है।

26 दिसंबर 2024 को बीकानेर, 19 जनवरी 2025 को जोधपुर, 29 जनवरी को सांचौर पूर्णतया बंद रखा गया। सोमवार को बाड़मेर बंद किया है, जो सरकार को चेतावनी है कि पेड़ कटाई नहीं रुकी तो यह आंदोलन जन-जन का आंदोलन बनेगा।

## राज्य वृक्षों को नहीं मिल रहा संरक्षण

- पर्यावरण बचाने के दावे हो रहे हैं खोखले
- पर्यावरणविद संगठनों के साथ करेंगे बंद का आह्वान

महानगर संवाददाता





**किशनगढ़ रेनवाल।** सरकारी कारिंदों की लापरवाही व वन विभाग की ढील मिलने से वन माफियाओं के हौसले दिनोंदिन बुलंद होते जा रहे हैं। जयपुर ग्रामीण के जोबनेर, फुलेरा ग्रामीण, रेनवाल, मींढा, मारोठ, करड, कालाडेरा, आमेर इत्यादि क्षेत्र के गांवों में इन दिनों बड़ी तादाद में अवैध तरीके से राज्य वृक्षों की कटाई का बेखौफ परिवहन होता देखा जा रहा है। क्षेत्र में बड़ी तादाद में वन माफियाओं ने इस पर काली नजर डाल दी। यहां से बड़ी संख्या में पेड़ कटकर आरा मशीनों के हवाले हो रहे हैं। रात के अंधेरे में यह पेड़ आरा मशीनों तक पहुंच जाते हैं, जहां से आगे बेच दिए जाते हैं। चंद रुपए कमाने के चक्कर में पर्यावरण से खिलवाड़ किया जा रहा है।

रात में हजारों की संख्या में हरे पेड़ों का काटकर इनको रेनवाल, कालाडेरा, जोबनेर व आस-पास की आरा मशीनों तक पहुंचाया जाता है। आरा मशीनों से पेड़ों की चिराई कर टुकड़े कर दिए जाते हैं। लकड़ी के ये समतल टुकड़े कालाडेरा रीको औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के साथ श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जोधपुर, सीकर व चूरू आदि जिलों में अवैध रूप से भेजे जाते हैं।

### खेजड़ी के पेड़ों की हो रही है अंधाधुंध कटाई

रेगिस्तान का गौरव थार के कल्पवृक्ष खेजड़ी को 1983 में राज्य वृक्ष घोषित किया गया था। इसकी कटाई करना कानूनन अपराध है। इसके बावजूद ग्रामीण अंचलों में खेजड़ी की कटाई कर आरा संचालक फर्नीचर बनाने के काम में उपयोग ले रहे हैं, वहीं इमारती लकड़ी के तौर पर माना जाने वाला रोहिड़ा और शीशम के पेड़ भी अवैध से काटे जा रहे हैं। इनकी लकड़ी महंगे दामों में बिकती है। कुछ आरा मशीन संचालक चोरी-छिपे रोहिड़ा-शीशम के पेड़ काटकर महंगे दामों में लकड़ी बेच रहे हैं। कुछ सोलर प्लांट कंपनियों ने भी किसानों को लालच देकर बिना अनुमति खेजड़ी के पेड काट दिए गए। ना तो विभाग के अधिकारियों ने कटे हुए पेड़ों का रिकार्ड रखा है, ना ही संबंधित फर्म कोई अधिकृत जानकारी दे रही है।

### सीएम व वन मंत्री के समक्ष लगाएंगे गुहार

वहीं इन संरक्षण प्राप्त राज्य वृक्षों के संरक्षण के लिए ना ही वन विभाग जिम्मेदारी निभा रहा है, ना प्रशासन। पर्यावरण की दिशा में कार्य कर रहे पर्यावरण प्रेमी अमर भहड़ा ने कहा कि एक प्रतिनिधि दल जल्द ही मुख्यमंत्री व वन विभाग मंत्री संजय शर्मा से मुलाकात कर जयपुर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे राज्य वृक्षों की कटाई व बेखौफ अवैध परिवहन को लेकर मुलाकात कर अपनी मांग रखेगा। वहीं आगामी दिनों में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं व संगठनों के साथ मिलकर जोबनेर, फुलेरा, रेनवाल बंद का आह्वान करेंगे।

## सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारणः शर्मा



### जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

महानगर संवाददाता

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर शर्मा ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही जिले में लोकायुक्त, मुख्यमंत्री कार्यालय, सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाकर जवाब भिजवाए जाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा करते हुए मामलों को 15 दिवस के भीतर निपटाने के निर्देश दिए तथा इस संबंध में लापरवाही करने पर अधिशासी अधिकारी लक्ष्मणगढ़ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए बजट घोषणाओं के अभी तक शुरू नहीं हुए कार्यों को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पानी की कमियों वाले क्षेत्रों में पानी आपूर्ति के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बिजली, पानी के अवैध कनेक्शन पर कार्यवाही करने, राइजिंग राजस्थान के एमओयू का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने हरित राजस्थान के तहत आगामी दिनों में कार्ययोजना बनाकर सघन पौधरोपण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, एडीएम सिटी भावना शर्मा, जिला परिषद सीईओ राजपाल यादव, अतिरिक्त सीईओ शीशराम यादव, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अरुण जोशी, पीएचईडी आर.के. राठी, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक इंदिरा शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जैसलमेर में नहरी विभाग की पाइप लाइन फटी

# 50 से ज्यादा घरों में भरा पांच फीट तक पानी

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** जिले के रामदेवरा में पोकरण-फलसुंड-सिवाना पेयजल योजना की नहरी विभाग की पाइप लाइन फट गई, जिससे 50 से ज्यादा घरों में 5 फीट तक पानी भर गया। रामदेवरा के नाचना चौराहे के पास नेशनल हाईवे-11 (बीकानेर-बाड़मेर हाईवे) की पुलिया की सर्विस रोड पर यह पाइप लाइन दोपहर करीब 12 बजे फटी।

रामदेवरा सरपंच समंदर सिंह ने बताया कि पाइपलाइन में करीब 2 महीने से लीकेज था। इसके बारे में पोकरण एसडीएम के साथ अन्य अधिकारियों को जानकारी दी थी। लीकेज बढ़ने के चलते सोमवार दोपहर बाद अचानक मुख्य पाइप लाइन फट गई, जिससे पानी निकलने लगा और निचले इलाके में स्थित नई बस्ती में चला गया।

### वाहन डूबे, घरेलू सामान भी नहीं निकाल पाए

बस्ती में करीब 250 घर हैं, जिनमें से 50 घरों में 5 फीट तक पानी भर चुका है। पानी की स्पीड इतनी तेज थी कि लोगों को अपना सामान हटाने का मौका भी नहीं मिला। लोगों का घरेलू और अन्य सामान पानी में डूब गया। बच्चे और बड़े तुरंत छतों पर चले गए। कई घरों के सामने खड़ी बाइक और कार भी पानी में डूब गईं। पानी के कटाव से बिजली का एक पोल तिरछा हो गया। बिजली विभाग में फोन कर सप्लाई बंद करवाई गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने कहा कि पेयजल विभाग की लापरवाही से घरों के ढहने का खतरा पैदा हो गया है। करीब 2 घंटे तक बस्ती में लगातार पानी भरता रहा।



### लोगों ने नहरी विभाग के अधिकारियों को घेरा

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से इस स्थान पर पाइप लाइन में लीकेज की समस्या थी, लेकिन नहरी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। अब कई घरों के ढहने का खतरा पैदा हो गया है। लोगों ने मौके पर पहुंचे नहरी विभाग के अधिकारियों को घेर लिया। लोगों ने जलदाय विभाग को सूचना दी, जिसके बाद एक्सईएन समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ये पाइपलाइन नाचना से शुरू होकर बालोतरा के सिवाना तक जाती है। पाइप की चौड़ाई करीब 5 फीट है। एसडीएम परबजोत सिंह गिल ने विभाग को पानी की सप्लाई बंद करने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार विष्णुमोहन चारण, रामदेवरा थानाधिकारी शंकरलाल भी मौके पर मौजूद रहे।

### ग्रामीणों की शिकायत पर नहीं हुई सुनवाई

ग्रामीण हीराराम ने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज की शिकायत कई बार विभाग को की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पाइपलाइन फटने से पूरी बस्ती डूब गई। लोगों को बहुत नुकसान हुआ है। प्रशासन भी लोगों के नुकसान को देखकर गया है। अधिकारियों की लापरवाही का खमियाजा बस्ती के लोग भुगत रहे है। कई घरों में 4-5 फीट पानी भर गया है। बस्ती निवासी सुजाराम के घर में 50 क्विंटल गंवार रखी थी, वो भी पानी में डूब गई। जानवरों के लिए रखा चारा भी पानी में डूब गया है।

### जेसीबी की सहायता से पानी को बंद करने का प्रयास

पंचायत समिति सांकड़ा बीडीओ नरपत सिंह ने कहा कि सूचना पर पूरा प्रशासनिक जाब्ता मौके पर पहुंचा। प्रशासन ने पानी को रोकने के लिए कवायद शुरू की। पानी को जेसीबी की सहायता से पानी को बंद करने के प्रयास किए गए। पोकरण डिप्टी भवानी सिंह भी मौके पर पहुंचे और और यातायात को डायवर्ट कर स्थिति को नियंत्रण में लिया।

## अतिशय क्षेत्र श्री महावीर के दर्शनार्थ पहुंचा यात्रियों का दल



महानगर संवाददाता

**फागी।** कस्बे से अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के दर्शनार्थ यात्रियों का एक दल श्री महावीर जी पहुंचा। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि दल में शामिल श्रद्धालुओं ने मूल नायक प्रतिमा श्री महावीर जी के दर्शन किए। इसके बाद आदिनाथ भगवान, पुष्पदंत भगवान और अन्य जिन प्रतिमा के दर्शन कर अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना करते हुए नव देवताओं की, महावीर स्वामी की तथा 24 तीर्थंकरों की पूजा की और श्रेत्रपाल बाबा के चोला चढ़ाकर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा एवं मुनि भक्त सुरेश सांघी ने बताया कि यहां से दर्शन करने के बाद क्षेत्र पर स्थित आचार्य कनकनंद महाराज के शिष्य चिन्मयानंद महाराज के दर्शन कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

## रश्मि रानी ने जिला परिषद सीईओ का किया पदभार ग्रहण



महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** आईएएस रश्मि रानी ने सोमवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, जैसलमेर का पदभार ग्रहण कर लिया है। रश्मि रानी ने निर्वतमान सीईओ सुनिता चौधरी से पदभार ग्रहण किया एवं जिला परिषद में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। इस मौके पर अतिरिक्त सीईओ जितेन्द्र सिंह सांदू भी उपस्थित रहे।

## शारदा इंटरनेशनल एकेडमी की छात्राओं ने मारी बाजी



महानगर संवाददाता

**बस्सी।** कस्बे स्थित शारदा इंटरनेशनल एकेडमी की छात्राओं ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में आयोजित एनीवल फंक्शन व कंपीटिशन में बाजी मारी है। शारदा इंटरनेशनल एकेडमी विद्यालय के प्रिंसिपल रामबाबू शर्मा ने बताया कि बस्सी तहसील की 12 स्कूलों में गत 6 माह से लगातार छात्राओं को कंप्यूटर कोर्स सिखाया जा रहा है। सभी 12 स्कूलों की छात्राओं के लिए सोमवार को आयोजित प्रतियोगिता में शारदा इंटरनेशनल एकेडमी की छात्रा साक्षी शर्मा, आशा मीना, राधिका शर्मा, मुस्कान बैरवा और टीना शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी एनीवल फाउंडेशन की कॉ-ऑर्डिनेटर अंकित शर्मा, सोनू शर्मा, मोनिका शर्मा ने दी।

## अमृता हाट एवं शेखावाटी उद्योग मेले का उद्घाटन आज

महानगर संवाददाता

**सीकर।** अमृता हाट एवं शेखावाटी उद्योग मेला का उद्घाटन मंगलवार सायं 4 बजे अरबन हाट जयपुर रोड सीकर होगा। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग सीकर राजेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि अमृता हाट मेले के दौरान आमजन एवं शहरवासियों के लिए ओपन थियेटर, कैफेटैरिया, फूड जोन, लजीज व्यंजन, मनोरंजन के लिए झूले, किड्स जोन, सेल्फी जोन, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित खेलकूद प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। मेले में मेहन्दी प्रतियोगिता 19 फरवरी, लोकनृत्य प्रतियोगिता 20 फरवरी, रस्साकसी प्रतियोगिता 21 फरवरी, म्यूजिकल चैयर प्रतियोगिता 22 फरवरी, पारम्परिक वेशभूषा प्रतियोगिता 23 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

## डिजिटल इंडियाः शहरी योजना को मिलेगा बढ़ावा

### नक्शा प्रोजेक्ट में सवाई माधोपुर सहित 10 शहरों का चयन

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** शहरी क्षेत्रों में नवीनतम डिजीटल भू-अभिलेखों के निर्माण के लिए डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकार्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) के तहत केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा नक्शा पायलेट प्रोजेक्ट की देशव्यापी लॉन्चिंग मंगलवार को होगी।

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि प्रोजेक्ट में प्रदेश के 10 शहर सम्मिलित हैं, जिनमे सवाई माधोपुर जिला भी है। इसके अतिरिक्त जैसलमेर, किशनगढ़ (अजमेर), पुष्कर, ब्यावर, भिवाड़ी, बहरोड, बगरू, नाथद्वारा एवं नवलगढ़ को शामिल किया गया है।

### क्या है नक्शा परियोजना

नक्शा परियोजना नेशनल जियो-स्पेशियल, नॉलेज आधारित लैण्ड सर्वे ऑफ अर्बन हेब्रिटेशन (नक्शा) एक राष्ट्रीय परियोजना है, जिसका उद्देश्य शहरी बस्तियों का विस्तृत भौगोलिक सर्वेक्षण करना तथा भूमि का उपयोग, मालिकाना हक, निर्माण स्थिति संबंधी जानकारी को एकत्रित करना है। इस प्रकार शहरी योजना और विकास के लिए आधारित डेटा संधारित करना, भूमि विवादों को कम करना और सम्पत्ति के अधिकारों को अधिक सुरक्षा प्रदान करना भी है।

### प्रोजेक्ट के तहत कराए जाएंगे ड्रोन एवं डेटा सर्वे

सवाई माधोपुर शहर में इस प्रोजेक्ट के अन्तर्गत ड्रोन एवं डेटा सर्वे करवाए जाएंगे। प्रोजेक्ट के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र की जमीनों संबंधी सूचनाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेगी। उपलब्ध डेटा के आधार पर प्रॉपटी टैक्स/यूडी टैक्स अधिक दक्षता से प्राप्त किया जा सकेगा। नगर परिषद की आर्थिक एवं विकास संबंधी क्षमताओं में वृद्धि हो सकेगी। साथ ही इसका फायदा यह होगा कि शहरवासी इन मानचित्रों या आंकड़ों के आधार पर अपनी संपत्ति की जानकारी एक क्लिक में देख सकेंगे।

# विज्ञान प्रदर्शनी एवं शिक्षण मेले में दिखा जबर्दस्त उत्साह

### पोदार कॉलेज में तीन दिवसीय विज्ञान मेले का समापन

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज में तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं शैक्षणिक मेले का सोमवार को समापन हुआ।

इस अवसर पर 'स्नेह उत्सव' एवं विज्ञान प्रदर्शनी व शैक्षणिक मेले में शामिल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी डॉ. वेदिका पोदार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि, 'हम हर साल विज्ञान प्रदर्शनी एवं शैक्षणिक मेले का आयोजन करते हैं, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक सोच को बढ़ाना और विकसित करना है, ताकि नावाचार और प्रायोगिक दुनिया युवाओं को प्रेरित कर सके।'

पोदार ट्रस्ट के निदेशक पी.आर. एवं आई.पी. डॉ. विनोद कुमार सैनी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों की कल्पना को पंख देती है। उन्हें अपने विचारों को आकार देने के लिए एक मंच प्रदान करती है। विज्ञान प्रदर्शनी संयोजक डॉ. विद्याधर शर्मा ने बताया कि तीन दिनों में 26 स्कूलों एवं 4 कॉलेजों के लगभग 5641 विद्यार्थियों ने भ्रमण किया।



प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी एवं शैक्षणिक मेले में सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज, पोदार टी.टी. कॉलेज, कान्तिकुमार आर. पोदार प्राइवेट आई.टी.आई., पोदार जी.पी.एस स्कूल, डी. फार्मा, पानाबाई रामनाथ ए. पोदार सी. सै. स्कूल के विद्यार्थियों ने पर्यावरण, विज्ञान, प्रबंधन, मानव शरीर, कम्प्यूटर विज्ञान, सेंसर आधारित मौसम प्रणाली, भूगोल, शिक्षा आदि से सम्बन्धित विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किए। विज्ञान प्रदर्शनी एवं शैक्षणिक मेला प्रभारी डॉ. दाऊलाल बोहरा ने बताया कि पोदार शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने 350 से अधिक मॉडल प्रदर्शित किए। अमला रूइया, सुरेश कुमार, मंजू पंसारी, राजेन्द्र रूइया, सी.बी.ई.ओ. अशोक शर्मा, सुबोध सी.सै. स्कूल के निदेशक सुशील मील ने विज्ञान प्रदर्शनी एवं शैक्षणिक मेले का अवलोकन किया।



समापन समारोह में पोदार कॉलेज के डिप्टी सी.ओ.ओ. डॉ. दिनेश मांडोत, पोदार टी.टी. कॉलेज की प्राचार्या दुर्गा भोजक, पोदार जी.पी.एस. के डिप्टी सी.ओ.ओ. परमवीर सिंह सिद्धू, पोदार जी.पी.एस. स्कूल के प्रधानाचार्य जीन सी.के., पानाबाई रामनाथ पोदार स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. पूजा पंवार, कांतिकुमार आर. पोदार आई.टी.आई. के प्राचार्य श्याम सुन्दर बक्शी, टाईनी टॉडलर स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति तिवारी, पोदार जी.पी.एस. बेरी की प्रधानाचार्या रेजुला देवासी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, अधिशासी निदेशक एम.डी. शानभाग ने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को शुभकामनाएं दीं।


# गोविंददेवजी मंदिर में अगले सप्ताह से मचेगी होली उत्सव की धूम

### 23 फरवरी से 13 मार्च तक होंगे विविध आयोजन

महानगर संवाददाता

जयपुर। फाल्गुन माह में अगले सप्ताह से आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में होली उत्सव की धूम शुरू हो जाएगी। होली उत्सव 23 फरवरी से 13 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार को होलिकोत्सव, फागोत्सव और पुष्प फाग के कार्यक्रमों की घोषणा की गई। ठाकुरजी के दरबार में रचना झांकी 23 फरवरी से 6 मार्च तक सजेगी। दोपहर साढ़े बारह से पौने एक बजे तक झांकी के दर्शन होंगे। रंग-बिरंगी गुलाल से ठाकुर जी की विभिन्न लीलाओं के दर्शन कराए जाएंगे। ठाकुर जी की लीलाओं के साथ पर्व पर विशेष रचना झांकी भी सजाई जाएगी। यह झांकी मंदिर के सेवक ही बनाते हैं। दूसरे चरण में 7 से 9 मार्च तक होलिकोत्सव का आयोजन होगा।

इसमें जयपुर के स्थानीय कलाकार और मंडल फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में तीन दिवसीय होलिकोत्सव में तीनों दिन सौ से अधिक कलाकार ठाकुर श्रीजी के समक्ष भजनों और नृत्य से हाजिरी लगाएंगे। कार्यक्रम रोजाना दोपहर 12:30 से शाम 4:30 बजे तक होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपराह्न 3 से 4:30 बजे तक रचना झांकी के दर्शन होंगे।



### पुष्प फाग होगा बेहद खास

मंदिर के सत्संग भवन में 10-11 मार्च को मार्च को पुष्प फागोत्सव मनाया जाएगा। भजन सम्राट बाल व्यास श्रीकांत शर्मा के भजनों पर राधा-कृष्ण, गोपी-ग्वाल के स्वरूप दोपहर एक से शाम साढ़े चार बजे तक पुष्प फाग खेलेंगे। रचना झांकी का समय अपराह्न 3 से 4:30 बजे तक रहेगा। इस कार्यक्रम का जयपुरवासियों को बेहद चाव रहता है। इसमें प्रोफेशनल कलाकारों के साथ घरानों की बहू-बेटियां भी भाग लेती हैं। मयूर नृत्य और लठमार होली इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होता है।

### होली पद गायन 12 मार्च को

होली पद का विशेष कार्यक्रम 12 मार्च को होगा। कोलकाता के मालीराम शर्मा दोपहर एक से शाम 4:30 बजे तक भजनों की स्वर लहरियां बिखरेंगे। मंदिर निज प्रांगण में गुलाल होली राजभोग आरती के बाद मनाई जाएगी।

## सर्व समाज के सहयोग से होगा छठ माता मंदिर का निर्माण



### पूर्वांचल के सनातनियों की बैठक आयोजित

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री हितेश्वर महादेव जन कल्याण सेवा ट्रस्ट की ओर से पूर्वांचल के सनातनियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित सभी समाजों के पदाधिकारियों ने अपने विचार और सुझाव व्यक्त किए। बैठक में छठ माता के मंदिर के निर्माण का निर्णय लिया गया।

बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश पंडित, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, उत्तर प्रदेश बिहार संयुक्त समाज के प्रवक्ता उमेश पांडे, अखिल भारतीय दांगी समाज संघ के अध्यक्ष रणधीर सिंह, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, वार्ड संख्या 28 की दुर्गेश नंदिनी, विश्व हिंदू परिषद के जयपुर महानगर महामंत्री राकेश शर्मा, श्री हितेश्वर महादेव मंदिर जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, सचिव सूर्य भूषण सिंह सहित अनेक उद्योगपतियों, समाजसेवियों एवं सनातनियों ने मंदिर निर्माण के लिए सहयोग करने का विश्वास दिलाया। जयपुर में छठ माता का यह पहला मंदिर होगा। कार्तिक मास में डाला छठ महापर्व और चैत्र माह में चैती छठ का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जाएगा।

## कैंप में एक्यूप्रेशर-फीजियोथैरेपी-एक्सरसाइज से तुरंत मिली राहत



महानगर संवाददाता

जयपुर। मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस अकेडमी में सोमवार को निशुल्क फीजियोथैरेपी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कोलकाता के विश्व विख्यात डॉ. ललित सोमानी ने एक्यूप्रेशर, फीजियोथैरेपी और एक्सरसाइज के माध्यम से दर्जनों लोगों को जोड़, कमर, गर्दन के दर्द से तुरंत राहत प्रदान की। कलम पकड़ने तक में मुश्किल का सामना कर रहे कैलाश चंद सैनी दस मिनिट के इलाज के तुरंत बाद तेजी से लिखने लगे। रघुनंदन मिश्रा को बैठने में कठिनाई थी। वे इलाज के तुरंत बाद आराम से बैठने और चलने लगे। वंदना देवी बिना चप्पल पहने चल नहीं पाती थी वह इलाज के तुरंत बाद बिना चप्पल के सहजता से चलने लगीं। शिविर में बरसों पुरानी बीमारी की चिकित्सा होने से लोगों को यह विश्वास हो गया कि सही तकनीकों से बिना दवा के भी स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सकता है।

पर्यावरण गतिविधि के प्रदेश संयोजक अशोक शर्मा, विद्यालय के सचिव आयुष शर्मा ने डॉ. ललित सोमानी का स्वागत किया। सोमानी लंदन, दुबई और देश के सभी राज्यों में लोगों की समस्याओं का समाधान किया है।

## निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण, कैंसर जांच शिविर का समापन



महानगर संवाददाता

जयपुर। कानमल कोठारी मैमोरियल ट्रस्ट की ओर से मानसरोवर, न्यू सांगानेर रोड स्थित कोठारी फार्म पर सोमवार को निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण एवं कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 500 रोगियों के नेत्रों की जांच कर उन्हें निशुल्क चश्मा वितरण एवं कैंसर संबंधित जांचें की गई। ट्रस्ट की संयोजिका सुमन कोठारी ने बताया कि शिविर में सहाय हॉस्पिटल मोती डूंगरी की टीम ने आंखों की निशुल्क जांच की। भगवान महावीर कैंसर केयर की ओर से कैंसर की विभिन्न जांच एवं परामर्श दिया गया। सुमन ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन योग्य इच्छुक मरीजों को सहाय हॉस्पिटल मोती डूंगरी ले जाकर निशुल्क ऑपरेशन भी किए जाएंगे।

इस मौके पर ट्रस्ट के विनय कोठारी, विवेक कोठारी एवं प्रियंका कोठारी के अलावा मरुधर ट्रेडिंग एजेंसी के डायरेक्टर अशोक चतर एवं अनिल चतर भी मौजूद रहे।

## स्वामी अक्षयानंद का महंत पद के लिए किया पट्टाभिषेक



महानगर संवाददाता

जयपुर। गोविंददेवजी मंदिर के पास स्थित श्री जगद्गुरु आश्रम में सोमवार को संन्यासी स्वामी अक्षयानंद का महंत पद के लिए पट्टाभिषेक किया गया। शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर कार्यवाह सुरेश जोशी (भैयाजी जोशी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विश्व हिंदू परिषद के राजाराम, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित अनेक विशिष्ट लोगों ने स्वामी अक्षयानंद को चादर ओढ़ाई। उधर, यहां चल रही श्रीमद्भागवद् कथा में व्यासपीठ से भागवत भूषण आचार्य डॉ. ब्रजबिहारी ने राम जन्म और कृष्ण जन्म की कथा का श्रवण कराया। मुख्य यजमान चंद्र महेश झालानी ने सपत्नीक पूजन किया।

फाल्गुन माह में व्रत-त्योहारों की रहेगी धूम

# छह दशक बाद तीन ग्रहों के संयोग में होगी महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा

महानगर संवाददाता

जयपुर। इस बार 60 साल बाद 3 ग्रहों के संयोग में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। छोटीकाशी में इसकी तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस बार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनी करण और मकर राशि के चंद्रमा के संयोग में मनाएंगे। तीन ग्रहों की यह दुर्लभ युति 60 साल बाद बनेगी। इससे पहले ऐसी ग्रह योग की विशिष्ट स्थिति सन 1965 में बनी थी, तब महाशिवरात्रि के दिन सूर्य, बुध और शनि कुंभ राशि में गोचर कर रहे थे। 26 फरवरी को भी मकर राशि के चंद्रमा की मौजूदगी में यही तीन ग्रह युति बनाएंगे। सूर्य और शनि पिता-पुत्र हैं और सूर्य शनि की राशि कुंभ में रहेंगे। इस दिन शिवजी और माता पार्वती का विवाह हुआ था। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं। यह एक विशिष्ट संयोग एक शताब्दी में एक बार बनता है, जब अन्य ग्रह भी नक्षत्र इस प्रकार के योग में विद्यमान होते हैं।

फाल्गुन माह में व्रत-त्योहारों की धूम रहेगी। फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि, होली सहित कई तीज-त्योहार, व्रत मनाए जाएंगे। फाल्गुन के तीज-त्योहारों में तिल के बजाय मेवा और मिठाइयों का भोग लगेगा। एक मार्च को फुलेरा दूज के अबूझ सावे सहित विवाह के मुहूर्त रहेंगे। फाल्गुन 14 मार्च तक रहेगा। फाल्गुन में मां लक्ष्मी, शिव, श्रीकृष्ण और चंद्रदेव की विशेष पूजा होती है। मंदिरों में भगवान के श्रृंगार में भी इस माह बदलाव होता है। फूल, दही, शंख, चीनी, चावल, सफेद चंदन, सफेद कपड़े का दान शुभ है।

होलिका दहन 13 को होगा और 14 मार्च को धुलंडी के दिन होली खेली जाएगी। इससे 8 दिन पहले से होलाष्टक के दौरान शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। वहीं, इस माह में शादियों के मुहूर्त भी हैं। 18, 19, 20, 21, 25 फरवरी के बाद 1, 3, 5 और 6 मार्च को सावे रहेंगे।




### चार प्रहर की पूजा में जुटेंगे श्रद्धालु

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि पर 4 प्रहर में भगवान शिवजी की साधना करनी चाहिए। इससे धन, यश, प्रतिष्ठा और समृद्धि प्राप्त होती है। इस प्रबल योग में की गई साधना आध्यात्मिक और धार्मिक उन्नति प्रदान करती है। महाशिवरात्रि पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने वालों के घर में समृद्धि आती है। प्रथम प्रहर शाम 6:19 से रात्रि 9:26 बजे तक और द्वितीय प्रहर रात्रि 9:26 से मध्यरात्रि 12:34 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार तृतीय प्रहर रात 12:34 से अगली सुबह 3:41 बजे तक और चतुर्थ प्रहर 27 फरवरी को सुबह 3:41 से सुबह 6:48 बजे तक रहेगा।

### फाल्गुन माह के प्रमुख त्योहार

16 फरवरी: द्विज प्रिय संकष्ट चतुर्थी
20 फरवरी: शबरी जयंती
21 फरवरी: जानकी जयंती
24 फरवरी: विजया एकादशी
25 फरवरी प्रदोष व्रत
26 फरवरी महाशिवरात्रि
27 फरवरी फाल्गुन अमावस्या
01 मार्च फुलेरा दूज, रामकृष्ण जयंती
03 मार्च: विनायक चतुर्थी
10 मार्च: आमलकी एकादशी
11 मार्च: प्रदोष व्रत
13 मार्च: होलिका दहन
14 मार्च: धुलंडी

## महिला संगोष्ठी में दिया बच्चों को संस्कारवान बनाने पर जोर



महानगर संवाददाता

जयपुर। अजमेर रोड महिंद्रा सेज स्थित सिद्धि विनायक सामुदायिक केन्द्र में गायत्री परिवार की युवा इकाई दिया की ओर से महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ममता त्रिपाठी ने महिलाओं की वर्तमान समस्याओं और उनके आध्यात्मिक समाधान पर चर्चा की। मुख्य वक्ता संदीप त्रिपाठी ने महिलाओं से वर्तमान समस्याओं और चुनौतियों पर बात की। मुख्य रूप से स्वास्थ्य के साथ वर्तमान समय में बच्चों की परवरिश और उन्हें संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य के लिए अपने बच्चों को पैकेट बंद फूड और स्ट्रीट फूड की जगह घर का बना सात्विक भोजन खिलाने का आग्रह किया। सभी महिलाओं को गायत्री मंत्र लेखन की पुस्तकें निशुल्क भेंट की और मंत्र लेखन के लिए प्रेरित किया।

## श्याम डूंगरी पदयात्रा रवाना

महानगर संवाददाता



जयपुर। कश्यप फाउंडेशन महिला संगठन के तत्वावधान में सोमवार को श्याम डूंगरी पद यात्रा रवाना हुई। संगठन की अध्यक्ष सुमन लता कश्यप ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उषा, चारुल, नीकिता, पायल, पुष्पा, नीरु, अन्जना, आशा, धनु, ज्योती, शालू, राहुल, रघुवीर, मोहिनी, मान्या, शिम्मी, विशाल, तविश, पियू, संजय, मनीष आदि मौजूद रहे।

## आमेर में हरे पेड़ों पर चलाए कुल्हाड़े, लोगों ने एसडीएम से की शिकायत

महानगर संवाददाता

जयपुर। आमेर महल परिसर के रियासतकालीन राम बाग उद्यान के वर्षों पुराने हरे-भरे पेड़ की छंगाई के नाम से कटाई का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों को जब इसका पता चला तो उन्होंने विरोध किया। आमेर महल के कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों की एक नहीं सुनी। ऊपर से पुलिस को शिकायत कर हवालात में बंद करवाने की धमकी तक दे डाली। इस पर विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने एक राय होकर एसडीएम से मिले। श्री कदमेश्वर महादेव वन्यजीव रक्षा समिति के केदार शर्मा, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जयपुर शहर अध्यक्ष अविनाश सैनी, पार्षद वार्ड नंबर चार बरखा सैनी, भाजपा के पूर्व आमेर मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह शेखावत, श्री संकट मोचन वीर हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सुदेश कुमार सैनी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने आमेर महल अधीक्षक के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि राम बाग उद्यान में लगे हुए हरे भरे पेड़ो को अवैध रूप से कटवा दिया गया है। कटवाए गए पेड़ों को गाड़ियों में भरकर अन्यत्र भेज दिया। कुछ पेड़ उद्यान में ही पड़े हुए है। शिकायतकर्ताओं ने ज्ञापन में फोटोग्राम संलग्न किए हैं। ज्ञापन में एसडीएम को अवगत कराया कि गर्मी के मौसम में आने वाले पर्यटक इन हरे पेड़ों छाया में बैठते थे। पेड़ों को काटकर उद्यान का सौन्दर्य नष्ट किया गया है।





## अनाथाश्रम की कार्यकारिणी के निर्विरोध चुनाव संपन्न

### बाबूलाल चतुर्वेदी आश्रम के अध्यक्ष, एडवोकेट पुष्पेन्द्र कुमार सैनी बने मंत्री



महानगर संवाददाता

जयपुर। चौड़ा रास्ता स्थित हिन्दू अनाथाश्रम की कार्यकारिणी के चुनाव साधारण सभा की बैठक में संपन्न हुए। जिसमें सर्व सम्मति से विक्रम सिंह सैनी को चुनाव अधिकारी चुना गया। सभा की अध्यक्षता कैलाश विन्दायका ने की। चुनाव अधिकारी सैनी ने बाबूलाल चतुर्वेदी को आश्रम का अध्यक्ष, पुष्पेन्द्र कुमार सैनी एडवोकेट को मंत्री व अशोक लुहाड़िया को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। वहीं ताराचंद रांवका और कैलाश विन्दायका को उपाध्यक्ष, रमेश सोमानी को उपमंत्री चुना गया।

## श्रीराम-जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन




महानगर संवाददाता

जयपुर। सेवा भारती समिति जयपुर का 14वां श्रीराम-जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 5 मई जानकी नवमी) को अंबावाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में होगा। इस बार 51 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। सोमवार को सेवा भारती कार्यालय में आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष हरिकृष्ण गोयल ने बताया कि सम्मेलन में सभी जातीय समाज के जोड़ों का पंजीयन किया जा रहा है। युवती की आयु 18 साल एवं युवक की आयु 21 साल से अधिक होनी चाहिए। पंजीयन फार्म सेवा भारती के कार्यालय सेवा सदन विरासत होटल के सामने वाली गली, सहकार लेन, सहकार मार्ग, जयपुर से प्राप्त कर 20 अप्रेल, 2025 तक जमा करवाए जा सकते हैं। समिति के अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल, समिति की उपाध्यक्ष सुमनलता बंसल एवं अन्य पोस्टर विमोचन के मौके पर उपस्थित रहे।

## दिल्ली स्टेशन-कुंभ भगदड़ में मृतकों की आत्मशांति के लिए किया यज्ञ



महानगर संवाददाता

जयपुर। ओऊमाश्रय सेवा धाम में कुंभ तथा देहली स्टेशन पर मृतकों की आत्मशांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया।

वैदिक चिंतक यशपाल यश ने कहा कि राजधर्म बाजारवादी ढंग से भीड़ इकट्ठी कर उन्हें मरने को छोड़ना नहीं वरन देश वासियों को मोक्ष के साधन विवेक वैराग्य षठ सम्पत्ति और मुमुच्छ के लिए शांति पूर्ण माहौल उपलब्ध कराना है। यश ने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की व्यवस्था के विपरीत अपने अहं तुष्टि कथित विश्व रिकार्ड बनाने के लिए भीड़ वृद्धि के लिए प्रचार माध्यमों का दुरुपयोग दुखद है।

शांति यज्ञ में विशेष वैदिक मंत्रों से आहुतियां देकर शांति पाठ एवं मौन रखकर दिवंगतों को सद्गति तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति कामना से आहुतियां दी गई। ओऊमाश्रय संचालक देवेश गोयल ने बताया कि यज्ञ में रीना अग्रवाल, अंकित मित्तल, सीमा मोदी मुख्य यजमान रहे।

# महायज्ञ व गौ संकीर्तन में जुटेंगे 20 हजार श्रद्धालु

### धरती की रक्षा गौ व यज्ञ से ही संभव : डॉ. मोक्षराज

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजापार्क आदर्श नगर में गौ सेवा समिति एवं समस्त आर्य समाजों के तत्वावधान में 9 मार्च को आयोजित होने वाले 151 कुंडीय महायज्ञ, गौ संकीर्तन, फागोत्सव एवं फूलों की होली को लेकर एक बैठक आयोजित हुई।

समाजसेवी रवि नैय्यर ने बताया कि दशहरा मैदान आदर्श नगर में आयोजित होने वाले इस महायज्ञ व गौ संकीर्तन समारोह में 20 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि आर्यसमाज की स्थापना को 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित 151 कुंडीय महायज्ञ एवं आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के गोमाता के प्रति अगाध प्रेम को ध्यान में रखते हुए गौ संकीर्तन भी किया जाएगा। रवि नैय्यर ने बताया कि कांगड़ी गुरुकुल हरिद्वार के पूर्व कुलपति प्रो. रूपकिशोर शास्त्री 151 कुंडीय महायज्ञ के ब्रह्मा होंगे तथा गौ सेवा परिवार समिति अध्यक्ष एवं कथावाचक चम्पालाल चौधरी गौ संकीर्तन करेंगे। बैठक में जयपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित सिंह सांचौरा, यूथ फोर नेशन अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा ने गौमाता के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर भारतीय संस्कृति शिक्षक रहे डॉ. मोक्षराज ने बताया कि वैदिक ग्रंथों में पृथ्वी, सूर्य की किरणों, इंद्रियों एवं वेद मंत्रों को भी गौ कहा है। ये सभी गौ-तत्व गौमाता से प्राप्त दूध-घी व उनसे किए जाने वाले स्मार्त व श्रौतयज्ञों द्वारा ही संतुलित रहते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ व गौ धरती के लिए वरदान हैं। धरती की रक्षा गौ व यज्ञ से ही संभव है।



### बैठक में ये रहे शामिल

आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न संगठनों ने कमर कस ली है। इन संगठनों में आर्यसमाज, गौसेवा समिति, दयानंद सेवाश्रम बांसवाड़ा तथा अनेक प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठन सम्मिलित हैं।बैठक में चम्पालाल चौधरी, श्रीराम बजाज, संजीव नारंग, आदर्श नगर राजापार्क महिला आर्यसमाज की प्रधान शशि दीवान, पारुल नैय्यर, आर्यसमाज आदर्शनगर के मंत्री डॉ. अनिरुद्ध साहनी, कोषाध्यक्ष नाथूलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अनहोनी से कब सबक लेंगे हम!

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन दुखांतिका के बाद प्रशासन पर उठते सवाल

**देश** में कुछ ही दिनों के अंतराल में भारी भीड़ के बीच अफरातफरी और भगदड़ की घटनाओं ने सोचने पर विवश कर दिया है। प्रयागराज में भगदड़ की घटना और नई दिल्ली स्टेशन पर कुछ लोगों की नासमझी के कारण बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने से क्या हमें सबक नहीं लेना चाहिए...आखिरकार आस्था के कारण धार्मिक उत्सवों में शरीक होने जा रहे लोगों को क्या धैर्य का पचिय नहीं देना चाहिए, आज ये सवाल हम सभी के सामने खड़े हैं! अब ऐसा लगने लगा है कि अपने विशाल आबादी वाले देश में आपदा प्रबंधन की तरह भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था और संहिता जरूरी हो गई है। भीड़ प्रबंधन की कमियों को दूर करने के साथ ही, लोगों को जागरूक करना चाहिए। महाकुंभ शुरू होने के बाद से प्रयागराज के लिए निकले यात्रियों द्वारा ट्रेन में असुरक्षित तरीके से सफर करने और आरक्षित डब्बों में घुसने के लिए बल प्रयोग करने के जो ब्योरे और वीडियो आए हैं, वे भी चिंतित करने वाले हैं। महाकुंभ के अवसर पर संगम में स्नान करने का निश्चित तौर पर महत्व है, लेकिन प्रयागराज की यात्रा जान पर खेलकर नहीं की जानी चाहिए, न ही दूसरे यात्रियों को तकलीफ पहुंचानी चाहिए। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं को अपनी सुरक्षा के प्रति चिंतित और सचेत करे, तो यह काफी होगा। शनिवार की रात को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ के बीच अफरातफरी मचने के कारण हुआ हादसा बहुत ही दर्दनाक है, जिसमें 18 लोग मारे गये और काफी लोग घायल हुए। बताया जाता है कि प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर महाकुंभ जाने वाले यात्री प्रयागराज एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे थे। इसी से सटे प्लेटफॉर्म नंबर 13 पर दरभंगा जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के लिए भी भीड़ जुट रही थी। रेलवे अधिकारी प्रयागराज के लिए हर घंटे 1,500 सामान्य टिकट जारी कर रहे थे और इन दोनों प्लेटफॉर्मों पर तिल धरने की भी जगह नहीं थी। बढ़ती भीड़ और लगातार टिकट बिक्री को देखते हुए रात 10 बजे प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलाए जाने की घोषणा हुई। इस पर यात्री 16 नंबर प्लेटफॉर्म की ओर भागने लगे। लेकिन फुट ओवरब्रिज पर पहले से ही अनेक लोग बैठे थे। इस दौरान एक यात्री सीढ़ियों पर फिसलकर गिर गया और पीछे खड़े कई यात्री उसकी चपेट में आ गए। दरअसल दो वीकेंड से महाकुंभ जाने वालों की भीड़ बेतहाशा बढ़ रही थी और शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अभूतपूर्व भीड़ बताई जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि दो ट्रेनों के लेट होने के कारण भी भीड़ बढ़ी थी और कंफर्म टिकट वाले भी ट्रेनों में चढ़ नहीं पा रहे थे। सिर्फ नई दिल्ली नहीं, महाकुंभ के लिए यात्रियों की भीड़ सभी बड़े रेलवे स्टेशनों पर अब भी देखी जा रही है। अत: यह तो जांच से ही पता चलेगा कि हादसे की वजह क्या थी, लेकिन यह भी सच है कि महाकुंभ में प्रयागराज जाने के लिए जो भीड़ लगातार उमड़ रही है, उसे समय रहते भांप पाने में रेल प्रशासन नाकाम रहा। विदेश में भी भगदड़ से लोगों की जान जाती रही है। पिछला हादसा दक्षिण कोरिया की राजधानी सिओल का है, जहां 29 अक्टूबर 2022 को हैलोविन त्यौहार के मौके पर 149 लोगों की जान चली गई, जिनमें अधिकतर किशोर और 20–30 वर्ष आयु के युवा शामिल थे। 2015 में मक्का के मीना भगदड़ में 2,400 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। अनियंत्रित भीड़ के कारण भगदड़ होना स्वाभाविक है, लेकिन यह सब व्यवस्थाओं में कमी के कारण ही होता है इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। भीड़ की मनोदशा या 'मॉब मेंटालिटी' की बात अक्सर की जाती है। भीड़ में लोग अपना असली चरित्र भूलकर भीड़ जैसा ही व्यवहार करने लगते हैं। इससे भीड़ का दबाव बनता है, जिससे कई लोग गिर जाते हैं तथा दब और कुचल कर अपनी जान गंवा बैठते हैं। गौरतलब है कि प्रति वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 3 से 4 लोगों का घनत्व होने पर उन्हें अपने हाथ–पैर चलाने अथवा सांस लेने में कोई परेशानी नहीं होती है, लेकिन जब प्रति वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अगर 5–6 या उससे अधिक लोग खड़े हो जाएं, तो इससे एक दबाव उत्पन्न होता है, जिसे 'भीड़–कंप या क्राउड क्वेक' का नाम दिया जाता है। भीड़ के दबाव से, वैज्ञानिक रूप से एक तरंग की उत्पत्ति होती है, जिसे संघात तरंग या शॉक वेव का नाम दिया जाता है। असल में, भीड़ से एक हजार पौंड तक का दबाव उत्पन्न हो सकता है, जिसमें इस्पात की छड़ों को भी मोड़ने की क्षमता होती है! दुर्भाग्यवश कहीं भीड़ में फंसने पर कुछ एहतियाती उपायों का ध्यान रखने से जीवन रक्षा हो सकती है। सावधान, भीड़ की ताकत का कभी विरोध नहीं करना चाहिए। मतलब भीड़ के बढ़ने की विपरीत दिशा में जाने का प्रयास कभी नहीं करना चाहिए, अन्यथा गिरना तय है, जिससे जान जोखिम में पड़ सकती है। भीड़ के साथ कुछ तिरछे चलते हुए किनारे पर पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। याद रहे, भीड़ को सीधे धकिया कर निकल जाना संभव नहीं। भीड़ में गिरने से बचना चाहिए, नहीं तो उठकर खड़ा होना मुश्किल होगा। मोबाइल या कोई अन्य मूल्यवान वस्तु नीचे गिर जाने पर उसे उठाने के लिए झुकना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे जान को खतरा हो सकता है। दुर्भाग्यवश, भीड़ में गिर जाने पर बायीं करवट हो जाना चाहिए, जिससे दिल और फेफड़े सुरक्षित रहें; अथवा किसी भी करवट में, एक गेंदनुमा, मुड़ी हुई अवस्था में आ जाना चाहिए। सीने या पीठ के बल लेटने पर भीड़ द्वारा कुचले जाने की अधिक आशंका रहती है। गिर जाने पर हो सके, तो सिर को अपनी बाहों द्वारा सुरक्षित कर लेना चाहिए। इसे 'फीटस पोजीशन' कहते हैं, यानी वह स्थिति जिसमें एक गर्भस्थ शिशु सुरक्षित रहता है। लेकिन इस सबके बाद भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना में यात्रियों के साथ ही रेलवे प्रशासन की सूझबूझ की कमी को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इस बड़ी अनहोनी के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ की घटना के बाद रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के तहत कड़ा फैसला लिया है। अगले एक सप्ताह तक रोजाना शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक रहेगी। काश यह निर्णय घटना के दिन ही ले लिया जाता तो लोगों को खून के आंसू नहीं रोना पड़ता।



**अब ऐसा लगने लगा है कि अपने विशाल आबादी वाले देश में आपदा प्रबंधन की तरह भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था और संहिता जरूरी हो गई है। महाकुंभ शुरू होने के बाद से प्रयागराज के लिए निकले यात्रियों द्वारा ट्रेन में असुरक्षित तरीके से सफर करने और आरक्षित डिब्बों में घुसने के लिए बल प्रयोग करने के जो वीडियो आए हैं, वे भी चिंतित करने वाले हैं। महाकुंभ में संगम स्नान का निश्चित तौर पर महत्व है, लेकिन प्रयागराज की यात्रा जान पर खेलकर नहीं की जानी चाहिए, न ही दूसरे यात्रियों को तकलीफ पहुंचानी चाहिए।**

# भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अर्जित की असाधारण उपलब्धियां

**प्रहलाद सबनानी**

**31 जनवरी,** 2025 को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा एवं राज्यसभा के संयुक्त अधिवेशन को अपने संबोधन में, हाल ही के समय में, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा है कि 'भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी (केंद्र) सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। और, इन निर्णयों में देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है।' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए उक्त भाषण में अंशों को जोड़कर इस लेख में यह बताने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार भारत में गरीब वर्ग, युवाओं, मातृशक्ति, किसानों, आदि के लिए विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं।

आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि का खर्च किए जाने की योजना है। इसी प्रकार, गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभी तक 2 करोड़ 25 लाख संपत्ति कार्ड जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ किसानों को पिछले कुछ महीनों में 41,000 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ नागरिकों के लिए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष' अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए 80 हजार करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। आज मध्यम वर्ग को मकान/फ्लैट खरीदने के लिए लोन पर सब्सिडी भी दी जा रही है एवं रेरा जैसा कानून बनाकर मध्यम वर्ग के स्वयं के मकान संबंधी सपने को सुरक्षा दी गई है।

देश के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। अब इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया गया है। इन वरिष्ठ नागरिकों को प्रत्येक वर्ष में पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा आज युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिए जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है। सहकार से समृद्धि की भावना पर चलते हुए सरकार ने 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

जब देश के विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिलने लगता है तभी विकास सार्थक होता है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिलने से उसमें जो सशक्तिकरण का भाव पैदा होता है, वो गरीबी से लड़ने में उसकी मदद करता है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बने 12 करोड़ शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क दिए गए 10 करोड़ गैस कनेक्शन, 80 करोड़ जरूरतमंदों को राशन, सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेक योजनाओं ने गरीब को ये भरोसा दिया है कि वो सम्मान के साथ जी सकते हैं। ऐसे ही प्रयासों की वजह से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करके आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने नियो मिडिल क्लास का एक ऐसा समूह तैयार किया है, जो भारत की ग्रोथ को नई ऊर्जा से भर रहा है।

उड़ान योजना ने लगभग डेढ़ करोड़ लोगों का हवाई जहाज में उड़ने का सपना पूरा किया है। जन औषधि केंद्र में 80 प्रतिशत रियायती दरों पर मिल रही दवाओं से, देशवासियों के 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बचे हैं। हर विषय की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी का बहुत लाभ मध्यम वर्ग को मिला है।

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में पच्चीस हजार बस्तियों को जोड़ने के लिए 70,000 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की हैं। आज जब हमारा देश अटल जी की जन्म शताब्दी का वर्ष मना रहा है, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उनके विजन का पर्याय बनी हुई है। देश में अब 71 वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेन चल रही हैं, जिनमें पिछले छह माह में ही 17 नई वंदे भारत और एक नमो भारत ट्रेन को जोड़ा गया है।



आगे आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास में देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति के योगदान को बढ़ाना ही होगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की दस करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि बैंक लिंकेज के माध्यम से वितरित की गई है। केंद्र सरकार ने देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने लक्ष्य निर्धारित किया है। आज एक करोड़ 15 लाख से भी अधिक लखपति दीदी एक गरिमामय जीवन जी रही हैं। इनमें से लगभग 50 लाख लखपति दीदी, बीते 6 महीने में बनी हैं। ये महिलाएं एक उद्यमी के रूप में अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं। भारत में सभी के लिए बीमा की भावना के साथ कुछ महीने पूर्व ही बीमा सखी अभियान भी शुरू किया गया है। बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि सखियां नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा दे रही हैं और पशु सखियों के माध्यम से देश का पशुधन मजबूत हो रहा है। आज भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। अब बालिकाओं की भर्ती राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में भी प्रारंभ हो गई है। नेशनल डिफेंस एकेडमी में भी महिला कैडेट्स की भर्ती शुरू हो गई है। पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया,आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल ने युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए हैं। पिछले दो वर्षों में सरकार ने, रिकॉर्ड संख्या में दस लाख स्थाई सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। युवाओं के बेहतर कौशल और नए अवसरों के सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपए का पैकेज केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था से युवाओं को ग्राउंड पर काम करने का अनुभव प्राप्त होगा। आज भारत में डेढ़ लाख से अधिक स्टार्टअप हैं जो इनोवेशन के स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपए की लागत से स्पेस सेक्टर में वेंचर कैपिटल फंड की शुरुआत भी की गई है। आज भारत क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल इंडेक्स 2025 में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अर्थात, फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी में और डिजिटल तकनीक अपनाने में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भी भारत की रैंकिंग 76 से सुधर कर 39 हो गई है। यह सब भारतीय युवाओं के भरोसे ही संभव हो पा रहा है। देश में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था तैयार की जा रही है। कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे, इसीलिए मातृभाषा में शिक्षा के अवसर दिए जा रहे हैं। विभिन्न भर्ती परीक्षाएं तेरह भारतीय भाषाओं में आयोजित कर, भाषा संबंधी बाधाओं को भी दूर किया गया है। बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए दस हजार से अधिक स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब्स खोली गई हैं। 'ईज ऑफ डूइंग रिसर्च' के लिए हाल ही में वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन स्कीम लाई गई है। इससे अंतरराष्ट्रीय शोध की सामग्री निशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। पिछले एक दशक में भारत में उच्च शिक्षण संस्थाओं की संख्या बढ़ी है। इनकी गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार हुआ है। क्यूएस विश्व यूनिवर्सिटी - एशिया रैंकिंग में भारत के 163 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का शुभारंभ कर शिक्षा में, भारत का पुराना गौरव वापस लाया गया है।

**आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।**

विकसित भारत के निर्माण में किसान, जवान और विज्ञान के साथ ही अनुसंधान का बहुत बड़ा महत्व है। भारत को भारत को ग्लोबल इनोवेशन पावरहाउस बनाने के लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देश के शिक्षण संस्थाओं में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए पचास हजार करोड़ रुपए की लागत से अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन स्थापित किया गया है। 10,000 करोड़ रुपए की लागत से 'विज्ञानधारा योजना' के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत के योगदान को आगे बढ़ाते हुए 'इंडिया ए आई मिशन' प्रारंभ किया गया है। राष्ट्रीय क्वांटम मिशन से भारत, इस फ्रंटियर टेक्नोलॉजी में दुनिया के अग्रणी देशों की पंक्ति में स्थान बना सकेगा। देश में बायो- मैन्यूफैक्चिरंग' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बॉयोएक्स पॉलिसी लाई गई है। यह पॉलिसी भविष्य की औद्योगिक क्रांति का सूत्रधार होगी। बायो इकॉनामी का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोग करना है।

# सस्ते कर्ज से अब ग्रोथ को मिलेगी रफ्तार

**प्रो. अश्विनी महाजन**

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने लगभग पांच साल तक रेपो रेट को लगातार बढ़ाने के बाद इसमें 0.25 प्रतिशत की कटौती करते हुए उसे 6.5 प्रतिशत से घटा कर 6.25 किया। इससे उधार सस्ता हो जाएगा, जिससे हाउसिंग और अन्य प्रकार के उधारों पर ईएमआई कम हो जाएगी, साथ ही, कारोबार के लिए भी कर्ज सस्ता हो सकेगा, जिससे ग्रोथ को गति मिल सकेगी।

रिजर्व बैंक सामान्यत: मुद्रास्फीति के बारे में अपनी धारणा के आधार पर ब्याज की नीतिगत दरों की घोषणा करता है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था में ऋण की मांग और आपूर्ति पर भी इसे नजर रखनी होती है। इस मामले में रिजर्व बैंक का मुख्य उद्देश्य मुद्रास्फीति को सीमा के बाहर जाने से रोकना है। वर्ष 2014 से पहले रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति को लक्षित करने के लिए थोक मूल्य सूचकांक का उपयोग कर रहा था। 2014 में जब रघुराम राजन रिजर्व बैंक के गवर्नर थे, तब तत्कालीन डिप्टी गवर्नर उर्जित पटेल की अध्यक्षता में एक समिति ने मुद्रास्फीति को लक्षित करने के लिए थोक मूल्य सूचकांक के बजाए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के उपयोग की सिफारिश की थी।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य उत्पादों का भार 46 प्रतिशत होता है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक में खाद्य उत्पादों (निर्मित खाद्य उत्पादों सहित) का भार केवल 30 फीसदी ही होता है। वर्ष 2016 में सरकार ने फैसला लिया कि ब्याज दर का निर्धारण मौद्रिक नीति समिति करेगी। जून, 2016 में मौद्रिक नीति समिति अस्तित्व में आई। इसमें रिजर्व बैंक के गवर्नर के अलावा छह सदस्य होते हैं। बराबर के वोट होने पर गवर्नर का वोट निर्णायक होता है।

देश में महंगाई की दर को ध्यान में रखते हुए ब्याज दर निर्धारित करना इस समिति का काम है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार को विरासत में ही ऊंची मुद्रास्फीति मिली थी। विरासत में मिली 8 प्रतिशत रेपो रेट को एनडीए सरकार के शुरुआती वर्षों, महंगाई के थमने के साथ अगस्त 2017 तक 6 फीसदी तक लाया गया। थोड़ा बढ़ते–घटते यह जून, 2019 में 6 से 6.5 प्रतिशत तक उच्च स्तर पर बनी रही। बाद के वर्षों में, सीपीआई में भी काफी गिरावट आई और यह तीन फीसदी से भी कम पर बनी रही। मई, 2020 और मई, 2022 के बीच लंबी अवधि में रेपो दर मात्र 4 फीसदी के निम्न स्तर पर बनी रही। पर उसके बाद मुद्रास्फीति और खास तौर पर सीपीआई मुद्रास्फीति की ऊंची दर के चलते रेपो दर लगातार बढ़ते हुए फरवरी, 2023 तक 6.5 प्रतिशत तक पहुंच गई और पिछली मौद्रिक नीति समिति की बैठक तक इसी स्तर पर बनी रही।

हालांकि इस दौरान थोक मुद्रास्फीति कई बार नीचे भी आई, पर सीपीआई मुद्रास्फीति लक्षित मौद्रिक नीति के चलते रेपो रेट को मौद्रिक नीति समिति ने नहीं घटाया। कई अर्थशास्त्रियों ने अब सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। हालांकि, मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आम जनता मुद्रास्फीति से परेशान न हो, क्योंकि इसका सबसे अधिक असर गरीबों पर पड़ता है; लेकिन मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के आधार के रूप में सीपीआई या यहां तक कि डब्ल्यूपीआई की उपयुक्तता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ध्यान रखना चाहिए कि मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण का विचार पश्चिम से आयातित है। हमारा मानना है कि भारत जैसे विकासशील देश में मौद्रिक नीति के उद्देश्यों में विकास, रोजगार और गरीबों और वंचितों का उत्थान शामिल है। इन उद्देश्यों को संबोधित किए बिना कोई भी मौद्रिक नीति पूरी नहीं होती। विकास के लक्ष्य का ध्यान रखे बिना मौद्रिक नीति अपूर्ण है।




ऐसे कई मौके आए हैं, जब मौद्रिक नीति समिति द्वारा सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण का पूर्णरूपेन पालन करने के बावजूद मुद्रास्फीति न केवल नियंत्रित नहीं हुई, बल्कि कई मौकों पर छह प्रतिशत के लाल निशान को भी पार कर गई। यह इस तथ्य को साबित करता है कि डब्ल्यूपीआई की तुलना में सीपीआई सही लक्ष्य नहीं है। हम समझते हैं कि सीपीआई खाद्य कीमतों से काफी प्रभावित होता है। खाद्य पदार्थों की कीमतें मौसमी कारकों के कारण अधिक बढ़ती हैं, न कि आम तौर पर अर्थव्यवस्था के मूल सिद्धांतों के कारण। ऐसे कई मौके आए हैं, जब प्याज और टमाटर की कीमतें मुद्रास्फीति के प्रमुख चालक रही हैं।

ऐसे मामलों से प्रत्यक्ष उपायों से निपटा जाता है, न कि मौद्रिक नीति जैसे अप्रत्यक्ष उपायों से। इसलिए,अगर हम मौसमी कारकों के आधार पर मुद्रास्फीति को लक्षित करने और उसके अनुसार ब्याज दरों की नीति तय करने की कोशिश करते हैं, तो गलती ही करेंगे। इस बीच विकासशील देश न केवल मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण की अनिवार्यता के बारे में, बल्कि विकासशील देशों के लिए मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सीपीआई लक्षित मौद्रिक नीति हेतु दबाव डालने पर भी, जो आपत्तिजनक है, बहस कर रहे हैं। जाहिर है, अकेले सीपीआई मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के लिए उपयुक्त नहीं लगता। थोक मूल्य सूचकांक भी सर्वथा उचित लक्ष्य नहीं है। इसलिए, कुछ अर्थशास्त्री सुझाव देते हैं कि इन दो सूचकांकों का संयोजन या मिश्रण होना चाहिए।

## राशिफल


**आज दिनांक 18 फरवरी, 2025, मंगलवार, विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष षष्ठी, चित्रा नक्षत्र, गरिजा करण, गंड योग, राहुकाल: अपराह्न 3:30 से 4:55 बजे तक, सूर्योदय सुबह 7:00 बजे, सूर्यास्त सायं 6:20 बजे, चंद्रोदय रात 11.23 बजे, चंद्रास्त सुबह 10:35 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:18 बजे से 1:03 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:24 से 6:12 बजे तक, चंद्रमा तुला राशि में संचार करेगा।**


मेष

आज के दिन काफी अच्छा महसूस करेंगे। मानसिक रूप से खुशी की अनुभूति होगी। नई जगहों पर भ्रमण पर जाएंगे। मित्रों का साथ उत्साहित रखेगा। प्रतिस्पर्धा में आगे रहेंगे। आपके विचारों में काल्पनिकता का समावेश हो सकता है, बेहतर होगा इसका इस्तेमाल आप रचनात्मक कार्यों में करें।


वृषभ

आज का दिन अच्छा रहेगा। घर में सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। इच्छित वस्तु की प्राप्ति की संभावना है। शुभ कार्यों में रुचि बनी रहेगी। परिजनों के साथ आनंदमय समय बिताएंगे। व्यावसायिक संबंध मजबूत होंगे। क्रोध पर काबू और खर्च पर नियंत्रण रखें।


मिथुन

आज आर्थिक मामलों में बेहतर बने रहेंगे। मित्रों से भेंट होगी। कला कौशल को बल मिलेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिससे घर में खुशहाली रहेगी। नए कार्य की शुरूआत के लिए समय अच्छा है। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। खुद को मानसिक रूप से काफी मजबूत महसूस करेंगे।


कर्क

आज का दिन कुछ सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ सकता है। आकस्मिक खर्च बढ़ने से आप तनाव महसूस करेंगे, अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। समाज में सराहना और सम्मान की प्राप्ति होगी।


सिम्हा

आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब होंगे, नौकरी में तरक्की और व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। अपने ज्ञान और बुद्धि से दूसरों को प्रभावित करेंगे। सफलता और सहयोग के अच्छे संकेत हैं। नई कोशिशों से सभी को आकर्षित करेंगे। अनुशासन का ध्यान रखें।


कन्या

आज का दिन मिला–जुला रहेगा। काफी प्रसन्न रहेंगे और भव्यता व सभ्यता पर जोर रहेगा। खर्च और निवेश बढ़ा हुआ रहेगा। लोगों से सराहना मिलेगी। यात्रा में सतर्कता रखें। अनजान लोगों से करीबी बढ़ाने में सावधान रहें। दोस्तों का साथ मिलेगा और उनके साथ समय बिताएंगे। बिना वजह किसी से विवाद करने से बचें।


तुला

आज का दिन अच्छा नहीं रहेगा। गुस्से पर काबू रखें, अन्यथा परिवार वालों के साथ विवाद हो सकता है। कड़वी बातों को नजरअंदाज करने की कोशिश करें। मेहनत और लगन से लक्ष्य पूर्ति में सफल होंगे। साथियों और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। कार्य स्थल पर सचेत रहें।


वृश्चिक

आज का दिन सामान्य रहेगा। अपने परिवार को लेकर चिंतित रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। आर्थिक कोशिशें बेहतर बनी रहेंगी। लाइफ स्टाइल से जुड़ी वस्तुओं के प्रति रुझान बढ़ेगा। घर में सुख सौख्य सौंदर्यबोध बढ़ेगा। पदोन्नति के योग बन रहे हैं।


धनु

आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ रहेगा। धनप्राप्ति के योग बनेंगे। जो भी करेंगे उसमें बेहतर रहेंगे। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। परीक्षार्थी उम्मीद के अनुरूप परिणाम पाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे।


मकर

आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कानूनी कार्यों में सफलता मिल सकती है। नई परियोजना को अमल में ला सकते हैं। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। सहजता और सरलता से आगे बढ़ते रहें। मौसम की प्रतिकूलताओं को हल्के में न लें। सेहत के प्रति सजग रहें।


कुंभ

आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा रहेगा। सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे, जिससे खुद पर भरोसा बढ़ेगा। साझा प्रयासों में अधिक सफलता के संकेत हैं। मान–सम्मान में वृद्धि होने से आप बहुत प्रसन्न रहेंगे। मानसिक रूप से काफी हल्का महसूस करेंगे।


मीन

आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य स्थल पर काफी मेहनत करेंगे, जिसका लाभ आगे चलकर मिलेगा। मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहें। घर परिवार में हर्ष आनंद बना रहेगा। खान–पान पर ध्यान देने के साथ–साथ अपने आस–पास स्वच्छता का भी ध्यान रखें, अनावश्यक खर्च करने से बचें। वाणी पर संयम रखें और सोच समझकर बोलें।

## राजू

**एक** नगर था अंधेरनगरी। वहां के राजा अक्सर उदास रहा करते थे। उनके दरबार के सभी लोग चाहते थे कि वे खुश रहें, क्योंकि जब वे खुश रहते थे तो उनकी प्रजा भी खुश रहती थी। तरह-तरह के लोग उनसे मिलने आते थे और ये कोशिश करते थे कि राजा को हंसा सके। लेकिन सारी कोशिशें बेकार हो जाती थीं। एक दिन दरबार में एक मसखरा आया। उसका नाम था- राजू। उसने राजा से कुछ इस तरह से बात की कि राजा को हंसी आ ही गई। बड़ा ही बुद्धीमान था वह। किसी भी बात को मजाक में कह देना उसके लिए बहुत सरल काम था। राजा ने निश्चय किया कि वे राजू को अपने पास रखेंगे। राजू बड़े ही हंसमुख स्वभाव का व्यक्ति था। उसे कभी भी किसी ने दुखी नहीं देखा था। इसीलिए उसे देखकर सभी को बड़ा अच्छा लगता था।

एक दिन राजा अपने दरबार में बैठे हुए थे। तभी उन्होंने राजू के जोर-जोर से चिल्लाने की आवाजें सुनीं। ऐसा लग रहा था कि जैसे वह चीख-चीख कर रो रहा हो। राजा तुरंत उठकर भागे। वे बाहर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके सैनिक राजू की बुरी तरह पिटाई कर रहे थे। राजा का गुस्से से बुरा हाल हो गया। वे चिल्लाए, 'छोड़ दो उसे, तुरंत!' सैनिक घबराकर एक ओर खड़े हो गए। तब राजा ने पूछा, 'क्यों मार रहे हो इसे?' 'महाराज, यह राजू आपके सिंहासन पर बैठा हुआ था। यह तो अच्छा हुआ, हमने इसे देख लिया और बाहर ले आए।' सैनकि बोले।

राजा ने कहा, 'राजू पर हमें पूरा भरोसा है। यदि इसने ऐसा किया भी है तो हमारा अपमान करने के लिए नहीं किया होगा। तुम लोग जाओ।' सैनिक चले गए। लेकिन राजू फिर भी जोर से रो रहा था। अब राजा को और भी गुस्सा आ गया। वे बोले, 'राजू, अब क्यों रो रहे हो? तुम सही-सलामत तो हो।' तब राजू बोला, 'महाराज, मैं अपने लिए नहीं आपके लिए रो रहा हूं।' 'हमारे लिए?' राजा ने आश्चर्य से पूछा। 'जी महाराज, मैं एक बात सोच-सोचकर बहुत ही दुखी हूं। देखिए, महाराज, इन सैनिकों ने मार-मारकर मेरी क्या हालत कर दी है, जबकि मैं तो केवल कुछ पलों के लिए ही आपके सिंहासन पर बैठा था। और महाराज, आप तो कितने वर्षों से इस सिंहासन पर बैठा करते हैं। आपने कितनी ज्यादा मार सही होगी।.....अ...उ...उ।' यह बात सुनकर महाराज को भी हंसी आ गई। उनका सारा गुस्सा गायब हो गया।

## सुडोकु 2026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | | | 8 | |
| | | | | | 8 | | 9 | |
| 4 | | | 2 | 1 | | 7 | | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | | | 4 |
| 1 | 5 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | | | | |
| 9 | | | 6 | | | | 5 | 2 |
| 2 | | | 5 | | | 9 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।


### सुडोकु 2025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 5 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 4 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 2 |

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : पहला मुकाबला**

# सचिन बेबी का अर्धशतक केरल बड़े स्कोर की ओर

महानगर संवाददाता



**अहमदाबाद।** सचिन बेबी (नाबाद 69) रनों की अर्धशतकीय जुझारू पारी की बदौलत केरल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं।

केरल ने सोमवार को यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी केरल के लिए अक्षय चंद्रन और रोहन कुन्नुमल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में अक्षय चंद्रन (30) के रनआउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसके बाद रवि बिश्नोई ने रोहन कुन्नुमल (30) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। वरुण नयनार (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जलज सक्सेना ने सचिन बेबी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। अरजान नागवासवाला ने जलज सक्सेना (30) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय केरल ने चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं और सचिन बेबी (नाबाद 69) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद हैं। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला, प्रियजीत सिंह जाडेजा और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**दूसरा सेमीफाइनल : पहले दिन 5 विकेट पर बनाए 308 रन**

# दानिश मालेवर और ध्रुव शौरी के अर्धशतकों से विदर्भ मजबूत




**नागपुर।** दानिश मालेवर (79) और ध्रुव शौरी (74) की जुझारू अर्धशतकीय पारियों की बदौलत विदर्भ ने सोमवार को रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुम्बई के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

विदर्भ ने सोमवार को यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत खराब रही और उसने 39 के स्कोर पर अथर्व तायडे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद ध्रुव शौरी और पार्थ रेखड़े ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शिवम दुबे ने पार्थ रेखड़े (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए दानिश मालेवर ने ध्रुव शौरी का बखूबी साथ निभाया। शम्स मुलानी ने शतक की ओर बढ़ रहे ध्रुव शौरी को रहाणो के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। ध्रुव शौरी ने 109 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। करुण नायर (45) रन बनाकर आउट हुए। दानिश मालेवर 157 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (79) रन बनाये। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। यश राठौड़ (नाबाद 47) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 13) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई के लिए शिवम दुबे और शम्स मुलानी ने दो-दो विकेट लिए। रॉयस्टन डायस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय टीम नई पिच पर खेलेगी अपने मुकाबले

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025: पहला मुकाबला बांग्लादेश से 20 को

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम का चैंपियंस ट्रॉफी में पहला मुकाबला 20 फरवरी को है। टीम इंडिया पहले मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया अपने मैच सुरक्षा कारणों के चलते दुबई में खेलेगी। इस बीच टूर्नामेंट से पहले दुबई की पिच पर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। दुबई की पिच आमतौर पर धीमी होती है और यहां स्पिनर्स को ज्यादा मदद मिलती है, लेकिन इस बार कुछ अलग देखने को मिलने वाला है।

दरअसल, भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने तीनों लीग मैच 20 फरवरी (भारत बनाम बांग्लादेश), 23 फरवरी (भारत बनाम पाकिस्तान) और 2 मार्च (भारत बनाम न्यूजीलैंड) दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी। इस मैदान पर पिछले साल महिला टी20 विश्व कप, मेंस अंडर-19 एशिया कप और आईएलटी20 लीग खेली गई थी। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम ने 15 मैच को होस्ट किए हैं, जिसमें दो नॉकआउट स्टेज मैच शामिल हैं। इस बीच दुबई की पिच पर अपडेट आया है कि टीम इंडिया धीमी पिच पर नहीं खेलेगी। टूर्नामेंट के लिए विशेष रूप से दो फ्रेश पिच को रखा गया है।

एक सूत्र ने बताया, 'डीआईसीएस (दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम) में 10 मैच स्ट्रिप्स हैं। लीग स्टेज के दौरान निर्देश था कि उन दो का अब उपयोग नहीं किया जाएगा और उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ताजा रखने की आवश्यकता है। हालांकि, यह पता नहीं है कि प्लेऑफ के लिए दो में से किसी का उपयोग किया गया था या नहीं। विचार यह है कि यह सुनिश्चित करना है कि यह अधिक उपयोग के बाद कम और धीमा न हो जाए और मैच खींचे नहीं जाए। ताजा पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को समान रूप से सहायता प्रदान करेगी।' ऐतिहासिक रूप से दुबई की पिच पर पेसर्स को खूब विकेट निकालते हुए देखा जाता है, लेकिन इस बार ताजा पिच पर बल्ले और गेंद के बीच उचित संतुलन मिलने की उम्मीद है।

### भारतीय टीम में 5 स्पिनर्स शामिल

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है, जिसमें 5 स्पिनर्स शामिल हैं। रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती का नाम हैं। टीम इंडिया के पहले मैच की प्लेइंग-11 में जडेजा-अक्षर और कुलदीप यादव को मौका मिलने की उम्मीदें ज्यादा हैं।

## पाक की शर्मनाक हरकत : कराची स्टेडियम में नहीं लगाया भारत का झंडा

### वायरल वीडियो के बाद मचा बवाल, भारतीय फैंस में आक्रोश



**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत से पहले ही एक विवाद सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा रहा है कि पाकिस्तान के कराची स्टेडियम में सभी देशों के झंडे लगे हैं, लेकिन भारत का झंडा नहीं लगाया गया।

आईसीसी के नियमों के मुताबिक, कोई भी देश अगर बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, तो उसे सभी हिस्सा लेने वाले देशों के झंडे लगाने होते हैं, लेकिन 8 देशों में से 7 देशों के ही झंडे लगे दिख रहे हैं। इससे एक नया विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान की इस शर्मनाक हरकत का वीडियो सामने आया है, जिससे एक बार फिर बहस का नया टॉपिक मिल गया है। इस मामले पर कोई आधिकारिक जानकारी फिलहाल नहीं सामने आई है, लेकिन वायरल वीडियो की वजह से सोशल मीडिया पर फैंस आगबबूला हो गए हैं।

गौरतलब है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होना है। पहला मुकाबला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में सुरक्षा कारणों के चलते भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। कराची स्टेडियम न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इंग्लैंड टीमों के मैचों की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले भारतीय झंडे को कराची स्टेडियम में नहीं लगाने से विवाद खड़ा हो गया है। इस मैदान पर भारतीय टीम अपने मैच नहीं खेलेगी, तो लोगों का कहना है कि इसलिए शायद भारत का झंडा नहीं लगाया गया, लेकिन मैदान पर ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश के भी मैच नहीं होने, लेकिन उनके झंडे लगाए गए है। इससे फैंस नाराज है और पीसीबी को खूब खरी-खोटी सुना रहे हैं।

**हाईब्रिड मॉडल पर हो रहा है आयोजनः** पाकिस्तान के पास चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी है, लेकिन सुरक्षा कारणों के चलते टूर्नामेंट को हाईब्रिड खेलने का फैसला लिया गया। भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। इस मॉडल के तहत अगर भारत नॉकआउट राउंड के लिए क्वालीफाई करता है, तो उसे सेमीफाइनल और फाइनल समेत अपने सभी मैच दुबई में ही खेलने होंगे।

## पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने से खेलो इंडिया विंटर गेम्स स्थगित

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया विंटर गेम्स के 5वें संस्करण का दूसरा चरण 22 फरवरी से गुलमर्ग में होना था, लेकिन पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने की वजह से इस प्रतियोगिता को स्थगित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल ने इस बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025, जो 22-25 फरवरी के लिए तय थे, अपर्याप्त बर्फबारी की वजह से टाल दिए गए हैं। जब बर्फ की स्थिति में सुधार होगा, तब नई तारीखों की घोषणा की जाएगी। यह लगातार दूसरा साल है, जब बर्फबारी की कमी के कारण इन खेलों को टालना पड़ा है। पिछले साल भी जनवरी में बर्फ नहीं गिरने के कारण इन्हें फरवरी में आयोजित किया गया था।

## आरसीबी ने दिल्ली को आठ विकेट से हराया

महानगर संवाददाता



**वडोदरा।** कप्तान स्मृति मंधाना (81) और डेनिएल वायट (42) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

दिल्ली कैपिटल्स के 141 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए स्मृति मांधना और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने डेनिएल वायट को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेनिएल वायट ने 33 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (42) रन बनाए। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (81) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में शिखा पांड़े ने आउट किया। आरसीबी ने 16.2 ओवर में 146 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। एलिस पेरी (सात) और ऋचा घोष (11) रन बनाकर नाबाद रही। ऋचा घोष ने विनिंग सिक्स लगाया।

**प्रदेश समाचार**

## स्कूली बच्चों को दी जीव जन्तुओं के बारे में जानकारी

**वन्य जीव जागरूकता प्रदर्शनी**

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** दी आनन्दीलाल पोदर ट्रस्ट नवलगढ़ की ओर से कस्बे में संचालित सेठ जीबी पोदार कॉलेज के एनसीसी मैदान पर आयोजित तीन दिवसीय विस्तार-2025 विज्ञान प्रदर्शनी एवं शिक्षण मेले में पक्षिणी फाउंडेशन द्वारा वन्य जीव जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। फाउंडेशन निदेशक डॉ. शंकरलाल सैनी ने बताया कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी में हजारों की संख्या में पहुंचे स्कूली बच्चों ने जीव जन्तुओं के बारे में जानकारी ली। वन्य जीवों का किस प्रकार से संरक्षण किया जा सकता है, इसके बारे में जाना। पक्षी विशेषज्ञ डॉ. दाऊलाल बोहरा ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों से लोगों में जीवों के प्रति संरक्षण की भावना जागृत होगी।



## संजय शर्मा ने संभाला अतिरिक्त जिला कलेक्टर का पदभार

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (क-4) विभाग, राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार आर.ए.एस. अधिकारी संजय शर्मा ने सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर का पदभार ग्रहण कर लिया है। कलेक्ट्रेट अनुभाग के विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर संजय शर्मा को शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर शर्मा ने महाप्रबंधक राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड जयपुर, उप निदेशक समेकित बाल सेवाएं जयपुर, शासन उप सचिव उच्च शिक्षा विभाग जयपुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी करौली सहित अन्य पदों पर सेवाएं दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## आशा सहयोगिनियों को दिया प्रशिक्षण

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय में आशा सहयोगिनियों को प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मस्तराम महंत ने बताया कि आशा सहयोगिनियों को फैमिली फोल्डर एवं सी बेक फॉर्म भरने की जानकारी के साथ-साथ कैचमेंट एरिया में सर्वे करने के निर्देश दिए। डॉ. महावीर प्रसाद सैनी ने आशा सहयोगिनी को बताया कि सर्वे के दौरान बीपी, शुगर, मुंह एवं स्तन कैंसर की जानकारी भी सर्वे में जुटाएं एवं ब्रोसर भी वितरित किए जाएं। प्रशिक्षण के दौरान मीना शर्मा, गुड्डी, विमला, सुनिता, लीला आशा सहयोगिनियां व कम्पाउन्डर मोतीलाल माली, योग प्रशिक्षक मोहित कुमार सोनी, योग प्रशिक्षिका सोनिया जांगिड़ उपस्थित रहे।



# लालसोट विधायक ने किया 23 सड़कों का शिलान्यास

### ज्योतिबा फुले सर्किल के सौंदर्यन व मूर्ति का फीता काटकर किया लोकार्पण

महानगर संवाददाता





**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित नगर परिषद के सामने बाल उद्यान में लालसोट विधायक रामविलास डूंगरपुर, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, नगर परिषद सभापति पिंकी चतुर्वेदी, उपसभापति संतोष स्वामी ने एक साथ नगर परिषद क्षेत्र की 23 सड़कों के कार्यों का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर लालसोट विधायक रामविलास डूंगरपुर ने कहा कि क्षेत्र में एक साथ 23 सड़कों का शिलान्यास दर्शाता है कि भाजपा सरकार शहरों के साथ-साथ गांवों के विकास को भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लालसोट के विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। लालसोट क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया जाएगा उन्होंने कहा कि इन सड़कों पर कुल 4 करोड़ की लागत आएगी, जिससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। इस दौरान लालसोट विधायक व नगर परिषद सभापति पिंकी चतुर्वेदी ने महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल के सौंदर्यीकरण व मूर्ति का लोकार्पण किया।

### ढोल नगाड़ों के बीच थिरके कार्यकर्ता

इस दौरान लालसोट नगर परिषद में एक साथ चार करोड़ की लागत से सड़कों के शिलान्यास होने पर कार्यकर्ताओं व आमजन में खुशी का ठिकाना नहीं रहा और ढोल नगाड़ों की धुन पर थिरकते नजर आए।

इस दौरान पूर्व आईएएस ब्रजमोहन मीणा, भाजपा वरिष्ठ नेता शंभूलाल कुई वाला, उपसभापति संतोष स्वामी, सभापति प्रतिनिधि सोनू बिनोरी, रूपसिंह मीणा, रामचरण बोहरा, सतपाल मीणा, कांजी मीणा, सैनी समाज अध्यक्ष बाबूलाल माली सहित वार्ड पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



लालसोट विधायक रामविलास डूंगरपुर डीडवाना में कक्षा कक्ष का लोकार्पण करते हुए।

### 'सीएम के पास अकेला जाऊं तो पूछते हैं, दोस्त कहां हैं'

लालसोट में शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा विधायकों के बीच जुगलबंदी भी देखने को मिली। लालसोट विधायक रामबिलास मीणा और बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा ने एक दूसरे की जमकर तारीफ की। रामबिलास मीणा ने भागचंद टांकड़ा को अपना अजीज बताया और कहा कि हम किसी भी कार्यक्रम में जाते हैं तो अधिकतर दोनों साथ ही जाते हैं। जब कभी मैं सीएम के पास अकेला चला जाता हूं तो मुख्यमंत्री भी पूछते हैं, आज तुम्हारे मित्र कहां है। वहीं टांकड़ा ने भी मंच से अपने संबोधन में कहा कि आने वाले समय में रामबिलास जी की कोई बात अड़ जाए, तो काम ऐसा करना कि हक से कह सको। कहीं इनकी बात खराब नहीं हो जाए। अगर बड़े भाई की बात खराब हुई तो छोटे भाई की बात खराब हो जाएगी। मुझे इतना पता है कि अगर इन्होंने यस कर लिया तो वो काम होगा ही।

## वार्षिक उत्सव में पांचवीं कक्षा के बच्चों ने बताए सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** श्री राधास्वामी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल, खेजरोली में वार्षिक उत्सव तरंग-2025 का आयोजन किया गया।

को-ऑर्डिनेटर नेहा माथुर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने रिबन काटकर किया। निदेशक मोहरसिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, प्राचार्या प्रेमलता व सभी अभिभावकों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

निदेशक ने बच्चों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के लिए जितना किताबी ज्ञान जरूरी है, उतना ही सामाजिक व व्यावहारिक ज्ञान भी। बच्चे को पढ़ाई से ज्यादा अच्छा स्वास्थ्य भी जरूरी है। उन्होंन सेल्फ स्टडी पर ज्यादा फोकस करने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम में टॉपर बच्चों, स्पोर्ट्स में चैंपियन एवं विद्यालय की अन्य गतिविधियों में अव्वल बच्चों का भी सम्मान किया गया। नन्हे मुन्हे बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव को समझाते हुए सोशल मीडिया थीम पर पांचवी क्लास के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। संचालन विष्णु जोशी, जितेंद्र रावत व आयुषी शर्मा ने किया।

## भाजपा नेता जोशी ने की मां भगवती की कनक दंडवत यात्रा

### डॉ. किरोड़ी की जीत की पपलाज माता मंदिर में मांगी थी मन्नत

महानगर संवाददाता



**लालसोट।** विधानसभा चुनाव के दौरान सवाई माधोपुर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. किरोड़ीलाल मीणा की जीत के लिए मां भगवती पपलाज माता के मंदिर में मांगी गई मन्नत पूरी होने पर लालसोट के भाजपा नेता, पूर्व सदस्य दूरसंचार समिति, नई दिल्ली लालसोट विकास मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर बल्या जोशी ने परिवार के सदस्यों के साथ मां भगवती की कनक दंडवत यात्रा की। इसकी जानकारी कार्यकर्ताओं द्वारा कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को मिलने पर ने कार्यकर्ता जोशी से मिलने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा मार्ग पर पहुंचे। वहीं लालसोट विधायक रामविलास मीणा भी शिव शंकर बल्या जोशी से मिलने पहुंचे और जोशी का माला और साफा पहनकर स्वागत सत्कार किया।

## राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर जिला देहात की कार्यकारिणी गठित

महानगर संवाददाता




**किशनगढ़-रेनवाल।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा, जयपुर जिला देहात की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें किशनगढ़ रेनवाल से विप्र समाज के प्रिंस तिवाड़ी और वीरेंद्र मिश्रा को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। प्रमोद शर्मा युवा जिलाध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर जिला देहात संगठन ने जगदीश नारायण शर्मा अध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर जिला ग्रामीण एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष रामानुज शर्मा के अनुशंसा पर कार्यकारिणी में विप्र समाज किशनगढ़ रेनवाल से प्रिंस तिवाड़ी को संगठन मंत्री तथा वीरेंद्र मिश्रा को सदस्य कार्यकारिणी पद पर नियुक्त किया।

# वार्षिक उत्सव में होनहार विद्यार्थियों का किया सम्मान

महानगर संवाददाता



**नवलगढ़।** ज्योति बाल विद्यापीठ माध्यमिक विद्यालय मोहल्ला खटीकन नवलगढ़ में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा रहे। अध्यक्षता बजरंग लाल जांगिड़ ने की। वहीं समाजसेवी कैलाश चोटिया, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सैनी, समाजसेवी धर्मेंद्र गढ़वाल, स्काउटिंग के नवलगढ़ प्रधान मुरली मनोहर चौपदार, पार्षद प्रतिनिधि राकेश दायमा, खटीक समाज के अध्यक्ष महावीर चावला, ओमप्रकाश सांखला, समता सैनिक दल राजस्थान के अध्यक्ष ओमप्रकाश बौद्ध, शिक्षाविद चौथमल सोंकरिया, पत्रकार व समाजसेवी कमल किशोर पंवार विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने देश भक्ति, राजस्थानी कविता, हिंदी व अंग्रेजी भाषण, नृत्य की प्रस्तुतियां दी। बच्चों द्वारा बनाए गए कार्यशील विज्ञान मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने कहा कि ज्योति बाल विद्यापीठ अपने श्रेष्ठ परिणाम व मेहनत के बलबूते हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान है। अतिथियों ने प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे विद्यार्थियों व अपनी कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। संस्था निदेशक नरोत्तम चौहान ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार जताया।

**एडीआर की रिपोर्ट : भाजपा को सबसे ज्यादा 4340 और दूसरे नंबर कांग्रेस को 1225 करोड़ रुपए मिले, आप का चंदा भाजपा से 200 गुना कम**

# चुनावी बॉन्ड से मिला राष्ट्रीय दलों को प्राप्त चंदे का बड़ा हिस्सा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने राष्ट्रीय दलों को मिले चंदे को लेकर सोमवार को रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में भाजपा को सबसे ज्यादा 4340.47 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस को 1225.12 करोड़ रुपए मिले। एडीआर ने रिपोर्ट में बताया कि पार्टियों को चंदे का बड़ा हिस्सा चुनावी बॉन्ड से मिला है। भाजपा ने अपनी कमाई का कुल 50.96 फीसदी यानी 2211.69 करोड़ रुपए, जबकि कांग्रेस ने अपनी इनकम का 83.69 फीसदी यानी 1025.25 करोड़ रुपए खर्च किया। वहीं आप को चंदे में 22.68 करोड़ रुपए मिले, जबकि पार्टी ने उससे ज्यादा 34.09 करोड़ रुपए खर्च किए। सभी पार्टियों को मिले कुल चंदे का 74.57 फीसदी हिस्सा अकेली भाजपा को मिला है। बाकी 5 दलों को 25.43 फीसदी चंदा मिला है।

| पार्टी | चंदा | खर्च |
|---|---|---|
| BJP | 4340.47 करोड़ | 2211.69 करोड़ |
| कांग्रेस | 1225.12 करोड़ | 1025.25 करोड़ |
| CPI (M) | 167.636 करोड़ | 127.283 करोड़ |
| BSP | 64.7798 करोड़ | 43.18 करोड़ |
| AAP | 22.68 करोड़ | 34.09 करोड़ |
| NPP | 0.2244 करोड़ | 1.139 करोड़ |




## पार्टियों ने भुनाए 4507.56 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड

चुनावी बॉन्ड से भाजपा को सबसे ज्यादा 1685.63 करोड़ रुपए मिले, जबकि कांग्रेस को 828.36 करोड़ रुपए और आप को 10.15 करोड़ रुपए मिले। तीनों पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए 2524.1361 करोड़ रुपए यानी अपने कुल चंदे के 43.36 फीसदी रुपए मिले। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल मई में इस चंदे को असंवैधानिक बताया था। एडीआर को आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ने बताया कि 2023-24 में कई पार्टियों ने 4507.56 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड भुनाए। राष्ट्रीय दलों ने इस फंड का 55.99 फीसदी यानी 2524.1361 करोड़ रुपए खर्च किया। सीपीआई (एम) को 167.636 करोड़ रुपए का चंदा मिला, जिसमें से उसने 127.283 करोड़ रुपए खर्च किए। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को 64.7798 करोड़ रुपए मिले और पार्टी ने 43.18 करोड़ रुपए खर्च किए। नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीपी) को 0.2244 करोड़ रुपए मिले और 1.139 करोड़ खर्च किए।

## कांग्रेस ने चुनाव पर किया सबसे ज्यादा 619.67 करोड़ खर्च

कांग्रेस ने सबसे ज्यादा खर्च 619.67 करोड़ रुपए चुनाव पर किया। इसके बाद प्रशासनिक और अन्य कामों में 340.702 करोड़ रुपए खर्च किए। सीपीआई (एम) ने प्रशासनिक और अन्य कामों में 56.29 करोड़ रुपए और पार्टी के कर्मचारियों पर 47.57 करोड़ रुपए खर्च किए। 6 पार्टियों में से केवल कांग्रेस ने 58.56 करोड़ रुपए और सीपीआई (एम) ने 11.32 करोड़ रुपए कूपन की बिक्री से मिलने की घोषणा की। सीपीआई (एम), कांग्रेस और भाजपा की ऑडिट रिपोर्ट 12 से 66 दिनों की देरी से पेश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय दलों के बीच सबसे आम खर्च चुनाव और प्रशासनिक खर्च था।

## भारत जोड़ो यात्रा-2.0 पर करीब 50 करोड़ खर्च

कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक एडवर्टीजमेंट पर 207.94 करोड़ रुपए और प्रिंटेड एडवर्टीजमेंट पर 43.73 करोड़ रुपए खर्च किए। प्लेन और हेलिकॉप्टर पर पार्टी ने 62.65 करोड़ रुपए, जबकि अपने उम्मीदवारों की वित्तीय मदद में 238.55 करोड़ रुपए खर्च किए। कांग्रेस ने प्रचार के लिए 28.03 करोड़ रुपए और सोशल मीडिया पर 79.78 करोड़ रुपए खर्च किए। पार्टी ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट में बताया कि उसने 2023-24 के दौरान पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की दूसरी भारत जोड़ो यात्रा पर 49.63 करोड़ रुपए खर्च किए। पहली भारत जोड़ो यात्रा पर 71.84 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

---

# दिल्ली में यमुना की सफाई शुरू, तीन साल में पूरा करना होगा काम

### गंदा पानी जाने से रोकने के सख्त निर्देश



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना की सफाई का काम सोमवार को शुरू हो गया। भाजपा ने हालिया चुनाव में इसे बड़ा मुद्दा बनाया था नदी की सफाई के लिए तीन साल का समय तय किया गया है। एलजी वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव के साथ बैठक के बाद सफाई के निर्देश दिए थे। एलजी ऑफिस के मुताबिक यमुना की सफाई चार चरणों में होगी। पहले चरण में नदी से कचरा और गाद हटाई जाएगी। साथ ही नजफगढ़ ड्रेन, सप्लीमेंट्री ड्रेन और अन्य बड़े नालों की सफाई भी होगी। इसके अलावा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की निगरानी रखी जाएगी। 400 एमजीडी (मिलियन गैलन पर डे) सीवेज ट्रीटमेंट की कमी पूरी करने के लिए नए ट्रीटमेंट प्लांट्स बनाए जाएंगे। लक्ष्य पूरा करने के लिए जल बोर्ड, नगर निगम, पर्यावरण विभाग और दिल्ली डवलपमेंट अथॉरिटी मिलकर काम करेंगे। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को सख्त निर्देश दिया गया है कि शहर की इंडस्ट्रियल यूनिट्स गंदा पानी नालों में न छोड़ें। सफाई अभियान की निगरानी हो। मामले में भाजपा नेता हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि सफाई तय समय में पूरी होगी। हमारा लक्ष्य यमुना को साफ करना और कूड़े के पहाड़ों को खत्म करना है।

---

# 'चीन को दुश्मन मानना बंद करे भारत, साथ मिलकर काम करने की जरूरत'

### राहुल के करीबी पित्रोदा का फिर विवादित बयान, कांग्रेस ने बयान से किया किनारा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने एक बार फिर विवादित बयान देते हुए कहा कि भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा सैम पित्रोदा के चीन पर व्यक्त किए गए विचार कांग्रेस के विचार नहीं हैं।

एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए। मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है। हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए। भारत को चीन के प्रति अपने नजरिए को बदलने की जरूरत की है।पित्रोदा ने कहा कि हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है।




### 'कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से निकलना होगा बाहर'

पित्रोदा ने कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड व कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा। दुनिया के सभी देश आगे बढ़ रहे हैं। कुछ तेजी से तो कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी, जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी। हमें इन सब चीजों को एक साथ देखना होगा। सैम पित्रोदा ने अमेरिका पर कहा कि वह अक्सर दुश्मन को डिफाइन करने की प्रवृत्ति रखता है, जिससे बाकी देशों के बीच तनाव बढ़ता है। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर ध्यान देना चाहिए और अपने पड़ोसियों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने का प्रयास करना चाहिए।

### चीन हमारी विदेशी नीति व सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती : कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पित्रोदा का बयान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं। 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से चीन की दी गई क्लीन चिट भी शामिल है।

### पित्रोदा ने कांग्रेस के चीन से हुए समझौते की खोली पोल : भाजपा

पित्रोदा के बयान पर भाजपा हमलावर हो गई है। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पित्रोदा ने कांग्रेस पार्टी के चीन के साथ समझौते की खुलकर पोल खोल दी है। गंभीर बात यह है कि पित्रोदा ने जिस तरह की बात कही है, वह भारत की अस्मिता, कूटनीति और संप्रभुता पर गहरा आघात है। राहुल गांधी ने भी विदेश में ऐसे कई बयान दिए हैं। कुछ समय पहले अपने विदेश दौरे पर राहुल ने कहा था कि चीन ने बेरोजगारी की समस्या का बहुत अच्छे से समाधान किया है। गलवान में हमारे 20 जवान शहीद हुए और उसके बाद अगर आपके सैम पित्रोदा ऐसी भाषा बोलते हैं तो यह निंदनीय है।

---

# कांग्रेस सांसद की पत्नी के आईएसआई कनेक्शन मामले में एसआईटी गठित



महानगर संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने सोमवार को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी के आईएसआई कनेक्शन विवाद मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया। यह पाकिस्तानी प्लानिंग कमीशन के स्थायी सलाहकार अली तौकीर शेख के भारत के आंतरिक मामलों पर सोशल मीडिया पर किए गए कमेंट मामले की जांच करेगी। टीम में चार मेंबर हैं। इसे सीआईडी के स्पेशल डीजीपी एमपी गुप्ता लीड करेंगे। एआईजीपी (प्रशासन) प्रणबज्योति गोस्वामी, एसपी प्रकोष्ठ रोजी कलिता और एडिशनल पुलिस कमिश्नर मोइत्रयी डेका इसका हिस्सा हैं। पुलिस ने सोमवार को ही तौकीर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। असम कैबिनेट ने 16 फरवरी को इसके निर्देश दिए थे। हालांकि गौरव और उनकी पत्नी के खिलाफ केस न दर्ज करने का फैसला हुआ था। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने के आरोप लगाए थे। उनका आरोप है कि तौकीर, एलिजाबेथ का बॉस रह चुका है।

---

# जार की जिला इकाइयों में चुनाव कराने के लिए जिला संयोजक मनोनीत

### 15 दिन में चुनाव कराने का आग्रह

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ने प्रदेश की जिला इकाइयों में संगठन के चुनाव कराने और नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर जिला संयोजकों का मनोनयन किया है।

प्रदेशाध्यक्ष संजय सैनी और प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक ने सभी जिला संयोजकों से आग्रह किया है कि वे 15 दिन में संबंधित जिलों में अध्यक्ष, महासचिव व अन्य पदाधिकारियों का सभी सदस्यों से राय मशविरा कर चुनाव संपन्न कराएं। साथ ही नई कार्यकारिणी के गठन की सूचना प्रदेशाध्यक्ष और प्रदेश महासचिव को भेजें।

जयपुर में भागसिंह, जयपुर ग्रामीण में रामजीलाल शर्मा, जोधपुर में गुरुदत्त अवस्थी, उदयपुर में सुभाष शर्मा, बीकानेर में अनुराग हर्ष, अलवर, खैरथल तिजारा में हरपाल सिंह, अजमेर में अरुण बाहेती, करौली में जयप्रकाश शर्मा, सवाई माधोपुर में दिलीप पाटीदार, झुंझुनूं में इम्तियाज भाटी, राजसमंद में ओमप्रकाश व्यास, प्रतापगढ़ में विवेक उपाध्याय, डूंगरपुर में प्रवीण कोठारी, बांसवाड़ा में सुरेंद्र सोनी, भीलवाड़ा में प्रकाश चपलोत, बारां में कुश मिश्रा, बूंदी में महेंद्र कुमार शर्मा, चित्तौड़गढ़ में विवेक वैष्णव, भरतपुर-डीग में सतपाल सिंह, दौसा में शिवचरण भंडाना, पाली में ओमप्रकाश चतुर्वेदी, सिरोही में किशन वासवानी, झालावाड़ में तूफान सिंह, कोटा शहर में संजीव सक्सेना, कोटा ग्रामीण में भंवर कुशवाह, चूरू में रविशंकर महर्षि, जैसलमेर-बाड़मेर में चंदन सिंह भाटी, कोटपूतली–बहरोड़ में महेश जांगिड़, टोक में पुरुषोत्तम जोशी, नागौर में मनोज चोरडिया और बालोतरा में जाकिर हुसैन को चुनाव संयोजक मनोनीत किया गया है।

---

# सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह व सीएस सहित दस से मांगा जवाब

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने अलवर के सरिस्का में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर होटल संचालित करने व अवैध तरीके से बिजली लेने से जुड़े मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह व उनकी पत्नी अंबिका सिंह सहित राज्य के मुख्य सचिव, प्रमुख वित्त सचिव सहित दस जनों से जवाब देने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश सोमवार को अशोक पाठक की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट के 15 सितंबर 2023 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ चार आपराधिक केस लंबित रहने के आधार पर उसकी इस मामले में दायर जनहित याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता के एडवोकेट एके शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट किसी मुद्दे पर दायर जनहित याचिका को केवल इस आधार पर खारिज नहीं कर सकता कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज हैं और ऐसे में वह कैसे पीआईएल दायर कर सकता है। जबकि उन सभी केसों में याचिकाकर्ता को पूर्व में ही बरी कर दिया गया था। ऐसे में हाईकोर्ट ने उसकी पीआईएल को गलत तरीके से खारिज किया है। इसलिए मामले में राज्य सरकार सहित अन्य पक्षकारों से जवाब मांगा जाए। जिस पर अदालत ने भंवर जितेन्द्र सिंह सहित अन्य पक्षकारों से जवाब देने के लिए कहा है।

---

# 'ग्रामीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध'

### ऊर्जा मंत्री ने 10 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को कोटा जिला के सांगोद विधानसभा क्षेत्र के ढोटी में 10 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने ग्राम ढोटी और देवली में आरसीसी पुलिया एवं सीसी मय नाला निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नागर ने कहा कि सरकार किसानों और ग्रामीणों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पिछले बजट में सांगोद क्षेत्र को कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सौगात मिली थी और आगामी बजट में भी विकास कार्यों की गति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसान हितैषी है और किसानों को आर्थिक मजबूती देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



## बेहतर सड़क और जल प्रबंधन पर जोर

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ढोटी और देवली के सड़क निर्माण कार्य पूरे होने और कंधाफल से ढोटी के जुड़ने के बाद इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे किसानों की उपज को मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी और ग्रामीणों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि परवन सिंचाई परियोजना के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा देवली क्षेत्र के उन गांवों के लिए भी विशेष परियोजना तैयार की जा रही है, जो अब तक पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के लाभ से वंचित रहे हैं। इन गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए डैम बनाकर पानी लिफ्ट किया जाएगा। इससे सिंचाई और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होगी, साथ ही गांवों में जलस्तर भी बेहतर होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस परियोजना के तहत किसानों की जमीन डूब क्षेत्र में नहीं आएगी और औद्योगिक विकास के नए अवसर भी खुलेंगे।

---

# उदयपुर और बीकानेर में धर्म परिवर्तन से गरमाया माहौल

### पुलिस ने दबिश देकर मकान मालिक दंपती के साथ 11 लोगों को किया डिटेन

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** भजनलाल सरकार इस विधानसभा सत्र में धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक लाने की तैयारी कर चुकी है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में धर्म परिवर्तन से जुड़े तीन चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं। उदयपुर और बीकानेर में धर्म परिवर्तन की घटनाओं को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है, जिससे दोनों जिलों में माहौल गर्माया हुआ है। उदयपुर में तो सांसद मन्नालाल रावत की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और कार्रवाई करते हुए मुंगेड भगोरा फला इलाके में छगनलाल भगोरा नामक व्यक्ति के घर दबिश देकर मकान मालिक दंपती के साथ 11 लोगों को डिटेन किया है। पुलिस मकान मालिक दंपती सहित सभी 11 लोगों को थाने लाकर धर्म परिवर्तन सम्बंधित पूछताछ कर रही है। इसी प्रकार बीकानेर में भी बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं की सूचना पर बंगलानगर में पुलिस ने दबिश देकर महिलाओं और पुरुषों को पकड़ा है।



---

# खान विभाग की टीमों ने बजरी के अवैध परिवहन में लिप्त 9 वाहन किए जब्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** खान विभाग की भीलवाड़ा और बिजौलिया टीमों ने सोमवार तड़के अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई कर 9 वाहन जब्त कर संबंधित थानों को सुपुर्द किए। एसएमई ओपी काबरा ने बताया कि बड़लियास में तीन ट्रैक्टर और एक ट्रेलर, बागौर में बजरी का अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर संबंधित थानों को सुपुर्द किए गए। भीलवाड़ा एमई टीम द्वारा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर रायपुर थाने के सुपुर्द की गई। भीलवाड़ा के अधीक्षण अभियंता काबरा के निर्देशन में एमई भीलवाड़ा महेश शर्मा और एमई बिजौलिया प्रवीण अग्रवाल की टीमों ने तड़के इन वाहनों को जब्त किया। एमई बिजौलिया अग्रवाल ने नेतृत्व में फोरमेन गिरिराज मीणा की टीम ने मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर मांडलगढ़ थाने को सौंपे गए।

---

# जोजरी नदी में फैक्ट्रियों का छोड़ा जा रहा प्रदूषित जल: गहलोत

### तीन महीने से रुका है जीरो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि जोधपुर में जोजरी नदी का प्रदूषण किसानों, जल्य जीवों एवं पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। गहलोत ने अपने मीडिया हैंडल 'एक्स' पर इस विषय में कहा कि क्षेत्र की फैक्ट्रियों एवं उद्योगों की ओर से बिना शुद्धिकरण के अपशिष्ट जल सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे नदी का पानी तो प्रदूषित होता ही है, साथ ही वहां के वातावरण को भी प्रदूषित करता है। उन्होंने कहा कि यह भी जानकारी में आया है कि जोजरी नदी पर लगे जीरो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम भी तीन महीने से रुका हुआ है। इससे सीवर का पानी बिना ट्रीट हुए ही नदी में जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रदूषित जल से जोधपुर, पाली एवं बालोतरा जिलों में फसलों को भारी नुकसान हो रहा है एवं मनुष्यों तथा पशुओं में भी रोग उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह किया है कि इस समस्या को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे प्रभावित लोगों को राहत मिल सके।



---

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री बंद

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री बंद कर दी गई है। भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सोमवार से शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक अगले एक सप्ताह के लिए प्लेटफार्म टिकट की बिक्री बंद करने का निर्णय लिया गया है। दो दिन पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ की वजह से मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद अब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात कर दी गई है। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ की एक कंपनी को भी रेलवे की सुरक्षा में लगाया है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि में नया मोड़, राजनीतिक स्थिरता और सुधारों से मिली मजबूती!

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था आज न केवल स्थिरता के साथ आगे बढ़ रही है, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी पहचान भी मजबूत कर रही है।

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक संरचना मजबूत बनी हुई है और यह स्थिर राजनीतिक शासन के साथ निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। यह सफलता सरकार की नीतियों, आर्थिक सुधारों और जनता के विश्वास का परिणाम है। हाल ही में पेश किया गया बजट 2025 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। इस बजट में वित्तीय अनुशासन, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। यह बजट न केवल वर्तमान आर्थिक



चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है, बल्कि भविष्य में सतत विकास को भी सुनिश्चित करता है।

### विकास की नींव

भारत में वर्तमान भाजपा-नेतृत्व वाले एनडीए प्रशासन ने हाल के विधानसभा चुनावों में महत्वपूर्ण जीत हासिल की है। यह जीत न केवल सरकार की लोकप्रियता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि जनता विकास और सुधारों के प्रति सकारात्मक है। स्थिर राजनीतिक शासन ने आर्थिक नीतियों को लागू करने और देश को विकास की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अर्थव्यवस्था की मजबूती

पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार ने कई आर्थिक सुधारों और नीतियों को लागू किया है, जिससे अर्थव्यवस्था की संरचना मजबूत हुई है। जीएसटी, इंसॉल्वेंसी एंड बैंक्रप्टसी कोड और कोरोनाकाल में आत्मनिर्भर भारत पैकेज जैसे सुधारों ने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। इन सुधारों के कारण भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद एक मजबूत स्थिति में है।

## सोढानी एकेडमी ने जयपुर में खोला लाइव ट्रेडिंग सेंटर



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सोढानी एकेडमी ऑफ फिनटेक इनेबलर्स लिमिटेड (एसएएफई) ने सोमवार को वैशाली नगर में भारत के पहले लाइव ट्रेडिंग सेंटर का शुभारंभ किया। जहां भारत के शीर्ष विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर अत्याधुनिक स्टूडियो और कौशल विकास के लिए कक्षा का भी उद्घाटन किया गया। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कक्षा का उद्घाटन किया। इस मौके पर नवीनतम पुस्तक 'मस्ती की पाठशाला' का विमोचन भी किया गया। स्टूडियो का उद्घाटन गंगादेवी सोढानी ने किया।

सोढानी एकेडमी के संस्थापक राजेश कुमार सोढ़ानी ने बताया कि पुस्तक में छात्रों के लिए वित्तीय साक्षरता को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक बच्चों को बचपन से ही पैसे के महत्व और निवेश की मूलभूत समझ प्रदान करने के लिए तैयार की गई है।

## स्पैम कंट्रोल पर ट्राई के नए नियमों का टेलीकॉम कंपनियों ने किया विरोध

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दूरसंचार परिचालकों ने सोमवार को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी स्पैम नियंत्रण संबंधी नवीनतम विनियमों के खिलाफ आवाज उठाई, जिसमें कहा गया कि डिलीवरी टेलीमार्केटर (टीएम) और ओटीटी कम्युनिकेशन सेवाओं को विनियमों के दायरे में लाया जाना चाहिए था। अनुपालन बोझ और जुर्माने में वृद्धि के खिलाफ भी तर्क दिया गया है। सीओएआई के महानिदेशक एसपी कोचर ने बयान में कहा, 'टीएसपी की सबसे महत्वपूर्ण मांगों में से एक यह थी कि अवैध संचार को नियंत्रित करने के लिए डिलीवरी टेलीमार्केटर्स को विनियमन के दायरे में लाए जाने के बाद ही इस संशोधन को जारी किया जाना चाहिए। यह बात सार्वजनिक रूप से पता है कि दूरसंचार विभाग पहले से ही टीएम के प्राधिकरण के संबंध में ट्राई से इनपुट चाह रहा है।

### बजट के बाद वित्त मंत्री की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस

# अर्थव्यवस्था दे रही निवेश पर अच्छा रिटर्नः सीतारमण

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** बजट 2025 में दी गई आयकर में भारी छूट का मतलब यह नहीं है कि सरकार ने पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यह बात कही। वित्त मंत्री की यह प्रतिक्रिया बजट 2025-26 में सालाना 12 लाख रुपए तक की आय वाले लोगों को आयकर के दायरे से बाहर रखने के बाद यह बहस शुरू होने के बाद आई है कि सरकार ने लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी के आंकड़ों में मुंबई में हितधारकों के साथ बजट के बाद की बातचीत में, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत पर जोर दिया गया है, सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत व्यय प्रावधानों में लगातार वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि व्यापक तस्वीर यह है कि कोविड के बाद से सरकार का जोर पूंजीगत संपत्ति बनाने के लिए सार्वजनिक व्यय पर बना हुआ है। इस बार, बजट 2025 में पूंजीगत व्यय पर खर्च का प्रस्ताव 10.2 प्रतिशत अधिक और लगभग 16 लाख करोड़ रुपए है, जिसमें पीएसयू पूंजीगत व्यय भी शामिल है। सरकार ने खुद 2025-26 के लिए 11.21 लाख रुपए का पूंजीगत व्यय बजट में रखा है।



### वित्त मंत्री ने दी प्रतिक्रिया

आयकर पर सरकार के हालिया फैसले से मध्यम आय वर्ग के एक करोड़ भारतीय करदाता कर के दायरे से बाहर आ जाएंगे। इन कर राहत प्रस्तावों के परिणामस्वरूप, सरकार प्रत्यक्ष करों के मद में लगभग 1 लाख करोड़ रुपए और अप्रत्यक्ष करों के मद में 2600 करोड़ रुपए का राजस्व गंवा देगी। सरकार को उम्मीद है कि कम आयकर होने से करदाता पैसे बचाकर इसे उपभोग, बचत या निवेश के रूप में अर्थव्यवस्था में वापस लगाएंगे। इक्विटी बाजार में एफआईआई की बिकवाली पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में ऐसा माहौल है जिसमें निवेश से अच्छा रिटर्न मिल रहा है और इसके साथ ही मुनाफावसूली भी हो रही है।

### ई-बॉन्ड और ई-बीजी सुविधा का शुभारंभ

अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस के अवसर पर, वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने एकल अनुबंध- ई-बॉन्ड और ई-बीजी सुविधा का शुभारंभ किया। इसके साथ ही अब प्रत्येक बंदरगाह पर लेनदेन-आधारित बॉन्ड को मैन्युअल रूप से जमा करने की आवश्यकता को अखिल भारतीय बहुउद्देशीय इलेक्ट्रॉनिक बॉन्ड/इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी से बदला जाएगा।

### पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ होने का अनुमान

2024-25 के संशोधित अनुमानों में 13.18 लाख करोड़ के मुकाबले प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ होने का अनुमान है। प्रभावी पूंजीगत व्यय में मुख्य पूंजीगत व्यय और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्यों को दिया जाने वाला सहायता अनुदान शामिल हैं। हालांकि पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए सहायता अनुदान को बजट में राजस्व व्यय के रूप में शामिल किया जाता है, लेकिन वे राज्यों में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर खर्च होते हैं हैं।

### पूंजीगत व्यय पर जोर सरकार की प्राथमिकता

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय बजट बढ़ाया है और साथ ही कर में कटौती के माध्यम से कुछ रियायतें दी हैं, खासकर व्यक्तिगत आयकर, उन लोगों के लिए जो खर्च करना या बचत करना या निवेश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, पूंजीगत व्यय पर जोर हमेशा से ही हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर में

## फोर्टी के संवाद कार्यक्रम में करेंगे शिरकत



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) की ओर से मंगलवार को राष्ट्र निर्माण में राजस्थान के व्यापारियों की भूमिका विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के तौर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिरकत करेंगे।फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल व संरक्षक सुरजाराम मील ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश का उद्योग और व्यापारिक वर्ग उपराष्ट्रपति के साथ संवाद से मार्गदर्शन प्राप्त करेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, मुख्य सचिव नरेश सिंघल, गिरधारी खंडेलवाल, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव विकास अग्रवाल, वुमन विंग एडवाइजर पूजा अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीलम मित्तल, सहसंयोजक प्रशांत शर्मा, सदस्य विनय गोधा, विजय अग्रवाल के साथ कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सोना-चांदी में आई गिरावट

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में 17 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,039 रुपए कम होकर 84,959 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 85,998 रुपए पर था। वहीं 14 फरवरी को सोने ने 86,089 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। एक किलो चांदी की कीमत 2,930 रुपए गिरकर 95,023 रुपए किलो हो गई है। कल चांदी का भाव 97,953 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

# 2025 के सीजन में चीनी उत्पादन कम होने की आशंका

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत के चीनी उद्योग में चालू चीनी सीजन वर्ष 2025 (एसएसवाई25) के लिए उत्पादन में उल्लेखनीय गिरावट देखी जा रही है, जिसमें कुल उत्पादन 27 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से नीचे गिरने की उम्मीद है। यह पिछले साल के 31.8 एमएमटी के मुकाबले तेज गिरावट है। सेंट्रम ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। 15 फरवरी, 2025 तक देश में चीनी उत्पादन 19.77 एमएमटी है, यह आंकड़ा पिछले सीजन की इसी अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत कम है। उत्पादन में गिरावट मुख्य रूप से इथेनॉल उत्पादन के लिए अधिक चीनी के इस्तेमाल और गन्ने की उपलब्धता में कमी के कारण है।



चीनी उत्पादन के राज्यवार आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां चीनी उत्पादन में सालाना 14 फीसदी की गिरावट आई है। कर्नाटक में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि उत्तर प्रदेश में 8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। उल्लेखनीय रूप से, पिछले पखवाड़े में कर्नाटक की गन्ना उपलब्धता में साल-दर-साल आधार पर 22 फीसदी की गिरावट आई। महाराष्ट्र में गन्ने की उपलब्धता में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत कम हुई वहीं यूपी में चालू सीजन के लिए गन्ने की उपलब्धता 1.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अपेक्षाकृत स्थिर रही।

रिपोर्ट के अनुसार घटती गन्ना आपूर्ति ने कई मिलों को उम्मीद से पहले पेराई कार्य बंद करने के लिए मजबूर किया है। 31 जनवरी तक 23 मिलों ने पेराई का काम बंद किया था, जबकि 15 फरवरी तक 51 मिलों ने परिचालन बंद कर दिया। एसएसवाई 25 के लिए कुल गन्ना पेराई पिछले सीजन के 228 एमएमटी से 4.5 प्रतिशत कम होकर 218 एमएमटी रह गई।

हाल ही में नीतिगत बदलाव करते हुए सरकार ने भारतीय खाद्य निगम चावल के मूल्य वृद्धि को वापस लेते हुए इसे 22.5 रुपए प्रति किलोग्राम तय कर दी है।

हालांकि, इथेनॉल मूल्य की कीमतों में बदलाव ने कारोबार से जुड़े लोगों को निराश किया है, क्योंकि केवल सी-हैवी रूट में 3 प्रतिशत की कीमत वृद्धि देखी गई, जो कि बी-हैवी और प्रत्यक्ष इथेनॉल उत्पादन में व्यापक वृद्धि की उम्मीदों के विपरीत है। उद्योग के विशेषज्ञों का सुझाव है कि मिलें सीएच आधारित इथेनॉल उत्पादन पर जोर दे सकती हैं, जिससे संभावित रूप से चीनी उत्पादन अधिक और इथेनॉल उत्पादन कम हो सकता है। उत्पादन में गिरावट के बावजूद, चीनी की कीमतें स्थिर और लाभकारी बनी हुई हैं। उत्तर प्रदेश में चीनी की कीमतें 41,000 रुपए प्रति टन के आसपास हैं, जबकि महाराष्ट्र में कीमतें 37,500 रुपए प्रति टन से ऊपर हैं।

इन अनुकूल मूल्य स्तरों के कारण वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष 2026 में चीनी मिलों के लिए लाभप्रदता बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार की ओर से हाल ही में 1 एमएमटी चीनी निर्यात कोटा को मंजूरी दिए जाने से घरेलू चीनी की कीमतों को और उछाल मिल सकता है। इसे कमजोर रुपए और वैश्विक बाजार में चीनी की बढ़ती कीमतों से भी मदद मिल सकती है।

## स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम का जश्न मनाने एकत्र हुए उद्यमी, साफ्टवेयर प्रतिनिधियों का किया सम्मान



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ज्ञान मंदिर ऑडिटोरियम और गर्ल्स गार्डन में आयोजित स्टार्ट-अप एक्सपो 2025 एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। जिसमें उद्यमशीलता, तकनीकी नवाचार और सहयोगात्मक विकास का जश्न मनाया गया।

कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार धनोपिया ने बताया कि एक्सपो में 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें उद्योग जगत के दिग्गज, निवेशक और नवोदित उद्यमी शामिल रहे। स्टार्ट-अप्स ने एआई, सतत विकास और स्वचालन से जुड़े नवीनतम प्रोटोटाइप प्रदर्शित किए। प्रतिभागियों ने सहयोग एवं निवेश के अवसरों की खोज की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटोग्राफी और नेटवर्किंग लंच के साथ हुआ, जिसने उपस्थित लोगों के बीच संबंध मजबूत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फोर्टी डॉ. अलका गौड़, गेस्ट ऑफ ऑनर शंकर अग्रवाल, मनोज पिपरसानिया एवं राजस्थान के उद्यमशीलता ईकोसिस्टम को समर्पित प्रमुख हस्तियों को विशेष सम्मान दिया गया। साथ ही फैकल्टी सदस्य डॉ. नीलम चौधरी और डॉ. मोनिका माथुर ने फोर्टी वीसी, टेन्सेक्स और किसटेक्नो सॉफ्टवेयर के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया।

'स्टार्ट-अप आर्थिक प्रगति की रीढ़ हैं। फोर्टी हमेशा उद्यमियों को नीति समर्थन और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।'

**डॉ. अलका गौड़**

'भविष्य स्वचालन का है। स्मार्ट समाधान अपनाकर व्यवसाय अभूतपूर्व दक्षता प्राप्त कर सकते हैं।'

**मनोज पिपरसानिया**

### कार्यशाला — सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग ने किया उद्घाटन

# भारत में सतत विकास लक्ष्यों के लिए सीजीडी का लाभ उठाने पर मंथन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने नागरिक-जनित डेटा का उपयोग करने के लिए अपनी चल रही पहलों के हिस्से के रूप में सोमवार को यहां भारत में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए नागरिक-जनित डेटा (सीजीडी) का लाभ उठाने पर एक कार्यशाला आयोजित की।

कार्यशाला का उद्देश्य डेटा अंतराल को संबोधित करने और राष्ट्रीय सांख्यिकीय परिदृश्य में समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एक मूल्यवान उपकरण के रूप में सीजीडी के बारे में जागरुकता और समझ को बढ़ाना है। इसने भारतीय संदर्भ में सीजीडी पर कोपेनहेगन फ्रेमवर्क की प्रासंगिकता पर चर्चा करने और देश की सांख्यिकीय प्रणाली के भीतर इसके संभावित अनुकूलन का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान किया। चर्चा में डेटा पारिस्थितिकी तंत्र को



मजबूत करने और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग ने किया। इसमें लगभग 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें केंद्रीय मंत्रालयों, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, साथ ही संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे।

डॉ. गर्ग ने अपने उद्घाटन भाषण में आधिकारिक सांख्यिकी के एक मूल्यवान पूरक के रूप में नागरिक-जनित डेटा के महत्व पर जोर दिया, जो डेटा अंतराल को पाटने और समावेशिता को बढ़ावा देने में मदद करता है। उन्होंने भारत की सांख्यिकीय प्रणाली में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की महत्वपूर्ण भूमिका और एसडीजी निगरानी और रिपोर्टिंग में सीजीडी को एकीकृत करने की संभावना तलाशने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत पहले से ही सहभागी नियोजन प्रक्रियाओं, सामाजिक लेखा परीक्षा और केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली में लगा हुआ है, ये सभी पहल सरकार के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। यह एसडीजी के कोई भी पीछे न छूटे के सिद्धांत के अनुरूप है। इसके अलावा इन प्रयासों को एक व्यापक ढांचे के माध्यम से बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने डेटा में नागरिक योगदान की पूरी क्षमता को उजागर करने में शामिल विभिन्न चुनौतियों को रेखांकित किया जैसे कि व्यक्तिपरकता, प्रतिनिधित्व, गोपनीयता और सुरक्षा, मापनीयता, स्थिरता आदि।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के महानिदेशक एनके संतोषी ने अपने स्वागत भाषण में एसडीजी निगरानी के लिए व्यापक डेटा आवश्यकताओं और बारीक अंतर्दृष्टि की आवश्यकता को संबोधित करने के लिए मंत्रालय के प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय गैर-पारंपरिक डेटा स्रोतों, जैसे कि नागरिक-जनित डेटा, भू-स्थानिक जानकारी और अन्य नवीन दृष्टिकोणों की खोज कर रहा है। ताकि आधिकारिक सांख्यिकी को पूरक बनाया जा सके और विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर एसडीजी प्रगति की ट्रैकिंग को मजबूत किया जा सके।

## आरबी-आईओएस 2021 के नाम से लोकपाल शब्द हटाया

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की आरबी-आईओएस 2021 को अब हिन्दी में एकीकृत लोकपाल योजना-2021 की जगह रिजर्व बैंक एकीकृत ऑम्बड्समैन योजना-2021 के नाम से जाना जाएगा। नाम में ये परिवर्तन किसी भी तरह के भ्रम का निवारण करने के लिए किया गया है। इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक में द्वारा विनियमित संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में कमी से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के मुफ्त समाधान के लिए 2021 में आरबीआई ने आरबी-आईओएस 2021 की शुरुआत की थी। योजना की शुरुआत होने के बाद इसे हिंदी में रिजर्व बैंक-एकीकृत लोकपाल योजना 2021 का नाम दिया गया। हालांकि लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013 सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले पदाधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने और उससे जुड़े या उसके आनुषांगिक मामलों के लिए केंद्र में लोकपाल और राज्यों में लोकायुक्त निकाय बनाने का प्रावधान करता है।

# मोनिलेक अस्पताल में मरीज के हृदय में लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण

**जयपुर (मसं)।** मोनिलेक अस्पताल की कार्डियोलॉजी टीम ने वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. लेखराज चौधरी के नेतृत्व में एक वृद्ध मरीज के दाएं वेंट्रिकल कैविटी में लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया। यह जटिल प्रक्रिया दो दिन पहले संपन्न हुई थी। मरीज क्रॉनिक किडनी डिजीज, उच्च रक्तचाप और मधुमेह सहित अन्य बीमारियों से ग्रस्त था। अस्पताल की मेडिकल टीम की सूझबूझ और कुशलता से यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। मरीज की स्थिति स्थिर रहने के बाद आज उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मोनिलेक अस्पताल में हुआ यह लीडलेस पेसमेकर इम्प्लांटेशन चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। पारंपरिक पेसमेकर की तुलना में यह तकनीक कम जटिल, अधिक सुरक्षित और प्रभावी होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह मरीजों के लिए एक नई आशा की किरण साबित हो सकती है।



# कृषि पत्रकार महेन्द्र मधुप हुए सम्मानित

**जयपुर (मसं)।** वरिष्ठ कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार व मिशन पर्यावरण योद्धा परिवार के संस्थापक डॉ. महेन्द्र मधुप को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत और इंडियन जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशनबल पंडित द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह गोवा के मडगांव के निकट कोलमार बीच पर आयोजित आईजेयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार जयदेव शर्मा को भी सम्मानित किया गया। देशभर से आए पत्रकारों ने इस कार्यक्रम में पत्रकारिता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डॉ. महेन्द्र मधुप ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों के सामने मौजूद गंभीर चुनौतियों को रेखांकित किया। बैठक में कृषि, पर्यावरण और मीडिया की स्वतंत्रता पर चर्चा हुई, जिससे पत्रकारिता क्षेत्र में नए विचारों और रणनीतियों को बल मिला।

### प्रयागराज महाकुंभ से लौटने पर संत अवधेश दास महाराज का भव्य अभिनंदन

# महाराजश्री के जगद्गुरु बनने से छोटी काशी का पूरे देश में बढ़ा मान-सम्मान : शर्मा



विधायक गोपाल शर्मा ने माल्यार्पण व शॉल-साफा पहनाकर किया स्वागत।



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** स्वेज फार्म सोडाला स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के महंत अवधेश दास महाराज का प्रयागराज महाकुंभ में जगद्गुरु दिवाकर द्वाराचार्य की उपाधि मिलने के बाद सोमवार को जयपुर आगमन पर सार्वजनिक अभिनंदन किया गया।

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने भी माल्यार्पण कर संत अवधेश दास महाराज का गर्म जोशी से स्वागत किया। उन्होंने महाराजश्री को साफा पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। विधायक शर्मा ने कहा कि महाराजश्री के जगद्गुरु बनने से छोटी काशी का पूरे देश में मान-सम्मान बढ़ा है। इनके सान्निध्य में छोटी काशी में धार्मिक आयोजन का एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा। इस मौके पर सोडाला के राम मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नंदपुरी, गोविंदपुरी होते हुए सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पहुंची। संत अवधेश दास महाराज सजी हुई बग्घी पर विराजमान रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर मंदिर में भव्य सजावट की गई। भजन कीर्तन और भंडारा का भी आयोजन हुआ। गौरतलब है कि जगद्गुरु दिवाकर द्वाराचार्य को चतुर्थ संप्रदाय और अखाड़ा परिषद की ओर से महाकुंभ मेले के दौरान प्रयागराज में हजारों साधु- संतों की उपस्थिति में उपाधि प्रदान की गई थी।

# सचिवालय में लगे ग्रेड वन लिपिकों के दस्तावेज की होगी जांच

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** शासन सचिवालय में लगे 2018 बैच के ग्रेड वन लिपिक जांच के दायरे में आ गए हैं। सरकार इनके दस्तावेजो की जांच करेगी। यह जांच बुधवार से शुरू होगी। कार्मिक विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इन लिपिकों की भर्ती 2018 में कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती परीक्षा के माध्यम से हुई थी। सरकार की ओर से इस भर्ती में चयनित ग्रेड सैकंड लिपिकों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके लिए गठित समिति ने ही हाल में हुई बैठक में यह तय किया है कि लिपिक ग्रेड वन के दस्तावेजों की जांच भी की जाए। इसी के तहत यह जांच बुधवार से शुरू होगी। कर्मचारियों को अपने दस्तावेज लेकर समिति के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित होना होगा।

# शिक्षकों की विधानसभा प्रदर्शन रैली की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**जयपुर (मसं)।** लाल कोठी स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक हुई। संगठन के महामंत्री नवीन शर्मा ने बताया कि बैठक में 24 फरवरी को विधानसभा पर शिक्षकों की विभिनन मांगों को लेकर आयोजित की जाने वाली रैली की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने बताया कि शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर सरकार को कई बारअवगत करवाया गया लेकिन सरकार की उदासीनता को देखते हुए 24 फरवरी को विधानसभा पर रैली करने का निर्णय लिया गया। जिला प्रवक्ता डॉ. अमित मीणा ने बताया कि रैली के लिए सभी ब्लॉकों के विद्यालयों में संपर्क किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित संरक्षक रामेश्वर सैनी, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मीणा, जिला अध्यक्ष रामसवरूप वर्मा कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार शर्मा, जिला महामंत्री पुष्प भूषण शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# मंत्री यादव से की अहीर रेजिमेंट की मांग

**जयपुर (मसं)।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राव यादव सोमवार को जयपुर पहुंचे। इस दौरान राजस्थान यादव युवा महासभा की प्रदेश इकाई ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका भव्य स्वागत किया। सेना में अहीर रेजिमेंट को लेकर वर्षों से चली आ रही मांग को लेकर खुलकर चर्चा की। इस पर मंत्री यादव ने भी मांग को रक्षा मंत्रालय तक पहुंचाने एवं मजबूती के साथ पक्ष रखने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव, राजस्थान यादव महासभा के अध्यक्ष डॉ. करण सिंह यादव, कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव, ओम प्रकाश यादव, बंशीधर यादव, हनुमान यादव उपस्थित रहे।





# वीरेंद्र शर्मा बने सोसायटी अध्यक्ष

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** एलेक्सा गोम्स सोसायटी की नई कार्यकारिणी गठित की गई है। करौली के वीरेंद्र शर्मा को सोसायटी का अध्यक्ष बनाया गया है। कार्यकारिणी के गठन के बाद शपथ ग्रहण करवाया गया। समारोह में विकास जैन और रमेश आहुजा ने शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सचिव डॉ. ज्योति सिंह सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।


**खोया-पाया**

मैं धर्मेंद्र कुमार शर्मा जो कि मेरा एक प्लॉट नंबर D-258 योजना कल्पना नगर आगरा रोड जयपुर जेडीए का मूल कब्जा पत्र गुम हो गया है जिसकी एफ आई आर दर्ज है। मिलने पर सूचित करें मो.नं.- 8058775504

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: जविप्रा/जोन-6/2025/डी-308 दिनांक: 14.02.2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री खेमाराम जाट पुत्र श्री मांगीलाल सुण्डा द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजि. हकत्याग पत्र के आधार पर शंकर भवन गृ.नि.स.स. की योजना ग्रीनपार्क-डी प्रथम के भूखण्ड संख्या 37 क्षेत्रफल 244.44 व.ग. में से पश्चिमी भाग 73.33 व.ग. उत्तरी भाग 85.55 व.ग., दक्षिणी भाग 85.55 व.ग. का उपविभाजन/पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। समिति द्वारा भूखण्ड संख्या 37 क्षेत्रफल 244.44 व.ग. का आवंटन पत्र श्री छिगन लाल शर्मा पुत्र श्री धन्नालाल शर्मा के पक्ष में जारी किया गया है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना ग्रीनपार्क-डी प्रथम के भूखण्ड संख्या 37 क्षेत्रफल 244.44 व.ग. में से पश्चिमी भाग 73.33 व.ग., उत्तरी भाग 85.55 व.ग. दक्षिणी भाग 85.55 व.ग. का उपविभाजन/पट्टा श्री खेमाराम जाट के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-6, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: जविप्रा/उपा.जोन-8/2024/डी- दिनांक: 10.01.2025

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नाजिम हुसैन पुत्र जमालउद्दीन द्वारा मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना गणेश नगर विस्तार के आवासीय भूखण्ड संख्या 60 क्षेत्रफल 170.83 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त योजना गणेश नगर विस्तार के आवासीय भूखण्ड संख्या 60 क्षेत्रफल 84.17 व.ग.का लीजहोल्ड पट्टा दिनांक 08.01.2013 को श्री राजकुमार सैनी पुत्र श्री घासी राम सैनी के पक्ष में जारी किया गया था। तत्पश्चात् इनके द्वारा उक्त सम्पूर्ण भूखण्ड का बैचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से श्री नाजिम हुसैन पुत्र जमालउद्दीन को दिनांक 10.09.2024 को किया गया है। अतः उक्त योजना गणेश नगर विस्तार के आवासीय भूखण्ड संख्या 60 क्षेत्रफल 170.83 व.ग. का नाम हस्तान्तरण दिये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा समय सीमा पश्चात आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहें।

उपायुक्त जोन-8, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: जविप्रा/उपा.जोन-8/2024/डी-6 दिनांक: 10.01.2025

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनिता सैनी पत्नी श्री रवि शंकर माली द्वारा निजी खातेदारी की योजना गिरधर वाटिका ए-ब्लॉक के आवासीय भूखण्ड संख्या 31 व 32 का पुनर्गठन/उपविभाजन कर लीजहोल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार उक्त भूखण्ड संख्या 31 क्षेत्रफल 120 व.ग. का लीजहोल्ड पट्टा जोन के पत्र क्रमांक 28 दिनांक 01.10.2013 एवं भूखण्ड संख्या 32 क्षेत्रफल 116.55 व.ग. का लीजहोल्ड पट्टा जोन के पत्र क्रमांक 05 दिनांक 30.09.2013 के द्वारा श्री विकास सहारन पुत्र श्री जगदीश सहारन के पक्ष में जारी किया गया था। लीजधारक श्री विकास सहारन पुत्र श्री जगदीश सहारन ने भूखण्ड संख्या 31 क्षेत्रफल 120 व.ग. व भूखण्ड संख्या 32 क्षेत्रफल 116.55 व.ग. को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.01.2024 के द्वारा श्री लेखराज सिंह पुत्र श्री दलवीर सिंह को विक्रय किया गया है। तत्पश्चात श्री लेखराज सिंह पुत्र श्री दलवीर सिंह ने उक्त भूखण्ड संख्या 31 का (पश्चिमी हिस्सा) एवं भूखण्ड संख्या 32 का (पूर्वी हिस्सा) कुल क्षेत्रफल 88.15 व.ग. को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 05.11.2024 के द्वारा श्रीमती सुनिता सैनी पत्नी श्री रवि शंकर माली को विक्रय किया गया है। अतः उपरोक्त विक्रय पत्रों के आधार पर निजी खातेदारी की योजना गिरधर वाटिका ए-ब्लॉक के उक्त भूखण्ड संख्या 31 व 32 का पुनर्गठन/उपविभाजन कर लीजहोल्ड से फ्री होल्ड पट्टा दिये जाने संबध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था /हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा समय सीमा पश्चात आवेदिका के पक्ष में लीजहोल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहें।

उपायुक्त जोन-8, जविप्रा, जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

ई-टेण्डर निविदा सूचना (दोहरी पेकेट)

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-तृतीय, उ.प. रेलवे, जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा का ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता हैं। निविदाकार अपना मूल / परिवर्तित प्रस्ताव ई-निविदा बंद होने की तारीख व समय से पूर्व ऑन लाइन भर दें। **(1) ई-टेण्डर नोटिस संख्या:** एनडब्ल्यूआर-एससी-सिविल-13641936 **(2) कार्य का नाम व लोकेशन:** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में पार्किंग, जलापूर्ति, स्वच्छता कार्य, एमईपीएफ आदि जैसी सुविधाओं के विकास सहित जयपुर क्षेत्र में खेल परिसर और विविध भवन, क्वार्टरों का निर्माण। **(3) अनुमानित लागत:** ₹394082483.38/- **(4) धरोहर राशि:** ₹2120400/- **(5) कार्य पूरा होने की अवधि:** 15 (पन्द्रह) माह **(6) ई-टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय:** 05/03/2025 को 15:00 बजे तक **(7) वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in **नोट:** कोई भी मैन्युवल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। 198-DK/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

खुली ई - निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन कारखाना, उ. प. रे, बीकानेर द्वारा खुली ई - सूचना संख्या : 01-MECH-BKNW-WAGON-25 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) कार्य का नाम :** कै एवं वै कारखाना, उ प रे, बीकानेर में स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार बीजी वैगनों पर कटिंग, फिटिंग और वेल्डिंग मरम्मत कार्य गतिविधियाँ। **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,98,75,848.00/- (जीएसटी सहित) **(3) बयाना राशि:** ₹2,49,400.00/- **(4) ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं खुलने का समय व दिनांक :** 10.03.2025 को 14:30 बजे तक। ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएगी। **(5)** वेबसाइट विवरण जहाँ से ई - निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती हैं: www.ireps.gov.in 196-DK/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**

जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास , जयपुर-0141-4901853

क्रमांक : 395 **आम जाहिर सूचना** दिनांक: 17.02.2025

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा दुकान संख्या-01 सैक्टर -02 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 13.5 वर्ग मीटर का पश्चावर्ती अंतिक क्रेता हेतु अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 3849 दिनांक 18/03/2013 श्री प्रदीप कुमार सरकार-पुत्र स्व.श्री अमूल्य भूषण सरकार के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त दुकान के विक्रय पत्र/पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर, पंचम में दिनांक 21/03/2013 को करवाया गया। श्री प्रदीप कुमार सरकार की मृत्यु दिनांक 17/03/2024 को हो जाने के कारण श्रीमती श्रुति सरकार पत्नी स्व.श्री प्रदीप कुमार सरकार के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, रजिस्टर्ड हकत्याग की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त दुकान का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का का निवेदन किया गया है। अतः उक्त दुकान के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्रीमती श्रुति सरकार पत्नी स्व. श्री प्रदीप कुमार सरकार** के नाम से उक्त दुकान के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

संपदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

खुली निविदा

सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट-जेपी-2024-25-13, दिनांक 15.02.25

उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर / परियोजना / जयपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी-प्रोजेक्ट जेपी 2024-25-13 जिसकी बंद होने की तिथि 10.03.2025 समय 11:00 बजे तक का ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर संबंध में स्वीकार नहीं किया जावेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जावेगा। **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** उत्तर पश्चिम रेलवे के उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/ जयपुर के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न परियोजना स्थलों/अनुभागों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति हेतु। **(2) अनुमानित लागत:** ₹ 82901253.20/- **(3) धरोहर राशि:** ₹ 564500/- **(4) टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख:** 10/03/2025, 11:00 बजे तक। **(5) वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.ireps.gov.in or उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/ जयपुर ऑफिस। 197-DK/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**

व्यवहार मिश्रित ( मुत्तफरिक ) वाद सं.

13004/2024

विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

**प्रार्थी-नाम** (1) आशीष जैसलमेरिया पुत्र स्व. श्री देवकीनंदन जैसलमेरिया निवासी- L-20 S-04 मोनिलेक अस्पताल के पास जवाहर नगर, जयपुर राज. 302004 (2) मनीष जैसलमेरिया पुत्र देवकीनंदन जैसलमेरिया निवासी-जी-1, यूटोपिया सी-180 ज्ञान मार्ग, तिलक नगर, जवाहर नगर, जयपुर मृतक स्व. श्री देवकी नंदन जैसलमेरिया की संपति के विषय में। [illegible]

आज्ञा न्यायालय से वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सेशन न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नंबर 12/2025

[illegible]

सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: जविप्रा/उपा.जोन-9/2025/डी-527 दिनांक: 10.02.2025

आम-सूचना

[illegible]

उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**

जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास , जयपुर-0141-4901853

क्रमांक : 394 **आम जाहिर सूचना** दिनांक: 17.02.2025

[illegible] की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्रीमती श्रुति सरकार पत्नी स्व. श्री प्रदीप कुमार सरकार** के पक्ष में उक्त दुकान के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

संपदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**

( आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी )

अज अदालत अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक कम-6 जयपुर महानगर द्वितीय

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया बनाम मैसर्स यशस्वी साड़ी व अन्य

दावा बाबत् वसूली मुकदमा नं. 09/22

बनाम- 2/1 श्रीमती आरती पत्नी स्व. श्री राहुल जादौन निवासीया- वात्सल्य कॉम्पलेक्स मकान नं. 161/48, डिस्पेन्सरी के पास, प्रताप नगर सेक्टर-11, जयपुर 302033

2/2, आदित्य पुत्र स्व.श्री राहुल जादौन जरिये संरक्षिका, माता श्रीमती आरती पत्नी स्व. श्री राहुल जादौन निवासीया- वात्सल्य कॉम्पलेक्स मकान नं.161/48, डिस्पेन्सरी के पास, प्रताप नगर सेक्टर-11, जयपुर 302033

2/3 रितेश पुत्र स्व. श्री राहुल जादौन जरिये संरक्षिका, माता श्रीमती आरती पत्नी स्व. श्री राहुल जादौन निवासीया- वात्सल्य कॉम्पलेक्स मकान नं.161/48, डिस्पेन्सरी के पास, प्रताप नगर सेक्टर-11, जयपुर 302033

चूंकि..... ने इस अदालत में तारीख .... माह... सन् 2025 को 1. ..... बनाम 2...... दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि..... मजकूर के दस्तखत अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी .......मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इत्तदुआ की है बजाय उसके आप 3..... बनाये जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही 1.....

19 माह 2 सन 2025 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसल किया जायेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व महर अदालत के आज तारीख 14 माह 02 सन् 25 को जारी किया गया।

अज अदालत अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक कम-6 जयपुर महानगर द्वितीय

**कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**

क्र.- एफ ( ) न.नि.ज.गेटर/मा.न.जोन )/2024/3989

**सार्वजनिक सूचना** दिनांक 17.02.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या-16, विजय नगर -ए, करतारपुरा जयपुर गुलाब बाडी गृह निर्माण सहकारी समिति का पट्टा विलेख जिसका कुल क्षेत्रफल 130.00 वर्गगज का जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर के द्वारा श्री रामदयाल पुत्र श्री गुलजारी लाल शर्मा को दिनांक 09.05.2002 को जारी किया गया था। मूल पट्टेधारी श्री रामदयाल पुत्र श्री गुलजारी लाल शर्मा के द्वारा अपने जीवनकाल में अपंजिकृत वसीयतनामा दिनांक 21.02.2006 को निष्पादित किया गया जिसमें श्री रामदास शर्मा उर्फ रामदयाल शर्मा पुत्र स्व श्री गुलजारी लाल शर्मा ने अंकित किया है कि मैं नि:संतान हूँ तथा मैंने अपने भाई के पुत्र आवेदक श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा को भूखण्ड संख्या - 16, विजय नगर -ए, करतारपुरा, जयपुर का हक प्रदान किये गये है। श्री रामदास शर्मा की मृत्यू दिनांक 15.02.2007 को एवं इनकी पत्नी श्री मति कृष्णा देवी की मृत्यू दिनांक 03.12.2010 को हो चूकी है। आवेदक श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा के द्वारा भूखण्ड संख्या - 16, विजय नगर -ए, करतारपुरा जयपुर गुलाब बाडी गृह निर्माण सहकारी समिति का आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों, शपथ पत्र ( अण्डरटेकिंग ), रजिस्टर्ड पट्टा, अपंजिकृत वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं छायाप्रति के आधार पर नाम हस्तान्तरण चाहा गया। नगर निगम ग्रेटर जयपुर के द्वारा मूल भूखण्ड संख्या - 16, विजय नगर -ए, करतारपुरा जयपुर गुलाब बाडी गृह निर्माण सहकारी समिति का जयपुर का नाम हस्तान्तरण श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा के पक्ष में किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति,संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय ( उपायुक्त मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर ) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र क्रमांक एम/आरएसके/ए.एम.सी ऑफ़ स्क्रेगिंग एवं प्री लोड टेस्टिंग मशीन/25-28 दिनांक : 12.02.2025

ई-निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक : 25-28 एएमसी ऑफ़ स्क्रेगलोड टेस्टएमसी**

**कार्य का विवरण :** रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली में तीन वर्ष हेतु ए.एम.सी ऑफ़ स्क्रेगिंग एवं प्री लोड टेस्टिंग मशीन का कार्य।

**अनुमानित लागत (रूपयों में) : 1,47,51,248.44 (रू. एक करोड़ सैंतालीस लाख इन्क्यावन हजार दो सौ अड़तालीस और पैसा चौवालीस मात्र)**

**कार्य की अवधि : कार्य प्रारम्भ करने के दिनांक से 03 वर्ष**

**धरोहर राशि (रूपयों में) : 223800.00 (रू दो लाख तेईस हजार आठ सों केवल)**

1. ई-निविदा **दिनांक 07.03.2025 को समय 15:00 बजे** बंद होगी। ई निविदा भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर की बेव साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. ई-टेण्डर से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर की बेव साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 3. पात्रता की शर्तें :- समान प्रकार के कार्य का अनुभव इत्यादि, निविदा के लिये न्यूनतम पात्रता की शर्तें एवं अन्य शर्तें निविदा फ़ार्म एवं भारतीय रेलवे की ई-टेंडरिंग की बेव साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे। 4. ठेकेदार टेण्डर फार्म को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के सन्शोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेव साइट www.ireps.gov.in पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी और ना ही किसी प्रकार का पत्राधार किया जावेगा।

**टिप्पणी :-** निविदाकार को उपरोक्त पात्रता पूर्ण करने संबंधी दस्तावेज अपने टेंडर फ़ार्म के साथ प्रस्तुत करने होगे जो कि निविदा सूचना जारी होने की दिनांक से पहले के होने चाहिये। उपरोक्त पात्रता को पूर्ण न करने वाले टेंडरो को टेंडर प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा। 312/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसलाना**

पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल, जयपुर (राज.)

क्रमांक: 2024-25/भैंसलाना/186 दिनांक: 06.02.2025

**ई-निविदा सूचना 2024-25**

ग्राम पंचायत भैंसलाना, पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना से स्वीकृत कार्य/संकर्म राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 (2) के अनुसार करवाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाइन निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN No. KHR2425WSOB00005 NIB No. KHR2425A0005

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भैंसलाना, पं.स. किशनगढ़, रेनवाल

सरपंच, ग्राम पंचायत भैंसलाना, पं.स. किशनगढ़, रेनवाल

**राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद**

सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर

कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283, फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rsscjaipur@gmail.com

क्रमांक :- एफ-8/स.अ./ दिनांक :- 14/02/2025

**निविदा संख्या 90/2024-25**

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर की ओर से सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयुपर स्थित खेल भवन की छत पर सिटिंग टियर्स का निर्माण कार्य हेतु केन्द्र/राज्य सरकार के अधीकृत संगठनों/विभागों में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य आवश्यक विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in & www.rssc.in पर देखा जा सकता है | UBN No.: RSC2425WSOB00048

राज.संवाद/सी/24/11805 सचिव

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, राज. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, किसान भवन लालकोठी खण्ड-टर्मिनल मार्केट,जयपुर**

बिड आमन्त्रण सूचना संख्या 09/2024-25

उप निदेशक कार्यालय दुर्गापुरा जयपुर में मौजूदा मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के साथ कृषि क्लिनिक का निर्माण कार्य, पंत कृषि भवन जयपुर में कोरिडोर/खुले बरामदे में नवीनीकरण एवं सफेदी का कार्य, आर.एस.आर.टी.सी.डब्ल्यू.एस. बगराना जयपुर का नवीनीकरण और सुधार कार्य, आर.एस.आर.टी.सी.डब्ल्यू.एस. जयपुर व वैशाली नगर का नवीनीकरण और सुधार कार्य, आर.एस.आर.टी.सी.डब्ल्यू.एस. सेन्ट्रल स्टोर व डी.डब्ल्यू.एस डिलेक्स जयपुर का नवीनीकरण और सुधार कार्य, आर.एस.आर.टी.सी.डब्ल्यू.एस. विद्याधर नगर जयपुर का नवीनीकरण और सुधार कार्य, विभिन्न निर्माण कार्य बीटी व सीसी पेवमेन्ट एवं भवन मरम्मत कार्य प्याज मण्डी सबयार्ड रसीदपुरा कृ.उ.मं.स. सीकर तथा मण्डी यार्ड कोटपूतली में विभिन्न निर्माण कार्य पैकेज-08/2024-25 अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी समिति कोटपूतली हेतु हेतु राशि रू. 9.17 लाख, 9.98 लाख, 25.00 लाख, 30.00 लाख, 49.99 लाख, 25.00 लाख, 65.64 लाख व 139.20 लाख की ऑन-लाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2425WSOB00659 to AGM2425WSOB00666 है।

राज.संवाद/सी/24/11776 अधिशाषी अभियंता

**राजस्थान सरकार**
**राजस्थान रोजगार संदेश**
**दरबार स्कूल परिसर गोपीनाथ मार्ग, जयपुर**

दिनांक-

**ई-निविदा सूचना 1/2025**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्र 'राजस्थान रोजगार संदेश' का मुद्रण वैब ऑफसेट मशीन पर कराये जाने हेतु जयपुर स्थित इच्छुक मुद्रकों से जिनकी स्वयं की प्रेस हो तथा समाचार पत्र के मुद्रण से संबंधित यांत्रिक एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं भी स्वयं द्वारा संचालित की जा रही हो से निम्नानुसार निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | राजस्थान रोजगार संदेश हिन्दी पाक्षिक का मुद्रण (कागज सहित) एवं डिस्पेच कार्य, |
| 2 | नाम व पता | सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर। |
| 3 | अनुमानित लागत | 11.00 लाख (सभी करो सहित) |
| 4 | अनुबंध अवधि | एक वर्ष (24 अंक) |
| 5 | निविदा फार्म फीस | निविदा फार्म की फीस 200/- रूपये (Non-refundable) का डी.डी. सहायक निदेशक (प्रकाशन), जयपुर के नाम से या ऑनलाईन ई-ग्रास पोर्टल बजट मद 0075-00-800-52-01 वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 27.4.2020 के अनुसार में जमा कराई जाए। |
| 6 | प्रोसेसिंग फीस (as per RISL) | 2000/- रूपये (Non-refundable) डी.डी. MD RISL., के नाम या ऑनलाईन ई-ग्रास पोर्टल बजट मद 8658-00-102-(16) (01) वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 27.4.2020 के अनुसार में जमा कराई जाए। |
| 7 | कुल अमानत राशि (EMD) | अमानत राशि 2 प्रतिशत राशि डी.डी. सहायक निदेशक (प्रकाशन) जयपुर के नाम से या ऑनलाईन ई-ग्रास पोर्टल बजट मद 8443-103 वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 27.4.2020 के अनुसार में जमा कराई जाए। |
| 8 | निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक एवं समय | 28.2.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक |
| 9 | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | 28.2.2025 समय दोपहर 3.00 बजे तक |
| 10 | निविदा का विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड हेतु उपयोग में ली जाने वाली वैबसाईट का नाम | http//sppp.rajasthan.gov.in http//eproc.rajasthan.gov.in http//employment.livelihoods.rajasthan.gov.in |

निविदा प्रपत्र http//eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर मय आवश्यक दस्वावेजों सहित निविदा प्रपत्र अपलोड करे तथा प्रोसेसिंग फीस डीडी/चालान, टेण्डर फार्म फीस डीडी/चालान व अमानत राशि का डीडी/चालान व आवश्यक प्रपत्र सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश में प्रस्तुत करना होगा। इसमें सामान्य एवं वित्तीय लेखा नियम तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 के नियम व शर्तें लागू होगी तथा निविदादाता की कोई भी शर्त स्वीकार नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास होगा।

डीआईपीआर/सी/1960/2025 निदेशक

**FINOVA CAPITAL** FINANCING DREAMS

**फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड**

702, सातवी मंजिल, यूनिक एस्पायर, प्लॉट नं. 13-14, कॉस्मो कॉलोनी, आम्रपाली मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर-302021, राज

**परिशिष्ट IV-A नियम 8(6) के लिए देखें अचल सम्पतियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व नियम 8 (6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति की नीलामी सूचना

आमजन एवं व्यक्ति विशेष देनदारों तथा जमानती को सूचित किया जाता है कि निम्न उल्लेखित प्रत्याभूत ऋणदाता की गिरवी/प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा **फिनोवा कैपिटल प्रा. लि.** जो कि आगे एफसीपीएल सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

| ऋणी/जमानती/बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण ( प्रतिभूत आस्ति ) | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि 10% | निविदा ब्रिकी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) FIBGLALONS000005005331, सूरज जांगिड पुत्र रामू जांगिड (ऋणी), मोहिनी देवी पत्नी सूरज जांगिड (सहऋणी), रूपनारायण जांगिड पुत्र छोटू जांगिड (गारंटर) | रु. 31,23,552/- दिनांक 17.02.2025 तक की राशि + आगे से भविष्य का ब्याज व खर्चे पूर्णभुगतान तक लागू। | अचल संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित पट्टा नं. 03, ग्राम झाडला, तहसील फागी जिला जयपुर, क्षेत्रफल 212.3 वर्ग गज, जो कि सूरज जांगिड के स्वामित्व में है। जिसकी सीमाएं: पूर्वः जगदीश, बद्री स्वामी पुत्र छोटू दास, पश्चिमः रामलाल पुत्र लाला यादव का अनिर्मित मकान, उत्तरः रोड एवं आम चौक, दक्षिणः गोरधन माली, प्रभात माली का मकान | रू. 9,28,976/- | रू. 92,897/- 07-03-25 तक एवं बिड बढाने की राशि 25,000/- | **निलामी तिथि** 08-03-2025 प्रातः11-00 बजे **निलामी स्थल** तीसरी मंजिल, प्रेस्टीज टावर,कॉस्मो कॉलोनी आम्रपाली मार्ग वैशाली नगर जयपुर राजस्थान 302021 **निरीक्षण तिथि** 06.03.2025 |

निविदा की शर्तें :-

1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा कम्पनी में उपलब्ध उपरोक्त संपत्ति के निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय फिनोवा कैपिटल प्रा. लि. से प्राप्त किऐ जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सील बन्द लिफाफे में जिसके ऊपर "टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण" लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि जो की आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत हो, बैंकर्स चैक/मॉग ड्राफ्ट जो कि फिनोवा कैपिटल प्रा. लि. उपरोक्त शाखा के पक्ष में जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। प्राप्त निविदाऐं फिनोवा कैपिटल प्रा. लि. पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। इसके पश्चात् निविदा कर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी।
2. सफल निविदाकर्ता को सफल बोली की 10 प्रतिशत राशि ( धरोहर राशि सहित ) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
3. सफल निविदाकर्ता को शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 15 दिन के अन्दर प्रतिभूत लेनदार को जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना जब्त समझी जायेगी।
4. सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, 7014042735 पर किसी भी कार्य समय के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं या कार्यालय समय के दौरान उपरोक्त शाखा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

नोटः-यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिए भी नियम 8( 6 )के अधीन 15 दिवस का सूचना पत्र भी माना जायेगा।

दिनांक :- 17.02.2025 स्थान :- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी, फिनोवा कैपिटल प्रा. लि.

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



## संक्षिप्त समाचार

# नाकाबंदी तोड़कर भागे तस्कर, पीछा कर दो को दबोचा




### 157 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद, तस्करी में प्रयुक्त पिकअप भी जब्त

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने 157 किलोग्राम अफीम डोडा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक पिकअप भी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नसीराबाद सदर थाना प्रभारी अशोक बिशु ने बताया कि पुलिस मुख्यालय ने अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों की धड़पकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत अजमेर एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने दिलवारा चौराहे के आगे तेजाजी मंदिर के पास पहुंचकर नसीराबाद से किशनगढ़ की तरफ जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी की। इस बीच एक पिकअप को रुकवाया गया, लेकिन पिकअप चालक नाकाबंदी तोड़कर श्रीनगर की तरफ भागने लगे। इस पर पीछा कर वाहन को रोककर चेक किया तो उसमें से 157 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में ड्राइवर ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए जिला चूरू निवासी रामसिंह पुत्र सवाई सिंह और सुभाष पुत्र प्रभु राम नायक को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से बरामद हुई अफीम को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## खेत की रखवाली को जा रहे सगे भाइयों को रौंदा, दोनों की मौत

**भरतपुर (मसं.)।** डीग जिले के कुम्हेर थाना इलाके में डीग-भरतपुर रोड पर खेत की रखवाली के लिए जा रहे 14 और 16 साल के दो सगे भाइयों को अज्ञात वाहन रौंद गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घर से खेत की दूरी महज डेढ़ किलोमीटर थी। दोनों लड़के कुम्हेर के बैलारा गांव के रहने वाले थे। गांव के पूर्व सरपंच सुरेश ने बताया कि बैलारा गांव निवासी पप्पू सिंह के दो बेटे हर्ष और बॉबी फसल की रखवाली करने के लिए रात को पैदल खेत की तरफ निकले थे। दोनों लड़के भरतपुर-डीग रोड पर बाबुला गांव के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। घटनास्थल से निकल रहे लोगों ने दोनों को कुम्हेर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना दोनों के पिता पप्पू सिंह को दी। इसके बाद दोनों युवकों के परिजन अस्पताल पहुंचे। दोनों भाई 10वीं और 12वीं के छात्र थे। दोनों की एक साथ मौत से घर में कोहराम मचा गया। पूरे शहर में शोक है। कुम्हेर थाना इंचार्ज जितेंद्र चौधरी ने बताया कि पूर्व सरपंच सुरेश ने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दोनों को कुम्हेर हॉस्पिटल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए डीग कुम्हेर रोड के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## बाइक चलाते-चलाते वकील बेहोश ट्रैफिक पुलिस ने दी सीपीआर

### शरीर ठंडा पड़ने पर की हाथ-पैर की मालिश, सांस लेने में थी तकलीफ



महानगर संवाददाता

**कोटा।** शहर के नयापुरा विवेकानंद चौराहा पर बाइक चलाते-चलाते एक वकील की तबीयत खराब हो गई। उसे सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी आने लगी। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने युवक को सीसीपीआर देकर मदद की। होश में आने पर परिजनों को बुलाकर हॉस्पिटल भेजा। जानकारी के अनुसार नयापुरा विवेकानंद चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे हैड कांस्टेबल राजेंद्र ने बताया कि चौराहे पर कांस्टेबल हाकिम सिंह व अरविंद ड्यूटी कर रहे थे। तब बाइक सवार युवक कुन्हाड़ी से विवेकानंद सर्किल की तरफ आया। युवक ने आकर बोला कि उसे बेचैनी और घबराहट हो रही है। इस पर उसे एक तरफ बैठाया। उसका शरीर ठंडा हो रखा था और बेहोशी की हालत में जा रहा था। युवक को सांस लेने में परेशानी आ रही थी। उसके शरीर पर मालिश कर सीपीआर देना शुरू किया। करीब पौन घंटे तक युवक के हाथ-पैरों की मालिश की, तब जाकर उसके शरीर में गर्माहट आई। हालत ठीक होने पर उसने अपना नाम एडवोकेट अश्विन बताया। वह कोटा के बजरंग नगर का रहने वाला है। सूचना पर उसके परिजन सर्किल पर आए और आराम मिलने पर परिजनों के साथ हॉस्पिटल भेजा। एडवोकेट अश्विनी शर्मा ने बताया कि बाइक चलाते समय बेचैनी होने लगी और आंखों के सामने अंधेरा सा छा गया आगे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। पुलिस कर्मी सामने दिखाई दिए तो मदद मांगी।

## रात को घर में घुसकर पड़ोसी लड़के ने किया नाबालिग से रेप

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में पड़ोसी लड़के के एक नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी पड़ोसी घर के अंदर जा घुसा और नाबालिग से दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने और शोर मचाने पर जाग होने पर वह धक्का देकर भाग निकला। इसके बाद श्याम नगर थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले की जांच एसएचओ श्याम नगर दलवीर सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि श्याम नगर की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी नाबालिग बेटी से पड़ोस में रहने वाले लड़के ने रेप किया है। आरोप है कि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी पड़ोसी घर के अंदर घुस आया और नाबालिग बेटी को अकेला पाकर उसके साथ रेप किया। शोर मचाकर विरोध करने पर परिजन जाग गए। पकड़े जाने के डर से आरोपी पड़ोसी धक्का देकर वहां से भाग निकला। उसके बाद नाबालिग बेटी को डराने-धमकाने लगा। इस पर श्याम नगर थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लूट की वारदात अंजाम देने के लिए दोस्तों के साथ रची साजिश, वापस लौटा तो पकड़ा गया

# डकैती डालकर मंदिरों के दर्शन कर पाप धोने निकला बदमाश

महानगर संवाददाता



**पुलिस से बचकर भागा तो गड्ढे में गिरा, टूटा पैर**

**वापस** लौटते ही पुलिस ने दबिश देकर राजेन्द्र सिंह को पकड़ लिया। पुलिस से बचकर भागने के दौरान गड्ढे में गिरने से उसका पैर टूट गया। पुलिस ने घायल राजेन्द्र सिंह को एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। मास्टर माइंड राजेन्द्र सिंह से प्रथम दृष्टया पूछताछ में सामने आया कि वह पाप धोने के लिए मंदिरों के दर्शन करने पत्नी के साथ चला गया था। राजेन्द्र सिंह से पूछताछ कर डकैती में शामिल बदमाश विजय सेन और राजेन्द्र रावत को भी दबिश देकर पकड़ लिया। पुलिस ने वारदात में यूज रेंटल कार को भी जब्त कर लिया है।

**जयपुर।** शहर के झोटवाड़ा थाना इलाके में कैश कलेक्शन एजेंट से डकैती के मामले में झोटवाड़ा पुलिस ने सोमवार दोपहर खुलासा कर दिया है। डकैती में शामिल तीन बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया। डकैती के मास्टर माइंड ने फ्लिपकार्ट कंपनी के काम करने वाले अपने दोस्त के साथ मिलकर प्लान बनाया और किराए पर कार लेकर वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद मास्टर माइंड पाप धोने के लिए मंदिरों के दर्शन पर निकल गया था। पुलिस टीमें फरार साथी बदमाशों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। एडि. डीसीपी वेस्ट आलोक सिंघल ने बताया कि डकैती के बाद पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया कि डकैती का मास्टर माइंड राजेन्द्र सिंह है। उसका दोस्त राजेन्द्र रावत फ्लिपकार्ट कंपनी में जॉब करता है। कुछ समय पहले राजेन्द्र सिंह व उसका दोस्त राजेन्द्र रावत मिले। कर्ज को लेकर बातचीत के दौरान फ्लिपकार्ट कंपनी के वर्कर राजेन्द्र रावत ने राजेन्द्र सिंह को कैश कलेक्शन एजेंट के लाखों रुपए लेकर जाने के बारे में बताया। बातचीत के दौरान ही राजेन्द्र सिंह ने दोस्त राजेन्द्र रावत के साथ मिलकर डकैती का प्लान बनाया। राजेंद्र सिंह ने प्लानिंग के तहत डकैती में शामिल साथियों की व्यवस्था की। राजेन्द्र रावत को कॉल कर कैश कलेक्शन एजेंट के आने-जाने के बारे में बताने के लिए कहा।

### डकैती डालने के लिए किराए पर ली कार

**साजिश** के तहत राजेन्द्र सिंह ने अपने गांव के एड्रेस पर वैशाली नगर से किराए पर कार ली। इसके बाद तीन-चार साथियों के साथ किराए की कार में बैठकर वारदात स्थल के इधर-उधर घूमते रहे। फ्लिपकार्ट कंपनी में मौजूद साथी वर्कर राजेन्द्र रावत ने कैश कलेक्शन एजेंट पीयूष अग्रवाल के ऑफिस आने-जाने की सूचना दी। बाइक पर बैठकर निकलते समय ही पीयूष अग्रवाल पर कार से आए बदमाशों ने पिस्तौल तान दी। फिर डंडों से पीटना शुरू कर दिया और करीब 5 लाख रुपए कैश से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

### मकान के ताला लगाकर पत्नी के साथ घूमने निकला

**एडि.** डीसीपी वेस्ट आलोक सिंघल ने बताया कि घटना के बाद टीम बनाई गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस वैशाली नगर रेंटल कार डीलर तक जा पहुंची। रेंटल कार को जब्त कर जानकारी लेने पर मास्टर माइंड राजेन्द्र सिंह का नाम सामने आया। टीम की जांच में सामने आया कि वारदात के बाद रेंटल कार को वापस जमा करवाकर राजेन्द्र सिंह अपने घर आया। मास्टर माइंड राजेन्द्र सिंह अपने पत्नी को लेकर मकान के ताला लगाकर घूमने निकल गया। संदिग्ध राजेन्द्र सिंह की तलाश में पुलिस टीमें दबिश देते हुए उसके करणी विहार स्थित घर तक पहुंच गई। मकान लॉक मिलने पर उसे ट्रेस आउट करने में जुट गई।

### सड़क किनारे खड़ी कार को मारी टक्कर, हादसे में दोनों कारों में सवार 9 लोग घायल

# महाकुंभ जा रहे परिवार को एसयूवी ने उड़ाया, मामी-भांजे की मौत



महानगर संवाददाता

**टोडाभीम।** सड़क किनारे खड़ी कार को तेज रफ्तार एसयूवी ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में टोडाभीम करौली से महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे कार सवार मामी-भांजे की मौत हो गई। वहीं दोनों कारों में सवार 9 लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद कार 10 फीट दूर गड्ढे में गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं एसयूवी एक बिजली के पोल को तोड़ने के बाद रुक गई। यह हादसा उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में थरियांव क्षेत्र के बहलपुर मोड़ पर हुआ। जब दोनों के शव घर पहुंचे कोहराम मच गया। व्यापारियों ने शोक में बाजार बंद रखा। जानकारी के अनुसार कार में टोडाभीम के रहने वाले कृष्णकांत सोनी, उनकी पत्नी सुमन, बेटा अन्ना सोनी, मामा गिरिराज प्रसाद सोनी, मामी राधा सोनी और ड्राइवर हरि सिंह मीणा मौजूद थे। घायल गिरिराज प्रसाद ने बताया कि वे कार से प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए निकले थे। इस दौरान कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर ड्राइवर ने कार को सड़क किनारे रोका। गिरिराज सोनी और कार ड्राइवर हरि मीना टॉयलेट करने के बाद वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार एसयूवी ने उनकी खड़ी कार को जबरदस्त टक्कर मार दी।



**कार गड्ढे में गिरी, एसयूवी विद्युत पोल से टकराई**

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क से करीब 10 फीट दूर खेत में बने गड्ढे में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एसयूवी की रफ्तार 180 किलोमीटर प्रति घंटा के करीब थी। टक्कर के बाद एसयूवी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे खंभा दो टुकड़ों में टूट गया। सभी घायलों को फतेहपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कार में सवार कृष्णकांत सोनी उर्फ बंटू सोनी और उसकी मामी राधा सोनी की मौत हो गई। वहीं कृष्णकांत सोनी की पत्नी सुमन देवी गंभीर घायल हो गई और बेटा अन्ना सोनी, मां गिरिराज सोनी व ड्राइवर हरि मीना को मामूली चोट आई है। हादसे में मौत के बाद मामी-भांजे के शव टोडाभीम लाए गए तो परिवार में कोहराम मच गया।

### ज्वेलर के बेटे ने बताया हादसे का मंजर

**कृष्णकांत** के बेटे अन्ना ने बताया कि कार को हाईवे पर साइड में खड़ा करने के बाद पापा व मामा गिरिराज प्रसाद टॉयलेट करने के लिए उतरे थे। तभी करीब 180 की स्पीड से आई एसयूवी ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद किसी को भी होश नहीं रहा। कुछ देर बाद मुझे होश आया तो देखा कि सभी इधर-उधर बेहोशी की हालत में पड़े थे। हमारी कार के किसी भी गेट को खोलना संभव नहीं हो रहा था। गेट खोलने के लिए मैंने लात मारी, तभी कुछ लोग भी रुक गए और मदद करने लगे। पापा भी पीछे दबे हुए थे, सीट को फोल्ड करने के बाद उन्हें सांस आई। मम्मी सुमन को देखा तो वह भी बेहोश थीं, उन्हें भी बाहर निकाला। फोन के अलावा हमारा सारा सामान गाड़ी में ही रह गया।

## रेलवे स्टेशन पर गहनों से भरा पर्स चुराने वाले बदमाश गिरफ्तार



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे स्टेशन पर गोल्ड ज्वेलरी से भरा पर्स चोरी करने का मामला सामने आया है। महाराष्ट्र से घूमने के लिए दो दोस्त जयपुर रेलवे स्टेशन आए थे, जिनका बैग में रखा गहनों का पर्स बदमाशों ने नजर बचाकर चुरा लिया। जीआरपी थाना पुलिस ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई कर दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया और इनके कब्जे से चुराए गए 5 लाख रुपए कीमत के गहने बरामद किए। पुलिस अधीक्षक जीआरपी अजमेर नरेन्द्र सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र की रहने वाली श्वेता प्रवीण ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह अपने दोस्त आमीर बाबला के साथ जयपुर घूमने आई थी। रेलवे स्टेशन जयपुर से टैक्सी रेंट पर लेकर खाटू श्यामजी दर्शन कर वापस लौटे और रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करने लगे। तभी नजर बचाकर उनके बैग में रखा गोल्ड ज्वेलरी का बैग बदमाशों ने चुरा लिया। इस पर जीआरपी थाना पुलिस को चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। एएसआई जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई।

रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जीआरपी ने दोनों चोरों को चिह्नित किया। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी पिंटू सैनी पुत्र हीरालाल सैनी और सुनील कुमार निवासी प्रागपुरा कोटपूतली को अरेस्ट किया और आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 4.57 लाख के गहने भी बरामद किए। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## शताब्दी एक्सप्रेस में सांसद के साथ बैठे पीए का मोबाइल चोरी

महानगर संवाददाता



**बाड़मेर।** बाड़मेर सांसद और रेलवे की स्थाई समिति के सदस्य उम्मेदाराम बेनीवाल के निजी सहायक का शताब्दी एक्सप्रेस के प्रीमियम कोच में से फोन चोरी हो गया। कोच में बैठे सांसद और उनके सहायक लक्ष्मण सांई ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन चोर उनके हाथ नहीं लगा। इस मामले का पूरा वीडियो प्रीमियम कोच में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

मामले में जीआरपी ने चोर को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन चोर तब तक फोन किसी को बेच चुका था। दरअसल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के ई कोच में सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल और उनके सहयोग दिल्ली से जयपुर आ रहे थे। दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन रवाना हो रही थी कि एक चोर ट्रेन में चढ़ा और कोच के स्लाइडर गेट खोलकर अंदर घुस गया। सांसद के साथ बैठे लक्ष्मण सांई कुछ समझ पाते इससे पहले ही कुछ ही सेकंड में चोर सांई के हाथों से मोबाइल छीनकर ट्रेन से नीचे उतर गया। सांई चोर के पीछे भागे, वहीं सांसद भी गेट खोलकर चोर को देखने लगे। लक्ष्मण सांई ने बताया कि मोबाइल छीनने के बाद वे उसके पीछे भागें, लेकिन चोर ट्रेन से नीचे उतरकर भागने लगा। एक बार तो उसके पीछे भागा, लेकिन ट्रेन की स्पीड बढ़ने के कारण पीछा नहीं कर सका, जिससे चोर ओझल हो गया। इसके बाद जीआरपी पुलिस को सूचना दी। जीआरपी पुलिस ने ट्रेन के सीसीटीवी खंगाले और चोर की पहचान कर उसे पकड़ लिया। हालांकि पुलिस पूछताछ में सामने आया कि चोर ने उनके मोबाइल को किसी दूसरे को बेच दिया है। इसके कारण पुलिस कड़ी दर कड़ी मिलाते हुए मोबाइल बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

## पुरानी रंजिश को लेकर चार भाइयों पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

**बूंदी (मसं.)।** जिले के बड़ाखेड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते 8 लोगों ने चार भाइयों पर कुल्हाड़ी और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक भाई को गंभीर चोटें आने के कारण उसे कोटा रेफर किया गया है, जबकि अन्य तीन भाई भी घायल हुए हैं। लाखेरी थाने के हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार मीणा ने बताया कि पीड़ित पक्ष से अंबालाल ने मामला दर्ज कराया कि घायल चारों भाई बावड़ी के पास बैठे थे, तभी गांव के ही दिलकुश कहार और उसके 7 साथियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में कमलेश मीणा, अंबालाल व सुरेंद्र शामिल थे। पीड़ित अंबालाल ने बताया कि जब हमला हुआ तब वह अपने भाई कमलेश, सुरेंद्र व सत्य नारायण के साथ था। हमले में कमलेश के सिर पर गंभीर चोटें आईं। दोनों पक्षों के बीच तीन दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसका बदला लेने के लिए यह हमला किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भीड़ का फायदा उठाकर वारदात करने के बाद तुरंत बस से उतर जातीं

# भीड़भाड़ वाली बसों में सामान चुराने वाली तीन महिलाएं पकड़ीं

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सिंधीकैंप थाना पुलिस ने चलती बसों में चोरी करने वाली तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। यह महिलाएं भीड़भाड़ वाली बसों में यात्रियों का कीमती सामान चुराती थी। पुलिस गिरफ्तार आरोपी महिलाओं से पूछताछ कर गैंग के सक्रिय बदमाशों की तलाश कर रही है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि गैंग की नंदीनी, रेशमा उर्फ बकू व शालू निवासी साबरमती अहमदाबाद गुजरात को अरेस्ट किया है।

तीनों आरोपी महिलाएं 200 फीट पुलिया के नीचे खानाबदोश रहती हैं। गत दिनों राजकृष्ण सिंह और उनकी पत्नी संतोष कंवर झुंझुनूं से जयपुर आने वाली बस में सफर कर रहे थे। उनकी पत्नी के हैंडबैग से चांदी की पायल की जोड़ी चोरी हो गई। सिंधी कैंप बस स्टैंड पर उतरने पर उन्हें चोरी का पता चला तो उन्होंने सिंधीकैंप थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने बस स्टैंड पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। गुजराती गैंग के वारदात का पता चलने पर मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने दबिश देकर तीनों आरोपी महिलाओं को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी महिलाओं ने वारदात करना स्वीकार किया। पूछताछ में बताया कि वे भीड़भाड़ वाली बसों में सफर करती है। मौका मिलते ही बस में सफर कर रहे लोगों के कीमती सामान का बैग से पार कर लेती हैं और चोरी करने के बाद तुरंत बस से उतर जाती हैं। पुलिस चोरी किए गए माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

**धर्मांतरण का मामला** | **अश्लील फोटो-वीडियो से ब्लैकमेल कर जबरन कलमा पढ़ने व रोजा रखने को कर रहे थे विवश**

# मोबाइल का लालच देकर 4-5 नाबालिग लड़कियों से रेप

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** ब्यावर जिले में बिजयनगर थाना इलाके में मोबाइल का लालच देकर 4-5 नाबालिग लड़कियों से रेप करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया कि यह एक गिरोह है, जिसमें शामिल आरोपियों ने मोबाइल का लालच देकर नाबालिग बच्चियों के साथ रेप किया। इसके बाद लड़कियों के अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए और ब्लैकमेल कर जबरन कलमा पढ़ने, रोजा रखने और धर्मांतरण के लिए विवश कर रहे हैं। इधर, मामला सामने आने के बाद सर्वसमाज के लोगों ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। माहौल गरमाया तो पुलिस ने 4 और थानों से अतिरिक्त जाब्ता मौके पर बुलाया। डीएसपी ने मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया तब लोग शांत हुए। घटना को लेकर पुलिस ने अब तक 3 मामले दर्ज कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और 2 नाबालिग डिटेन किए। तीन नाबालिग लड़कियों के पिता ने सामूहिक रूप से दी रिपोर्ट में बताया कि हमने बेटियों से जानकारी ली तो पता चला कि यह एक गिरोह है, जिसमें सोयल मंसूरी, सोहेब, अयान, अफरान, साहिल, आशिक कुरैशी, नामालूम, रियान, जावेद, आमान, करीम, फैजान सहित अन्य 10-15 लड़के शामिल हैं।

### खिलौने और मोबाइल जैसे प्रलोभन देकर फंसा रहे

पीड़ितों ने बताया कि गिरोह के पास हमारी बेटियों के अलावा अन्य नाबालिग लड़कियों के फोटो व वीडियो है, जिससे उनको ब्लैकमेल किया जा रहा है। अन्य लड़की से संपर्क कराने पर इन्हें छोड़ने का झूठा आश्वासन दिया जाता है। गिरोह में शामिल आरोपी हमारी बेटियों को अपने जाल में फांस रहे हैं। उन्हें छोटे-छोटे खिलौने और मोबाइल जैसे प्रलोभन देकर फंसा रहे हैं। जैसा हमारी बेटियों के साथ हुआ, ठीक वैसा ही इलाके की अन्य नाबालिग लड़कियों के साथ भी हुआ है। ये लोग धमकियां देकर मिलने का दबाव बनाते हैं। उनके साथ जबरदस्ती कैफे में चलने और उनकी पसंद के कपड़े पहनने के लिए दबाव बनाते हैं।

### एक-दूसरे की सहेलियों से मिलवाने का बनाया दबाव

नाबालिग लड़कियों के पिता ने रिपोर्ट में बताया कि जब उन्होंने अपनी बेटियों से बात की तो पता चला कि आरोपियों ने शारीरिक शोषण के लिए एक-दूसरे की सहेलियों से मिलवाने का दबाव बनाया था। मना करने पर घरवालों को जान से मारने की धमकियां भी दी। जब बेटियों की सहेलियों के घर वालों से संपर्क किया तो पता चला कि उनकी बेटियों के पास भी इसी प्रकार के फोन हैं। उनके साथ भी इसी प्रकार की घटनाएं हुई है।

### सर्वसमाज के लोगों ने थाने का घेराव कर किया प्रदर्शन

**मामला** सामने आने के बाद सर्वसमाज के लोगों ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मसूदा डीएसपी सज्जनसिंह ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए और आरोपी रिहान मोहम्मद, सोहेल मंसूरी, लुकमान उर्फ सोहेब, अरमान पठान और साहिल कुरैशी को गिरफ्तार किया है। वहीं 2 नाबालिग को डिटेन किया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लड़कियां प्राइवेट स्कूल में पढ़ती हैं। समुदाय विशेष के युवकों ने बहला-फुसला कर मोबाइल दे दिए और उनके साथ रेप किया।

### बांध सुरक्षा एवं पुनर्वास पर राज्यस्तरीय सम्मेलन

# पुरानी नदियों को पुनर्जीवित करेगी राज्य सरकार: रावत

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि वैदिक काल से ही भारत में वर्षा जल को बांध और एनीकट में रोककर जल भंडारण की परंपरा रही है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार भी 'विकास भी और विरासत भी' ध्येय के अनुरूप जल प्रबंधन के लिए तेजी से कार्य कर रही है। रावत सोमवार को उदयपुर शहर में 'बांध सुरक्षा, पुनर्वास एवं बांध सुरक्षा अधिनियम-2021' पर राज्यस्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान जैसे जल न्यूनता वाले राज्य में बांधों में सहेजी जल की एक-एक बूंद अमृत के समान है। इसी दृष्टि से सरकार बांधों को राज्य की आर्थिक समृद्धि का सूचक और मानवीय महत्ती आवश्यकता मानते हुए उनके बेहतर प्रबंधन की दिशा में कार्यरत है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि बांधों के निर्माण, रोके गए जल के बेहतर उपयोग के लिए तंत्र विकसित करना और जल ढांचों की सुरक्षा हमारी सरकार के लिए वर्तमान में अति महत्वपूर्ण कार्य है। जल संचयन, सिंचाई, बिजली उत्पादन, बाढ़ नियंत्रण और पीने के पानी में बांधों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए हमारी सरकार ने प्रथम बजट में ही वाटरग्रिड की सोच को दर्शाया और अब उस दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बांधों के जरिए डाउन स्ट्रीम में जल की निरंतरता बनी रहे और स्थानीय नदियां पुनर्जीवित हों, ऐसे सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। अभियंता निरंतर निगरानी, संभावित दुष्परिणामों की समय पर सही और सटीक जानकारी और उसके निराकरण की एडवांस तैयारी के लिए प्रोफेशनल एप्रोच अपनाएं।

### अन्य सत्र भी हुए

उद्घाटन सत्र के बाद बांध सुरक्षा एवं प्रबंधन में राज्य सरकार का दृष्टिकोण, बांध सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन में चुनौती व ड्रिप की भूमिका, बेस्ट प्रैक्टिस फॉर डैम सेफ्टी मैनेजमेंट एट बीसलपुर डैम अंडर ड्रिप, डैम रिहैबिलिटेशन वर्क्स एट माही डैम अंडर ड्रिप जैसे सत्रों में विशेषज्ञों ने विचार प्रस्तुत किए। केंद्रीय जल आयोग के मुख्य अभियंता राकेश कश्यप ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बांधों को अधिक सुरक्षित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें राजस्थान की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता रवि सोलंकी ने भी विचार रखे। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, अभियंता और जल प्रबंधन विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# विधानसभा कर्मी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ



**जयपुर (मसं.)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को विधानसभा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्व. गोपाल सिंह की पत्नी पाना कंवर और पुत्र पंकज सिंह को भारतीय स्टेट बैंक की विधानसभा शाखा द्वारा प्रदत्त प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। देवनानी ने विधानसभा कर्मियों का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं में नामांकन कर परिवार की सुरक्षा में भागीदार बनें। इस दौरान विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा की मौजूदगी में एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक एम.जी व्यास और एसबीआई की विधानसभा शाखा के मुख्य प्रबंधक संजय शर्मा ने भी जानकारी दी।

# लोकसभा अध्यक्ष ने गैस रिसाव से प्रभावित बच्चों का जाना हाल



**जयपुर (मसं.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सोमवार को कोटा जिला स्थित जेके लोन अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने गैस रिसाव से प्रभावित बच्चों का हाल-चाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों से बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके समुचित इलाज के निर्देश दिए।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने बच्चों से मुलाकात भी की। उन्होंने बच्चों के इलाज के लिए बने मेडिकल बोर्ड को भी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही प्रशासन को घटना की विस्तृत जांच करने और इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रख रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग और सहायता दी जाएगी। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए फैक्ट्री मालिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित विभागों की जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि बच्चों को अस्पताल से तभी छुट्टी दी जाएगी, जब उनके परिजन पूरी तरह संतुष्ट होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि गैस रिसाव के लक्षणों के रूप में बच्चों की आंखों में जलन, आंसू आना, सांस लेने में परेशानी, गले में जलन और एक अजीब गंध महसूस होने जैसी समस्याएं देखी गईं। यह जांच के बाद स्पष्ट होगा कि गैस रिसाव कैसे हुआ और इसमें लापरवाही हुई या नहीं। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. संगीता सक्सेना, जेके लोन अस्पताल की अधीक्षक डॉ. निर्मला शर्मा सहित विभिन्न विभागों के डॉक्टर मौजूद रहे।


## नैनीताल बैंक

**ई-नीलामी सूचना**

शाखा: ई-69 (बी), बनी पार्क विस्तार, शास्त्री नगर, जयपुर,, फोन- 0141-2281557, 7455802334, ईमेल : *jaipur@nainitalbank.co.in*

**सरफाऐसी अधिनियम 2002 के तहत ऑनलाइन ई-नीलामी माध्यम से आस्तियों की बिक्री**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**जबकि,** नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत नैनीताल बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक **19.06.2021** को एक डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें **कर्जदार 1. इमरान खान पुत्र जाबिर खान 2. रुबीना बानो पत्नी इमरान खान** को नोटिस में उल्लिखित राशि **रु. 40,06,254.86 (रुपये चालीस लाख छह हजार दो सौ चौवन एवं पैसे छियासी मात्र)** को भविष्य के ब्याज और सुरक्षित आस्तियों की सुरक्षा पर आकस्मिक खर्चध्लागत सहित इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है। चूंकि ऋणी उक्त डिमांड नोटिस में मांगे गए अनुसार बैंक को पूरी राशिध्बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, इसलिए बैंक ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियमों के नियम 8 और 9 के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **01.08.2022** को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है, साथ ही बैंक के बकाए की वसूली के लिए उसे बेचने का अधिकार भी दिया है। **धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित संपत्ति(यों) की बिक्री द्वारा बैंक की देनदारियों को वसूलने का प्रस्ताव है। तदनुसार,** एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार एवं जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा नैनीताल बैंक लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा किया गया है, की बिक्री भावी ब्याज, लागत तथा व्ययों सहित नीचे तालिका में वर्णित राशि के लिए नैनीताल बैंक लिमिटेड अर्थात प्रतिभूत लेनदार के बकायों की वसूली हेतु **"जहाँ है जैसे है", "जो है यही है", "जो भी है वहीं है"** तथा **"उपचार रहित"** आधार पर की जायेगी। एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट ***https://sarfaesi.auctiontiger.net*** के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी संचालित करने जा रहे है।

| कर्जदार(रों)/जमानती(यों) का नाम तथा पता | सम्पत्ति का विवरण | धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि<br>धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि तथा कुल बकाया, वसूली को घटाकर, यदि कोई हो | कब्जे की स्थिति | ईएमडी/बिड राशि जमा करने हेतु खाता संख्या | ईएमडी जमा करने की तिथि व समय<br>ई-नीलामी की तिथि व समय | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय | आरक्षित मूल्य<br>ईएमडी<br>बोली बढ़ाने की न्यूनतम राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इमरान खान पुत्र जाबिर खान (कर्जदार), निवासी प्लॉट नं. ए-60, अमानिशा रोड, शास्त्री नगर, जयपुर - 302016<br>2. रुबीना बानो पत्नी इमरान खान (कर्जदार), निवासी प्लॉट नं. ए-60, अमानिशा रोड, शास्त्री नगर, जयपुर - 302016 | बंधक अचल सम्पत्ति (आवासीय फ्लैट) के सभी भाग व हिस्से जो कि फ्लैट सं. 905, 9वीं मंजिल, ट्यूलिप टॉवर, शंकरा रेजीडेंसी ओमेक्स सिटी, अजमेर रोड, जयपुर में स्थित है। क्षेत्रफल 1205 वर्ग फीट। सम्पत्ति उप निबंधक जयपुर- VII के कार्यालय में पुस्तक सं. 1, जिल्द सं. 555, पृष्ठ सं. 184, क्रमांक 201903021108843, सेल डीड, दिनांक 16.09.2019 तथा साथ ही अन्य पुस्तक सं. 1, जिल्द सं. 2221, पृष्ठ सं. 776 से 797, दिनांक 19.09.2019 को इमरान खान पुत्र छोटू पंवार उर्फ जाबिर खान निवासी प्लॉट सं. ए-60, अमनिषा रोड, शास्त्री नगर, जयपुर- 302016 के नाम पर दर्ज है। सीमाऐं - उत्तर में फ्लैट सं. 904, दक्षिण में आर्किड टॉवर, पूरब में गलियारा, पश्चिम में खुला। | 19.06.2021<br>01.08.2022<br>₹ 40,06,254.86 (रुपये चालीस लाख छह हजार दो सौ चौवन एवं पैसे छियासी मात्र) + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य शुल्क | भौतिक | खाता संख्या : 069420920000025 आईएफएससी कोड : NTBL0JAI069 अथवा दि नैनीताल बैंक लि० के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से बैंक की जयपुर शाखा में जमा किया जाये | ईएमडी जमा करने की अन्तिम तिथि 06.03.2025 सायं 04:00 बजे तक<br>ई-नीलामी : 07.03.2025 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित) | 05.03.2025 10.00 AM to 03.00 PM | ₹ 25,60,000.00 (रुपये पच्चीस लाख साठ हजार मात्र)<br>₹ 2,56,000.00 (रुपये दो लाख छप्पन हजार मात्र)<br>₹ 50,000.00 (रुपये पचास हजार मात्र) |

ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियम एवं शर्तों सहित अधिक विवरण के लिए इच्छुक सभी भागीदारों/बोलीदाताओं से वेबसाइट ***https://sarfaesi.auctiontiger.net*** तथा ***www.nainitalbank.co.in*** (बैंक की साइट) देखने का निवेदन किया जाता है और अधिक जानकारी, नियम एवं शर्तें, ई-नीलामी में भाग लेने की प्रक्रिया के लिए बैंक के सेवा प्रदाता ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, श्री राम प्रसाद, सम्पर्क नम्बर **8000023297** तथा ई-मेल : ***ramprasad@auctiontiger.net*** पर सम्पर्क करने की सलाह दी जाती है।

**यह प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत कर्जदार/जमानती/बंधककर्ता के लिए सांविधिक 15 दिवसीय बिक्री सूचना है।**

स्थान : जयपुर, राजस्थान | दिनांक : 18.02.2025 | प्राधिकृत अधिकारी, दि नैनीताल बैंक लिमिटेड





स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासू शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25